चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

वर्ष 5, अंक 14, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप 16

हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते रणबीर 15

## एक नजर

### सिविल सेवा प्री परीक्षा के लिए इंफाल की जगह चुन सकते हैं अन्य केंद्र

**नई दिल्ली।** यूपीएससी ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने इस साल की सिविल सेवा प्री परीक्षा के लिए मणिपुर के इंफाल की जगह अन्य केंद्र चुन सकते हैं। परीक्षा इस साल 16 जून को होगी। यूपीएससी ने फैसला किया है कि जिन्होंने इंफाल चुना है, वह 80 अधिसूचित में से कोई भी केंद्र चुन सकते हैं। यूपीएससी की यह घोषणा दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आई है। आयोग ने कहा कि केंद्र बदलने का विकल्प यूपीएससी की वेबसाइट पर आठ अप्रैल से 19 अप्रैल तक रहेगा। उम्मीदवार सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच अनुरोध भेज सकते हैं।

### नीट-पीजी 2020 बैच की काउंसिलिंग शुरू

**लखनऊ।** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी-2020 बैच के एमडी-एमएस (विशेषज्ञ) चिकित्सकों की तैनाती के लिए काउंसिलिंग सोमवार से शुरू हो गई है। पंजीकरण के साथ ही प्रपत्रों का सत्यापन 12 अप्रैल तक होंगे। अनिवार्य सेवा बांड के तहत इन्हें दो साल के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा संचालित काउंसिलिंग में 12 से 15 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंसदीदा कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी, 15 अप्रैल को ही परिणाम घोषित होंगे। अभ्यर्थियों को 16 से 22 अप्रैल तक कॉलेजों में ज्वाइन करना होगा।

### पूर्व डीजीपी विजय कुमार सपत्नीक भाजपा में शामिल

**लखनऊ।** पूर्व डीजीपी विजय कुमार सोमवार को पत्नी अनुपमा के साथ भाजपा में शामिल हो गए। वह कुछ दिन पहले सेवानिवृत हुए थे, उनके मछलीशहर या कौशांबी से प्रत्याशी बनने की चर्चा भी तेज हो गई है। भाजपा मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उनको सदस्यता दिलाई। झांसी के विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वह 1988 में आईपीएस बने। बतौर ट्रेनी एसपी पहली पोस्टिंग शाहजहांपुर में हुई। गोरखपुर, नैनीताल, बरेली, पीलीभीत, बांदा, महाराजगंज, मुजफ्फरनगर के एसपी रहे। 2000 में गोरखपुर के एसएसपी समेत कई और जोन की जिम्मेदारी संभाली। कार्यवाहक डीजीपी आरके विश्वकर्मा के सेवानिवृत होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी का कार्यभार संभाला। 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत होने के बाद भाजपा में शामिल हुए।

## शोपियां में आतंकियों ने दिल्ली के टैक्सी चालक को मारी गोली

श्रीनगर, एजेंसी

- घायल चालक परमजीत को अस्पताल में कराया गया भर्ती
- पुलिस ने इलाके को घेरकर शुरू किया तलाशी अभियान

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार को आतंकवादी हमले में एक गैर कश्मीरी चालक घायल हो गया। शोपियां के हीरपोरा में आतंकियों ने एक टैक्सी ड्राइवर पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। तलाशी अभियान जारी है।

आतंकवादियों ने दिल्ली निवासी परमजीत सिंह को गोली मार दी। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इलाके को घेर कर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। परमजीत गाड़ी लेकर शोपियां इलाके में आया था। सोमवार देर शाम को आतंकियों ने उसे निशाना बनाकर गोलीबारी की। उसे पास से गोली मारी गई है। गोली चलने की आवाज सुनकर लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे उठाकर इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हमले के बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया है।

### महाराष्ट्र की जनसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दंगा करने वालों को पता है कि यूपी में उल्टा लटका दिए जाएंगे

## मुंबई हमलों के आतंकी अब पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं

वर्धा/भंडारा, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है कि अब मुंबई हमलों के आतंकी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं। महाराष्ट्र के वर्धा और भंडारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहला चुनाव है जिसके परिणाम को लेकर पूरे देश में एकमत है।



- कहा कि 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने देश को पहचान, सुरक्षा सम्मान और समृद्धि दी

जनता भी जानती है कि आएंगे तो मोदी ही।

योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी और बाला साहब ठाकरे के सपनों को केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी की सरकारें पूरा कर रही हैं। कहा कि उत्तर प्रदेश में अब दंगा नहीं होता, क्योंकि दंगा करने वालों को पता है कि यूपी में उलटा लटका दिए जाएंगे। वर्धा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम हर ओर पूरे देश में एक ही भाव है। आजादी के बाद संभवतः यह पहला आम चुनाव है, जिसके परिणाम के बारे में जनता अवगत है कि आएंगे तो मोदी ही। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में मोदी जी ने भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि दी है, गरीब कल्याण के अनेक कार्यक्रम किए हैं। इन्हें ध्यान में रखकर विश्वास से कह सकता हूं कि फिर से आएंगे तो मोदी ही। सीएम ने कहा कि महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। यहां के जरिए उस समय देश के अंदर विदेशी हुकुमत के चूलों को हिलाने के लिए जो अभियान प्रारंभ किया गया था।

### यूपी में अब उपद्रव नहीं, हर ओर कानून का राज

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जिसे पहले उपद्रव प्रदेश कहा जाता था, आज वहां कानून का राज स्थापित हो चुका है। दंगा करने वाले दंगा करना भूल चुके हैं क्योंकि उन्हें पता है कि दंगा किया तो उलटा लटका दिए जाएंगे। हमने जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर तुष्टिकरण नहीं जनता की संतुष्टि के आधार पर काम किया है। उन्होंने कहा कि मध्यकाल में जब यह देश मुगल आक्रांताओं की कुदृष्टि से त्रस्त था तो महाराष्ट्र में एक शक्तिपुंज के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना करते हुए पूरे हिन्दुस्तान को एक नई ज्योति और नई ऊर्जा दी। महाराष्ट्र से निकले उस तेज की आज भी पूरे देश में गूंज है।

## ईडी ने केजरीवाल के पीए और आप विधायक से की पूछताछ

### आबकारी नीति : धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार और आप विधायक दुर्गेश पाठक से आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि कुमार का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज हो रहा है। ईडी इन दोनों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के सिलसिले में कुमार से पूछताछ जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल को पिछले महीने ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं। एजेंसी ने पहले के आरोपपत्रों में आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कुमार सहित कम से कम 36 आरोपियों ने कथित घोटाले में हजारों करोड़ की रिश्वत के सबूत छुपाने को 170 फोन नष्ट किए या बदल दिए।

पिछले साल एक स्थानीय अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र के अनुसार, बिभव के मोबाइल नंबर का आईएमईआई सितंबर 2021 और जुलाई 2022 के बीच चार बार बदला गया। समझा जाता है कि राजिंदर नगर विधायक पाठक को एजेंसी ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 2021-22 चुनाव के संबंध में पूछताछ को बुलाया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 'साउथ ग्रुप' द्वारा दिए 100 करोड़ में से 45 करोड़ का प्रयोग आप ने प्रचार में किया था।




### केजरीवाल पर दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला आज

दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा मंगलवार को दोपहर 2 :30 बजे याचिका पर आदेश सुनाएंगी।

### सीएम पद से हटाने की तीसरी याचिका भी रद

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी याचिका भी सोमवार को रद कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आप के पूर्व विधायक संदीप की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने यह अपने 'व्यक्तिगत प्रचार' के लिए दायर की थी। हाईकोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चार अप्रैल और 28 मार्च को ऐसी ही याचिकाओं को रद किया था।

### कविता की अंतरिम जमानत खारिज



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति 2021-2022 (जो बात में रद कर दी गई) घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान परिषद सदस्य के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) और कविता की दलीलें ने विस्तार से सुनने के बाद 04 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## घोषणापत्र पर मोदी की टिप्पणी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे भी रखे**

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को चुनाव आयोग के समक्ष कहा कि वह इस पर कार्रवाई करें। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा तथा गुरदीप सिंह सप्पल ने यहां निर्वाचन भवन जाकर आयोग से मुलाकात की और इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि आयोग के समक्ष मोदी की सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग, घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताना तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे रखे। खुर्शीद ने आयोग से मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा कहा है, यह दुखद है। आप किसी पार्टी से मतभेद रख सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में ऐसा कहना दुखी करने वाली बात है। मोदी ने यह भी कहा कि यह उन पार्टियों का घोषणा पत्र लगता है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज की आजादी का विरोध कर रहे हैं। हम समझते हैं कि मोदी को ऐसी बात कहने का अधिकार नहीं है। सप्पल ने कहा कि पिछली बार हमने चुनाव आयोग के सामने फ्री-स्पीच और भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए जाने वाले विभाजनकारी पोस्ट का मुद्दा उठाया था। आज हमने आयोग से कहा है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय कई यू-ट्यब चैनल्स को बंद कर रहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि वो फ्री-स्पीच चाहते हैं। हमने तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के एफिडेविट का मामला भी आयोग के सामने रखा है। त्रिपुरा में उम्मीदवारों के सामने चुनाव अधिकारियों द्वारा खड़ी की जा रही बाधाओं पर भी अपनी बात रखी है।

### एनआईए ने टीएमसी के 3 नेताओं को जारी किया समन

**कोलकाता।** एनआईए ने भूपतिनगर विस्फोट मामले में पूछताछ के लिए टीएमसी के तीन नेताओं को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने टीएमसी के तीनों नेताओं को पेश होने को कहा है। टीएमसी के मानब कुमार कराया, सुबीर मैती और नबा कुमार पोंडा को सोमवार को यहां एनआईए अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। पिछले हफ्ते भी जांच एजेंसी ने तीनों को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में टीएमसी के गिरफ्तार किए गए दो नेता हमारे अधिकारियों के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुखों को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** सीबीआई, एनआईए, ईडी और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। टीएमसी के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी। सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा की पश्चिम बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया।

## देश देखेगा रामलला का सूर्याभिषेक

### रामनवमी पर दोपहर 12 बजे रामलला के मस्तक पर 5 मिनट तक पड़ेंगी सूर्य की किरणें

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर रामलला के सूर्याभिषेक के लिए चल रहा परीक्षण सोमवार को सफल हो गया। परीक्षण में जुटे सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों की टीम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बधाई दी है।

राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव ने सोमवार को बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्रीराम का जन्मोत्सव होगा। उस दिन सूर्य की किरण प्रभु श्रीराम के मस्तिष्क पर पांच मिनट तक अभिषेक करेंगी, जिसे पूरे देश के भक्त लाइव देख सकेंगे। रामनवमी के दिन सुबह चार बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक होगा। दोपहर में अभिषेक और श्रृंगार के लिए 20 मिनट कपाट बंद होंगे और 12 बजे आरती के साथ पुनः मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। इस दौरान सूर्य की किरण रामलला के मस्तक को सुशोभित करेंगी। मंदिर के गर्भगृह में चांदी के तख्त पर चांदी के कलश की स्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान को 11 वैदिक ब्राह्मण संपन्न कराएंगे। इसमें रामार्चा, दुर्गा सप्तसती का पाठ, वेद की ऋचाओं का पाठ होगा। अनुष्ठान मंडप के यज्ञशाला में मंत्रोच्चार से आहुतियां डाली जाएंगी। रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे रामलला की दिव्य महाआरती होगी। पूर्वाह्न 11:40 से दोपहर 12 बजे तक के लिए दर्शन थम जाएगा। गर्भगृह के पट खुलते ही शंखनाद के साथ महाआरती होगी।



- श्रृंगार के दौरान 20 मिनट के लिए थम जाएंगे दर्शन-पूजन
- सफल परीक्षण पर सीबीआरआई रुड़की की टीम को ट्रस्ट की बधाई

## सेंसेक्स 75 हजार के करीब, सोने ने भी आकाश छुआ

**मुंबई।** सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। विदेशी निवेशकों के निवेश और रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स 494.28 अंक यानी 0.67% की बढ़त से 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। वह 621.08 तक चढ़कर 74,869.30 अंक तक पहुंचा था। निफ्टी भी 152.60 अंक यानी 0.68% की बढ़त से 22,666.30 अंक पर बंद हुई। वहीं सोना भी 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर पहुंचा। चांदी भी 800 रुपये उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किग्रा की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

## चलती कार में मॉडल से सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गाजियाबाद के रहने वाले हैं तीनों आरोपी, जयपुर से मुरादाबाद लौट रही थी किशोरी
- आरोपियों ने पीड़िता को धौलकुआं से मुरादाबाद लाते समय दिया घटना को अंजाम
- सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट में दर्ज किया गया मामला

**अमृत विचार :** दिल्ली से मुरादाबाद आते समय चलती कार में किशोरी से दुष्कर्म करने मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी भरत सिंह, अनिल व सोनू के विरुद्ध नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वह मॉडलिंग करती है। मॉडलिंग के लिए ही वह 5 अप्रैल को जयपुर गई थी। छह अप्रैल को वह बस से धौलकुआं आई, वहां मेट्रो स्टेशन पर भरत सिंह पुत्र मान सिंह, अनिल पुत्र अग्गन व सोनू पुत्र बसीर मिल गए। भरत के पास कार थी। पीड़िता ने बताया है कि वह भरत को पहले से जानती है। भरत सिंह ने उसका पहले भी फोटोशूट कराया था। भरत ने कहा वह भी मुरादाबाद जा रहा है, उसे भी छोड़ देगा, इस पर वह कार में बैठ गई। वह तीनों के साथ गाजियाबाद पहुंची, भरत व उसके साथियों के साथ एक होटल से खाना खाया व कोल्ड ड्रिंक पी। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद उसे नशा होने लगा। इसके बाद सोनू कार ड्राइव करने लगा और भरत व अनिल उसके कपड़े उतारने लगे। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गई।

होश आने पर उसे समझ आया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। इस पर उसने एक पेट्रोल पंप पर कार रुकवाई और वाशरूम जाने के बहाने फोन से यूपी डॉयल-112 को कॉल किया, फिर आकर कार में बैठ गई थी। तीनों लोग उसे मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के पास होटल में लाए, जहां पहले से बुक किए कमरे में छोड़कर चले गए। कुछ देर बाद होटल में पुलिस आई। पीड़िता ने अपने माता-पिता को भी बुला लिया था। इसके बाद वह माता-पिता के साथ कोतवाली नगर पहुंची और पुलिस को आपबीती बताया।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनों अभियुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

**अध्ययन** | एरीज की टीम में प्रो. दीपांकर बनर्जी, डॉ. एस कृष्णा प्रसाद व डॉ. टीएस कुमार शामिल

## भारतीय युवा वैज्ञानिक खोलेंगे सूर्य के कोरोना का रहस्य

बबलू चंद्रा, नैनीताल



प्रो. दीपांकर बनर्जी



डा. टीएस कुमार



डा. एस कृष्णा प्रसाद

**अमृत विचार :** भारतीय युवा वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना रहस्य को गहराई से समझने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचे हुए हैं। कोरोना वह पहेली है जिसे सूर्य ग्रहण के दौरान ही देखा जा सकता है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के दो युवा वैज्ञानिक डॉ. एस कृष्णा प्रसाद और डॉ. टीएस कुमार के साथ निदेशक दीपांकर बनर्जी भी मौजूद रहेंगे। साल का पहला पूर्ण सूर्यग्रहण भारत से नहीं देखा जा सकेगा। अमेरिका पहुंचे वैज्ञानिकों ने ग्रहण के अध्ययन को लेकर रूपरेखा साझा की है।

ज्ञातव्य हो कि भारत का समर्पित सौर अंतरिक्ष मिशन, आदित्य-एल1 के हालिया लॉन्च ने देश के भीतर सौर भौतिकी अनुसंधान को वैश्विक सुर्खियों के साथ स्थापित कर दिया है। जिस कारण विश्व की नजर भारत के इस मिशन में लगी हुई हैं। आदित्य के इस वर्ष जनवरी में एल1 कक्षा में सफल प्रवेश के बाद सभी 7 पेलोड ने सूर्य और हेलियोस्फीयर की जांच शुरू कर दी है। सूर्यग्रहण के साथ सूर्य के अंदरूनी रहस्य को समझने के लिए यह बेहद उत्तम समय है।

आने वाले महीनों में आसन्न सौर मैक्सिमा के साथ उच्च महत्व की एक और खगोलीय घटना हमारे सामने आने वाली है। पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरन चंद्रमा एक पूर्ण गुप्त भूमिका निभाता है, इसलिए पूर्ण सूर्य ग्रहण सौर वातावरण, विशेष रूप से आंतरिक कोरोना, जहां महत्वपूर्ण गतिशीलता उत्पन्न होती है। जिस कारण सूर्य ग्रहण निरीक्षण के लिए शानदार अवसर है। जिसके ऑब्जरवेशन के लिए एरीज के युवा शोधकर्ताओं की एक टीम उच्च आवृत्तियों पर सूर्य की आंतरिक कोरोना की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए डलास, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका में अभियान चला रही है। ग्रहण के दौरान उत्पन्न होने वाली हरी उत्सर्जन रेखा में सौर कोरोना के उच्च-ताल नैरोबैंड इमेजिंग अवलोकन को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में लाइन उत्सर्जन और निकटवर्ती सतह को देखने के लिए ऑन-बैंड और ऑफ-बैंड का प्रयोग करेंगे। साथ ही ग्रहण के दौरान पृथ्वी के ग्रहण क्षेत्र के वातावरण का अध्ययन भी किया जाएगा।

### सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में छा गया अंधेरा

**रारोटोंगा (अमेरिका)।** उत्तरी अमेरिका में सोमवार को पूर्ण सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में आसमान में अंधेरा छा गया। पूर्ण सूर्यग्रहण कुछ स्थानों पर 4 मिनट, 28 सेकंड तक रहा। महाद्वीपीय उत्तरी अमेरिका में पूर्ण सूर्यग्रहण का अनुभव करने वाला पहला स्थान मेक्सिको प्रशांत तट रहा। उत्तरी अमेरिका में मेक्सिको के प्रशांत तट से लेकर पूर्वी कनाडा तक लाखों लोग इस खगोलीय घटना को देखने के लिए जुटे रहे। भारतीय शोध टीम भी सूर्य ग्रहण के अध्ययन के लिए डलास व टेक्सास में मौजूद रही।

## ग्रामीण बैंक में नकब लगाकर चार लाख रुपये ले गए नकाबपोश

कार्यालय संवाददाता, संभल



- खिड़की की जाली उखाड़कर प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा में घुसे चोर
- वारदात को अंजाम देते तीन बदमाश सीसीटीवी में कैद, धरपकड़ को पांच टीमें

**अमृत विचार :** खिड़की की जाली उखाड़कर प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक के स्ट्रांग रूम में घुसे नकाबपोश बदमाशों ने चार लाख रुपये पार कर दिए। वारदात को अंजाम देते तीनों बदमाश सीसीटीवी में कैद हुए हैं। बैंक में चोरी की सूचना पर पुलिस अधीक्षक पहुंचे और मुआयना किया। बदमाशों की धरपकड़ को टीमों का गठन किया गया है।

नखासा थाना क्षेत्र के देहपा गांव में नकाबपोश बदमाशों ने बैंक शाखा में चोरी को अंजाम दिया। संभल-हसनपुर मुख्य मार्ग पर प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा है, रविवार आधी रात को तीन नकाबपोश पीछे की ओर लगी खिड़की की जाली उखाड़कर भीतर दाखिल हुए। फिर शौचालय में घुसकर स्ट्रांग रूम की दीवार में नकब लगाया और स्ट्रांग रूम में पहुंचे और वहां रखी दो आलमारियों के ताले तोड़कर चार लाख रुपये चोरी कर लिए। सोमवार सुबह बैंक शाखा भवन की पिछली खिड़की की जाली उखड़ी देख लोगों को शक हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर शाखा प्रबंधक बबलू विश्वकर्मा पहुंचे तो देखा कि आलमारियों के ताले टूटे थे और चार लाख की नकदी गायब थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। नखासा थाना पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत पहुंच गए। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। एसपी ने बताया कि बदमाशों की पकड़ के लिए पांच टीमें लगाई हैं।


शुभ नवरात्रि


आप सभी क्षेत्रवासियों को
नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार सक्सेना
प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय,
वहांपुर गंगापुर ब्लॉक बिलासपुर जनपद रामपुर
हरिराम दिवाकर
प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय
कृष्णा नगर ब्लॉक बिलासपुर रामपुर एवं
जिला संरक्षक प्राथमिक शिक्षक संघ रामपुर



Go to serve
SBM ACADEMY
JANUNAGAR, RAMPUR (U.P.)
आप सभी क्षेत्रवासियों को
नवरात्रि की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती कामना शर्मा
प्रबंधक


आईये अपने हिन्दू-राष्ट्र में अपने
हिन्दू नववर्ष
(विक्रम सम्वत् २०८१ चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा ०९, अप्रैल २०२४ (मंगलवार)
का हर्षोल्लस से स्वागत करें
अपने-अपने घरो/प्रतिष्ठानों पर धर्म-ध्वज फहरायें
इस दिन खीर, पूड़ी एवं पकवानों से अपने ईष्ट देवता / गौ माता को भोग लगायें
घर द्वार पर वन्दनवार लगावें, सायं को मुख्य द्वार पर 5 दीपक अवश्य प्रज्ज्वलित करें
घंटे, घड़ियालों से महाआरती में शामिल हों,
अपने ईष्ट मित्रों / परिजनों को चन्दन तिलक लगाकर नव सम्वत्सर 2081
यानि हिन्दू नववर्ष मंगलमय की कामना करें।
Kamal Kishor Rastogi


आप सभी क्षेत्रवासियों को
नवरात्रि की
हार्दिक
शुभकामनाएं
सुधीर कुमार सिंह
प्रबंधक
नेहरू समारक इ० का० रजबपुर


आप सभी क्षेत्रवासियों को
नवरात्रि की
हार्दिक शुभकामनाएं
शशि जैन
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद, अमरोहा


आप सभी क्षेत्रवासियों को
नवरात्रि की
हार्दिक
शुभकामनाएं
अनिल चौधरी
प्रदेश उपाध्यक्ष
अखिल जाट महासभा
गार्गी चौधरी
ग्राम प्रधान गांव मैवला
पत्नी अनिल चौधरी
ब्लॉक अध्यक्ष प्रधान संघ ब्लॉक डिलारी


नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
रजि.
बालाजी कन्सलटैंसी
फाइनेंस एडवाइजर | इण्डस्ट्रीयल लोन
सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
इंडियन बैंक
Indian Bank
DSA- LOAN
स्पेशलिस्टा- कंट्रोल एटमोसफियर, कोल्ड स्टोर, फ्रूट चेम्बर, राईस मिल, ईंट भट्टा, गत्ता फैक्ट्री, दाल मिल, ग्रीन हाउस, वेयर हाउस, मिल्क प्रोडक्ट, भैंसो की डेयरी, बकरी-बकरा व मुर्गी पालन, डिस्पोजल व मिट्टी की क्राकरी, नमकीन, सोयाबीन, कोल्डड्रिंक, टायर प्यर लिसिस, प्लास्टिक प्यर लिसिस (प्लास्टिक to फ्यूल), ऑयल स्पेलर, बेकरी, कुरकुरे, सोया, प्लास्टिक पाइप, कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट (बायो सीएनजी), वेस्ट टू एनर्जी, पेपर, कप, नैपकीन, टिशू पेपर, मिट्टी क्राकरी, फ्लोर मिल, कोल्ड रूम आदि (100 करोड़ रूपये तक) ऋण का सरकारी सब्सिडी का स्तर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में 90 प्रतिशत तक प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें।
सन्तोष कुमार
Mob:- 9917519347
E-mail:balajiconsultancy101@gmail.com
केवल 25 लाख से 100 करोड़ तक का लोन प्राप्त करने वाले संपर्क करें
Toll Free No.: 18002576547

## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र मंगलवार 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। बुधवार को माता का आगमन अश्व पर और 17 अप्रैल को प्रस्थान हाथी की सवारी से होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। रामनवमी 17 अप्रैल को है। 18 अप्रैल को नवरात्र का पारण होगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए यह बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं शिवायै नम:।

# डूंगरपुर मामले में वीसी के जरिए हुए पेश आजम और बरकत, आज होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। जेल में बंद सपा नेता आजम खां और बरकत अली वीसी के जरिए पेश हुए। दोनों के बयान दर्ज हुए। अब इस मामले में मंगलवार को सुनवाई होगी।

सपा के शासनकाल में 2019 में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर घरों में घुसकर तोड़फोड़, लूटपाट का आरोप लगाते हुए कई मुकदमे दर्ज कराए गए थे। इनमें आरोप लगाया था कि मकान खाली कराने के लिए तत्कालीन सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली ने आजम खां के कहने पर घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की तथा सामान भी ले गए थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। सोमवार को जेल में बंद सपा नेता आजम खां और बरकत अली वीसी के जरिए पेश हुए। जहां दोनों के बयान दर्ज हुए। अब इस मामले में मंगलवार को सुनवाई होगी। डूंगरपुर के दूसरे मामले में एसआई अजय कुमार ने बयान दर्ज कराए। इस मामले में 10 अप्रैल को सुनवाई होगी।

**एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में लगातार लग रही हैं तारीखें**

### अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में दो गवाह हुए उन्मोचित

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। अब इस मामले में 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। अभियोजन की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र के बाद दो गवाहों को उन्मोचित कर दिया गया है। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि एक पासपोर्ट में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 है, जबकि दूसरे पासपोर्ट में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। बचाव पक्ष की ओर से गवाही चल रही है। सोमवार को इस मामले में सुनवाई हुई। इसके बाद दो गवाहों को उन्मोचित कर दिया गया है। अब 10 अप्रैल को सुनवाई होगी।

## क्षेत्र की जनता को अग्निशमन केंद्र की स्थापना का मिलता रहा सिर्फ आश्वासन

# लोगों के लिए सपना है अग्निशमन केंद्र की स्थापना

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र की स्थापना न होने के कारण जनता को नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों व सामाजिक संगठनों द्वारा जनप्रतिनिधियों से कई दशक से अग्निशमन केंद्र की मांग की जा रही है। चुनाव आने पर जनप्रतिनिधि वादा तो करते है लेकिन जीतने के बाद वादे हवा हवाई हो जाते हैं। इसलिए क्षेत्र की जनता के लिए अग्निशमन केन्द्र की स्थापना सपना बनकर रह गई है।

तहसील क्षेत्र में धान, गेहूं व गन्ने की खेती बडे. स्तर पर की जाती है। हर साल अग्निकांड की घटनाओं से किसानों के खून-पसीने से तैयार की गई सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख हो जाती है। अग्निशमन केन्द्र खोलने के लिये किसान संगठन आंदोलन भी करते रहते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी अग्निशमन केंद्र की मांग की, लेकिन इसे अनदेखा कर दिया जाता है। क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र नहीं बनने से किसानों में मायूसी है। जनप्रतिनिधियों के सामने भी अग्निशमन केंद्र स्थापित करने की मांग कई दशकों से की जा रही है। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस समस्या के समाधान का प्रयास तक नहीं किया। अग्निकांड की बड़ी घटना होने पर जिला मुख्यालय या उत्तराखंड से फायर टेंडर बुलाने पड़ते हैं। जिले की अपेक्षा उत्तराखंड के वाहन नजदीक होने के कारण शीघ्र पहुंच जाते हैं। अग्निशमन केन्द्र की स्थापना न होने से किसानों व क्षेत्रवासियों में जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश है।



तहसील में हर साल किसानों की फसल में लगने वाली घटनाओं से सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि वाकिफ हैं। आग लगने से लाखों रुपये की फसल जल जाती है। लेकिन जनप्रतिनिधि इस समस्या को सुलझाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। **- अरशद अली आजाद, जिला सचिव, भाकियू तोमर**



आग की घटनाओं से किसानों की लाखों रुपये की फसल जलकर राख हो जाती है। चुनाव आने पर जनप्रतिनिधि वादा तो करते हैं लेकिन जीतने के बाद वादा भूल जाते हैं। अग्निशमन केंद्र खोलने में देरी क्यों हो रही हैं। **- शारिक इकबाल, जिलाध्यक्ष, भाकियू तोमर**



आग की घटनाओं पर तत्काल काबू करने के लिए अग्निशमन केन्द्र की स्थापना की मांग लगातार की जा रही है। आज तक समस्या का हल नहीं हो सका है। इसके कारण जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता में नाराजगी है। **- परवेज खां, किसान**



किसी भी जनप्रतिनिधि ने आज तक अग्निशमन केन्द्र की स्थापना को लेकर कुछ नहीं किया। जनप्रतिनिधि इस समस्या के प्रति गंभीर ही नहीं है। इसके गंभीर परिणाम हर साल किसानों को भुगतने पड़ते हैं। **- नईम अली, किसान**

# मानव श्रृंखला से मतदाताओं को किया जागरूक

## जिलाधिकारी समेत 52 स्कूलों के बच्चे रहे शामिल, 19 अप्रैल को मतदान के लिए किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मानव श्रृंखला में खड़े जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार



मानव श्रृंखला में जागरूकता पोस्टर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 52 स्कूलों के छात्र-छात्राओं समेत अधिकारियों ने 12 किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाई। 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार दिया गया है। प्रत्येक मतदाता की यह जिम्मेदारी है कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे।

लोकसभा चुनाव के लिए जनपद में 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान प्रक्रिया में अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए से प्रशासनिक स्तर से लगातार जागरुकता से जुड़ी गतिविधियां कराई जा रही हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल ने मतदाता जागरुकता थीम पर आधारित 12 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला के साथ जुड़कर लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। बताया कि प्रशासन द्वारा प्रतिदिन विभिन्न जागरुकता गतिविधियों को आयोजित कराने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोग अपने मताधिकार के महत्व को समझें। 19 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस के दौरान घरों से निकलकर मताधिकार का प्रयोग करके एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाएं।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 52 विद्यालयों के बच्चों ने आंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट, गांधी समाधि सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए रजा डिग्री कॉलेज तक 12 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाते हुए विभिन्न जागरुकता थीम पर आधारित पोस्टर्स के साथ मतदाताओं को जागरूक किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, स्वीप आइकॉन तृप्ति माहौर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



मंडी समिति में तैयारियों का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह।


# ईवीएम की कमिशनिंग को लेकर जिलाधिकारी ने देखीं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार से नवीन मंडी परिसर में ईवीएम की कमिश्निंग का कार्य शुय हो रहा है। ईवीएम कमिशनिंग की निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि कमिशनिंग प्रक्रिया से संबंधित कोई भी अधिकारी और कर्मचारी बिना आईडी कार्ड मंडी परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। संबंधित एसडीएम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी दशा में कोई भी कर्मचारी मोबाइल फोन नहीं लाएगा। कमिशनिंग प्रक्रिया आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा के विभिन्न आयामों का अनुपालन निश्चित करते हुए कराई जानी है। उन्होंने सभी एसडीएम को अपनी देखरेख में तैयारियां पूर्ण कराते हुए समयबद्ध तरीके से कमिशनिंग कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमसिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन सहित समस्त एसडीएम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



- चाह सोतियान स्थित लक्ष्मी मंदिर में मां शैली पुत्री की पूजा-अर्चना प्रात: 6:30 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की विकास भवन में पंचायत दोपहर 12:30 बजे।

## एक नजर

### चुनाव को लेकर की चर्चा



**रामपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी के कोआर्डीनेटर आकाश आनंद से जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर से चर्चा की। उन्होंने जिलाध्यक्ष से चुनाव के बारे में जानकारी ली। सोमवार को बरेली हाईवे स्थित एक होटल में वार्ता हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने जनपद की सीट के बारे में जातिगत आंकड़ों के बारे में समझाया। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने कोआर्डिनेटर से कहा कि सीट निकल रही है।

# कुंदनपुर के जंगल में चहलकदमी करता दिखाई दिया तेंदुआ, दहशत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के कुंदनपुर के जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से किसान दहशत में आ गए। वह काम छोड़कर खेतों से दौड़कर घर आ गए। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। इस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश में जंगल में कांबिंग की।

कुंदनपुर के भूडिया फॉर्म के निकट गुरमुख सिंह रविवार की रात लगभग आठ बजे पालेज की सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान उन्हें तेंदुआ चहलकदमी करता हुआ दिखाई दिया। यह देख किसान के होश उड़ गए और उसने घर की ओर दौड़ लगा दी। आसपास के किसानों को तेंदुआ होने की जानकारी दी। इस पर तमाम किसान रात में ही मौके पर इकट्ठा हो गए। लाठी-डंडे लेकर तेंदुए को तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। रात में ही किसानों ने वन अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। लेकिन वन विभाग के अधिकारी रात में मौके पर नहीं पहुंचे। सोमवार की सुबह वन विभाग को फिर से सूचना दी गई।

वन दरोगा शील कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम कुंदनपुर के जंगल गई और तेंदुए की तलाश में कांबिंग की। लेकिन तेंदुए के पद चिन्ह नहीं मिल सके। वन दरोगा ने तेंदुए की सूचना को अफवाह बताया है।

## नवविवाहिता ने पति पर लगाया बात न करने का आरोप

**सैदनगर, अमृत विचार :** शादी के एक माह बाद ही पत्नी ने पुलिस से पति की शिकायत कर दी। आरोप है पति उससे बात नहीं करता। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला क्षेत्र की खौद चौकी के एक गांव का है। गांव निवासी युवक की शादी एक माह पहले ही उत्तरांचल निवासी युवती से हुई थी। शादी के बाद जैसे ही दुल्हन घर आई पति ने ससुराल वालों पर दुल्हन बदलने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने युवक को किसी तरह शांत तो कर दिया मगर उसने दुल्हन से कोई बात नहीं की। एक महीने तक इंतजार करने के बाद भी पति ने बात नहीं की तो वह भड़क गई और हंगामा शुरू कर दिया। उसने मायके वालों को भी बुला लिया। संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में पंचायत हुई। युवती ने बताया कि एक महीने बाद भी पति ने उससे बात नहीं की है। जबकि युवक ने अपने ससुराल वालों से कहा कि रिश्ते के समय दूसरी लड़की दिखाई गई थी और शादी दूसरी से करा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आज कोर्ट में हाजिर हो सकते हैं सोना तस्कर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत से फरार हुए नगर के 30 आरोपियों की गिरफ्तारी के मामले में कस्टम विभाग एवं टांडा पुलिस छापेमारी कर रही है। जबकि लखनऊ पुलिस छह तस्करों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए समूह का संचालन करने वाले सरगनाओं पर दबाव बना रही है। सूत्रों की माने तो 29 तस्कर चार अप्रैल को लखनऊ हवाई अड्डे से फरार हुए थे। उनकी मंगलवार को हाजिर होने की तारीख है। सोना तस्करों ने सोमवार को जमानत के लिए अपना वकील कर लिया है।

लखनऊ एयरपोर्ट से 29 सोना तस्करों के एक साथ फरार होने का मामला बेहद गंभीर हो गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ से कस्टम अधिकारियों एवं पुलिस की टीम नगर में कई दिन से दबिश दे रही है, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली है। अब स्थानीय पुलिस भी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। नगर में चर्चा है कि कुछ आरोपी युवक और उनके सरगना लखनऊ स्थित संबंधित न्यायालय में अधिवक्ताओं के संपर्क में भी हैं। मौजूदा समय में सोना तस्करी को लेकर कस्बा टांडा दूर-दूर तक चर्चाओं में है। यहां के कुछ बड़े लोगों ने मामूली पैसों का लालच देकर युवाओं को इस धंधे में धकेल दिया है। उनके पकड़े जाने पर सरगना स्वयं मामले की पैरवी करते हैं। कस्टम विभाग और लखनऊ पुलिस के साथ ही अब इस मामले में स्थानीय पुलिस भी पूरी तरह सक्रिय हो गई।

टांडा में सोना तस्कर के किसी भी आरोपी को नहीं पकड़ा गया है। एक युवक को चरस के साथ पकड़ कर जेल भेजा गया है। किसी सोना तस्कर को चरस में नहीं भेजा गया है। लखनऊ में छह सोना तस्करों को पकड़ कर जेल भेज दिया गया है। **-सुरेंद्र पचौरी, प्रभारी, टांडा**



## एक नजर

### रामपुर में प्रचंड बहुमत से खिल रहा कमल : ब्रजेश

**रामपुर, अमृत विचार :** हाईवे स्थित भारत गार्डन में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हुई जनसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर डिटी सीएम ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्री पहुंचे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने भारत माता की जय के उदघोष से अपने भाषण की शुरूआत की। कहा कि रामपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए जनसभा में हम सबके अभिभावक और सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और करोड़ों नौजवानों के दिलों की धड़कन राष्ट्रीय अध्यक्ष उपस्थित हुए हैं। कहा कि रामपुर के लोगों की तरफ से भरोसा दिलाता हूं कि सांसद ने यहां काम किया है। इसलिए मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि रामपुर की तस्वीर और तकदीर बदल चुकी है। प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी एक तरफा चुनाव जीत रहे हैं। दावा किया कि रामपुर में कमल प्रचंड बहुमत से खिल रहा है।

### शांतिभंग में दो का चालान

**सैफनी, अमृत विचार :** पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के चलते दो लोगों का चालान किया है। सोमवार को पुलिस ने क्षेत्र के पट्टी फैजुल्लाबाद गांव निवासी उरमान पुत्र धान सिंह और उसके भाई शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बोले-कोई बेल पर है और कोई जेल में

## विपक्ष पर साधा निशाना, सरकार की योजनाएं गिनाईं, पार्टी के कार्यकर्ताओं में भरी ऊर्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


जनसभा में बोलते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा। ● अमृत विचार


राष्ट्रीय अध्यक्ष को गदा भेंट करते भाजपाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई बेल पर है और कोई जेल में है। हाइवे स्थित भारत गार्डन में सोमवार की दोपहर जन सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज अगर हमारी माताएं, बहनें और बच्चियां सुख शांति से स्कूल-कॉलेज जाती हैं तो यह माहौल भारतीय जनता पार्टी की सरकार की वजह से बना है। इससे पहले उन्होंने भमरौआ शिव मंदिर को प्रणाम किया। रामपुर जनपद की नींव रखने वाले राजाराम सिंह कटारिया को भी प्रणाम किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इससे पहले जब वह रामपुर आए थे तब तस्वीर कुछ और थी। माफिया राज था और लोगों का अपहरण होता था। व्यापारियों से वसूली होती थी। इसके कारण उन्हें व्यापार करने में परेशानी होती थी। कहा कि उन्हें वायलिन भेंट में दिया गया। एक जमाने में रामपुर चाकू और हिंसा के लिए मशहूर था। लेकिन, आज वायलिन दुनिया में मशहूर हो गया है। यह रामपुर में बहुत बड़ा बदलाव है। उन्होंने कहा कि रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे घनश्याम सिंह लोधी को चुनाव जिताना है। तभी नरेंद्र मोदी 400 पार से प्रधानमंत्री बनेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री ने राजनीति का कल्चर बदल डाला है। पहले हिन्दू-मुसलमान और वोट बैंक की राजनीति करते थे। लोगों को बांट कर राजनीति करते थे। लेकिन प्रधानमंत्री ने राजनीति की परिभाषा बदल दी है। आज विकास की राजनीति है। सबका साथ और सबका विकास के मंत्र पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सबको साथ लेकर चलने का काम किया है। भारत की अर्थव्यस्था 11वें नंबर पर थी। ब्रिटेन जैसे देश को पछाड़ कर भारत पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था हो गया है। मोदी सरकार बनने पर अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। भारत ने जापान को पछाड़ दिया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना में 28 करोड़ महिलाओं के खाते खुले हैं और उनका सशक्तिकरण हुआ है। प्रधानमंत्री ने चिंता करके गांव, गरीब, युवा, दलित, किसान, आदिवासी और पिछड़े वर्ग को मुख्य धारा में शामिल किया। देश की 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इसमें 15 करोड़ लोग उत्तर प्रदेश के भी शामिल हैं। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं।

उन्होंने लोगों से पूछा कि किसान सम्मान निधि मिल रही है कि नहीं। जवाब आया कि मिल रही है। इसके अलावा उज्जवला योजना के बारे में बताया कि रामपुर में दो लाख 30 हजार लोगों को गैस का कनेक्शन मिला है। साढ़े ग्यारह करोड़ लोगों को घर नल और हर घर जल दिया गया। रामपुर में दो लाख 30 हजार लोगों को हर घर नल दिया गया है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर उत्तर प्रदेश में बनाया गया। इससे विकास की गंगा बह रही है। उत्तर प्रदेश में 27 नये मेडिकल कालेज दिए गए हैं।

इसे आगे बढ़ाने के लिए घनश्याम सिंह लोधी को दिल्ली पहुंचना चाहिए। उन्होंने शहर विधायक आकाश सक्सेना द्वारा ज्वालानगर में बनवाए गए स्वानिधि गलियारे की बात भी की। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश के रूप में आगे बढ़ा है। घमंडिया गठबंधन के बारे में कहा कि भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे। इंडिया गठबंधन कहता है कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी या उनके पार्टी के पी चिदंबरम, लालू यादव, संजय सिंह, बेल पर है कि नहीं हैं। कहा कि हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन और तो और यहां के पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां भी जेल में हैं कि नहीं है। कहा कि सभी घमंडिया गठबंधन के लोग बेल पर हैं या जेल में हैं।

### कई मंत्रियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को करीब 12 बजे पुलिस लाइन में हेलीपैड पर उतरे। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें कार्यक्रम स्थल पर ले जाया गया। वह पहली बार रामपुर आए। उनका कार्यकर्ताओं और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्रियों ने स्वागत किया। भाजपाइयों ने उन्हें माला पहनाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

### यह लोग रहे मौजूद

मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, क्लस्टर इंचार्ज जसवंत सैनी, प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, विधायक आकाश सक्सेना, राजबाला, शफीक अंसारी, चुनाव प्रभारी हरि सिंह ढिल्लो, सह प्रभारी मंजू दिलेर, जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला प्रभारी राजा वर्मा, चुनाव संयोजक सुरेश गंगवार, सहसंयोजक मोहनलाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, हरीश गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, अपना दल के अध्यक्ष घनवीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# राजेंद्र लोधी बने महासंघ के जिला संरक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



नए पदाधिकारियों का स्वागत करते संजय गुप्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष गेंदनलाल सैनी ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी को जिला संरक्षक और बार के महामंत्री शिव नरेश तोमर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है।

विश्व हिंदू महासंघ के कार्यालय पर सोमवार को हुई बैठक में जिलाध्यक्ष गेंदनलाल सैनी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया। इस दौरान विनोद कश्यप को जिला उपाध्यक्ष, मुरारी लाल को मंडल प्रभारी गोरक्षा प्रकोष्ठ, जयवीर सिंह को जिलाध्यक्ष गोरक्षा, विश्वास कुमार को जिला उपाध्यक्ष, गुरमन सिंह को बिलासपुर का तहसील अध्यक्ष, डालचंद दिवाकर को तहसील अध्यक्ष टांडा, तारा सिंह सैनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष टांडा तहसील, राहुल सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष, पूनम शर्मा को जिलाध्यक्ष महिला मातृशक्ति, रेखा सक्सेना को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला मातृ शक्ति, मीना शर्मा को जिला महामंत्री महिला मातृशक्ति नियुक्ति किया गया। अध्यक्षता विश्व हिंदू महासंघ हस्तिनापुर संभाग के प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश संजय गुप्ता ने की। कार्यक्रम की रूप रेखा जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री विपिन कुमार सिंह व नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने तैयार की। संचालन आलोक अग्रवाल ने किया। इस मौके पर काफी लोग मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

▸▸ **वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने शिव नरेश तोमर, काफी लोग रहे मौजूद**

## जनपद की सीमा में घूम रहा जिला बदर गिरफ्तार

**सैफनी, अमृत विचार :** पुलिस ने जिला बदर किए गए युवक को गिरफ्तार किया है। वह चाकू लेकर जनपद की सीमा में घूम रहा था। आरोपी का चालान कर दिया गया है।



नगर के मोहल्ला आंबेडकर निवासी सनी को पुलिस ने एक मार्च को अदालत के आदेश पर छह महीने के लिए जिला बदर किया था। पुलिस ने उसे जनपद की सीमा के बाहर छोड़ दिया था। सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सनी को नगर के इंटीग्रल डिग्री कॉलेज के पास घूमते हुए गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से चाकू मिला। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है।

# चैत्र नवरात्र आज से, मां शैल पुत्री की होगी पूजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


नवरात्र के लिए पूजा का सामान खरीदते भक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आज से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों और घरों में साफ-सफाई का काम तेजी से चल रहा है। सुबह से मंदिरों में पुजारी द्वारा देवी स्थान पर साफ-सफाई की गई। आज माता के पहले स्वरूप मां शैलीपुत्री की पूजा-अर्चना होगी।

चैत्र नवरात्र में काफी संख्या में भक्त पूजा-अर्चना करके माता के व्रत रखते हैं। नवरात्र की पूर्व संध्या पर मंदिरों व घरों में पूजा वाले स्थान को महिलाओं ने साफ किया। माता के स्थान की अच्छी तरह से साफ-सफाई की। मंदिरों में भी तेजी के साथ साफ-सफाई की जा रही है। ताकि मंगलवार से पूजा-अर्चना की जा सके। चैत्र नवरात्रि का आज पहला दिन है। हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना की जाती है। साथ ही नौ दिन तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की उपासना की जाती है। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विधान है। मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प होता है। दुकानों पर सुबह से ही माता के श्रृंगार का सामान खरीदने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिरों को झालरों से सजाने का काम चल रहा है।

### चैत्र नवरात्र में कलश स्थापना की पूजा विधि

पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि नवरात्रि पर मां दुर्गा की उपासना का विशेष महत्व है। नौ दिन तक उपवास रखा जाता है। नवरात्र के पहले दिन घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाए जाते हैं। देवी को श्रृंगार का सामान, नारियल-चुन्नी अवश्य चढ़ाएं। पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाएं। कुछ स्थानों पर देवी मां की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाए जाते हैं।

### नौ दिन इन देवियों की पूजा-अर्चना की जाएगी

| नवरात्र | देवियों के नाम |
|---|---|
| पहला दिन | मां शैलपुत्री |
| दूसरा दिन | मां ब्रह्मचारिणी |
| तीसरा दिन | मां चंद्रघंटा |
| चौथा दिन | मां कुष्मांडा |
| पांचवां दिन | मां स्कंदमाता |
| छठा दिन | मां कात्यायनी |
| सातवां दिन | मां कालरात्रि |
| आठवां दिन | मां महागौरी |
| नौवां दिन | मां सिद्धिदात्री |

▸▸ **दुकानों पर सामान खरीदने वालों की सुबह से लग रही भीड़**

▸▸ **मंदिरों को झालरों से सजाने का किया जा रहा है काम**

## अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में सोमवार को गवाह प्रवीण कटियार से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इस मामले में 12 अप्रैल को सुनवाई होगी।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है।

सोमवार को गवाह प्रवीण कटियार से जिरह हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में 12 अप्रैल को सुनवाई होगी।

# माता के जयकारों के बीच निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, मसवासी


कलश यात्रा निकालतीं मिलक खौद की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर मोतीपुरा खोद के तमाम ग्रामीणों ने महिलाओं के साथ डीजे की धुन पर कलश यात्रा निकाली। माता रानी के जयकारे भी लगाए।

सोमवार को खौद कलां ग्राम पंचायत के ग्रामीण चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर कलशों में जल लेने के लिए पट्टी कला के कोसी पुल पहुंचे। विधि-विधान के साथ कलशों में जल भरा। पूजा-अर्चना के बाद जयकारों लगाते हुए कलश यात्रा लेकर गांव पहुंचे। कलश यात्रा का गांव मिलक नौ खरीद, रहमतगंज, करीमपुर, मंसूरपुर, खुशहालपुर के तिराहे पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कलश यात्रा का मसवासी में भी सामाजिक संगठनों ने शरबत पिलाकर स्वागत किया। बिजारखाता में भी कलश यात्रा का स्वागत किया। खोद कलां में देवी स्थान पर पूजा-अर्चना के बाद जलाभिषेक किया गया। कलश यात्रा में शशि मौर्य, शकुंतला, प्रिया, सुभानी, कुसुम, मोनिका, कविता, अलका, रजनी, ममता, चमन मौर्य, रेखा कुमारी, शगुन, राधिका, खुशबू, हरपाल सिंह, गंगाराम, रवि पुजारी, देवराज सिंह, शिव कुमार, गिरीश कुमार, यशपाल सिंह, प्रमोद सागर, इंद्रपाल सागर, दिनेश कुमार, गोवर्धन, राकेश, धर्मपाल, सागर कुलदीप कुमार शामिल रहे।

## होती रही तैयारियां, स्वास्थ्य मंत्री का कार्यक्रम टला

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक का सोमवार को जिला अस्पताल आने का कार्यक्रम रद हो गया। उनके आगमन को लेकर दिनभर अस्पताल में साफ-सफाई होती रही। इतना ही नहीं दो बजे के बाद भी काफी देर तक अस्पताल खुला रहा।

भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह के समर्थन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक रामपुर आए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली कि वह जिला अस्पताल भी आएंगे। स्वास्थ्य मंत्री के आने का मैसेज मिलते ही इमरजेंसी, जनरल, पुरुष सर्जिकल, महिला और आर्थो वार्ड में दिनभर साफ-सफाई होती रही। सीएमएस डा. एचके मित्रा ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के आगमन की सूचना मिली थी, मगर वह नहीं आए। उनके आगमन को लेकर सारी व्यवस्थाएं कराई गई थीं।

# माहवारी में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गाजियाबाद से आये आयुरजीवनम के डा. नवीन चौहान ने कहा कि प्रीमेंस्टुअल सिंड्रोम (पीएमएस) लक्षणों का एक समूह है। यह मासिक धर्म से एक या दो सप्ताह पहले होता है। इसमें स्तन कोमलता, हाथों और पैरों में सूजन, भोजन की लालसा, सोने में कठिनाई आदि लक्षण नजर आते है। साथ ही मूड में बदलाव और परेशान, चिड़चिड़ा या चिंतित महसूस होना भी है। प्रीमेंस्टुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर (पीएमडीडी) मानसिक विकार है। यह किसी व्यक्ति की काम करने, मेलजोल बढ़ाने और स्वस्थ रिश्ते बनाने की क्षमता को कमजोर करता है।

पटवाई के महमूदपुर में आयुरजीवनम की ओर से महिलाओं के मासिक धर्म एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं जांच शिविर का आयोजन हुआ। इसमें आयुरजीवनम चिकित्सक डॉ. कुलदीप चौहान ने बताया कि एस्ट्रोजेन, प्रोजेस्टेरोन और गोनाडोट्रॉफिन (एलएच और एफएसएच) जैसे प्रजनन हार्मोन, मासिक धर्म चक्र में उतार-चढ़ाव करते हैं। इसका शरीर के साथ ही मनोदशा और भावनाओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने कहा कि माहवारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की जांच और देखभाल जरूरी है। महिलाओं की मनोवैज्ञानिक सलाहकार सीता देवी एवं नोरीन ने कहा कि मासिक धर्म के समय महिलाओं को कई तरह की सामान्य समस्याओं से जूझना पड़ता है। अकेलापन और पोषण की कमी इस समस्या को और बढ़ा सकती है। शिविर के प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि इस दौरान 15 से 35 वर्ष की 34 महिलाओं ने मासिक धर्म एवं मानसिक स्वास्थ्य पर निःशुल्क परामर्श एवं दवा लीं। अन्य प्रकार के रोगियों की संख्या 67 रही।

इस दौरान डॉ चेतन, नीरज जौहरी, प्रेम सिंह, सीता देवी, नोरीन अनवर, डॉ नवीन चौहान, राकेश आदि मौजूद रहे।

**राहत** डेंगू, डायरिया और बुखार के रोगियों का करेंगे उपचार

# जिला अस्पताल को एक वर्ष बाद मिला सर्जन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में एक वर्ष बाद सर्जन की नियुक्ति हुई है। सर्जन की नियुक्ति वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से हुई है। वह सप्ताह में गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को ओपीडी, जबकि सोमवार व बुधवार को सर्जरी करेंगे। यही नहीं अस्पताल में एक ओर फिजिशियन की तैनाती हुई है। वह डेंगू, डायरिया और बुखार के रोगियों को परामर्श देंगे।

जिला अस्पताल में सर्जन के दो पद स्वीकृत हैं। इसके लिए कई बार अस्पताल प्रशासन ने शासन को लिखा। इस पर शासन ने 2022 में संभल में तैनात डा. राजेश कुमार को जिला अस्पताल की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी थी। वह सप्ताह में तीन दिन ओपीडी और दो दिन सर्जरी करते थे। लेकिन वह यहां ज्यादा दिन तक रुक नहीं पाए। उन्होंने सिर्फ पांच माह ही सेवाएं दी। इसके बाद उन्होंने किन्हीं कारणों के चलते इस्तीफा दे दिया। इसके बाद यहां एक वर्ष तक किसी भी सर्जन की नियुक्ति नहीं हुई।

अस्पताल में सर्जरी न होने की वजह से मरीज निजी चिकित्सकों के यहां जाने को मजबूर थे। ऐसे में जिला अस्पताल प्रशासन ने दोबारा से शासन को लिखकर भेजा। तब वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से सर्जन डा. आरिफ रसूल की नियुक्ति हुई है। इसके अलावा अस्पताल प्रशासन के लिए राहत भरी खबर यह भी है कि यहां फिजिशियन डा. हसीब सिद्दीकी की भी तैनाती हुई है। वह डेंगू, डायरिया और बुखार के रोगियों को देखेंगे।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार चिकित्सकों की तैनाती के लिए हर माह शासन स्तर से पत्राचार किया जा रहा है। चिकित्सकों की तैनाती जल्द होने की उम्मीद है।

### नहीं है चर्म रोग विशेषज्ञ

जिला अस्पताल में चर्म रोग विशेषज्ञ नहीं होने से मरीजों को निजी अस्तपतालों का रुख करना पड़ रहा है। यहां चर्म रोग के 20-30 मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए आते हैं। इनका इलाज भी सामान्य चिकित्सक करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को काफी दिक्कत होती है। अस्पताल में तैनात चर्म रोग विशेषज्ञ एक साल पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसके बाद उनकी जगह किसी चर्म रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं की गई है।

> जिला अस्पताल में एक सर्जन और एक फिजिशियन की तैनाती हुई है। सर्जन की तैनाती वॉक इन इंटरव्यू के जरिए, जबकि फिजिशियन की तैनाती शासन से हुई है। जिन डॉक्टरों की पद रिक्त चल रहे हैं, उनके लिए शासन स्तर से पत्राचार किया जा रहा है। -डा. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्साधीक्षक


यज्ञ में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

# जन्म से लेकर मरण तक यज्ञ का विधान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिलाध्यक्ष मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि हमारी परंपराओं को जीवंत रखने के लिए त्योहारों को भारतीय रीति-रिवाज के अनुसार मानना चाहिए। यज्ञ हमारी वैदिक संस्कृति का परिचायक है। भारतीय संस्कृति यज्ञ की संस्कृति है। जन्म से लेकर मरण तक सभी अवसरों पर यज्ञ का विधान है।

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर यज्ञ का आयोजन किया। मुख्य यजमान जिलाध्यक्ष मुनीश चंद्र शर्मा और सुधा शर्मा ने भगवान परशुराम की पूजा की। इसके बाद पदाधिकारियों ने यज्ञ में आहुतियां दीं। प्रार्थना व आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कविता दीक्षित और शालिनी पांडेय ने भजनों सुनाए।

इस अवसर पर सौरभ पाठक, विकास पांडेय, पुनीत शर्मा, विकास शर्मा, सुषमा पांडे, सुधा शर्मा, कविता दीक्षित, शालिनी पांडेय, भावना, अंबर वशिष्ठ, डॉ. व्योम वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

**अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा-** **फार्मेट सी-1**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)

अभ्यर्थी का नाम एवं पताः मोहिब्बुल्लाह पुत्र मोहम्मद अली निवासी ग्राम रजानगर, तह. स्वार जिला रामपुर(उ.प्र.)

राजनैतिक दल का नाम : समाजवादी पार्टी

(निर्दनीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखे)

निर्वाचन का नाम : लोकसभा

* निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 07 लोकसभा रामपुर

मै. मोहिब्बुल्लाह (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं:

(क) लंबित आपराधिक मामले

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं० एवं तारीख | मामले (मामलों की) स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1- | न्यायालय नं.2 फैमिली कोर्ट आगरा | केस नं.2448/2019 | विचाराधीन | धारा 127 सीआरपीसी |
| 2 | सिविल जज (जू.डि.)/ एफ.टी. सी., आगरा | केस नं. 1025/2017 | विचाराधीन | धारा 12डीवी एक्ट |
| 3 | 7th ए.सी.जे.एम. आगरा | केस नं. 4871/2015 | विचाराधीन | धारा 498ए/323/504/506 आईपीसी 3/4 डी.पी. एक्ट |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्ध के मामलों के संबंध में विवरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
|---|---|---|---|
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* राज्यसभा के निर्वाचन या विधानसभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



रमजान मुबारक

**9 अप्रैल, इफ्तार**
सुन्नी– 6 बजकर 42 मिनट
शिया– 6 बजकर 48 मिनट

**10 अप्रैल सहरी**
सुन्नी– 4 बजकर 18 मिनट
शिया– 4 बजकर 23 मिनट

नोट– क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।






# अप्रैल में ही पड़ रही जून जैसी गर्मी

## सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस अधिक है अप्रैल में तापमान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** तामपान 35 डिग्री होने से अप्रैल में ही मई और जून जैसी गर्मी का एहसास हुआ। तपिश बढ़ने की वजह से लोग पूरे दिन जरुरी कामों से ही घरों से बाहर निकले। मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि ऐसा पहली बार है जब अप्रैल में लगातार मैदानी राज्यों के शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच रहा है। अप्रैल की शुरुआत से ही मौसम अपने रंग दिखाने लगा है।

गर्मी दिनों-दिन बढ़ रही है। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही बताते हैं कि पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना और मौसम शुष्क रहना मौसम में बदलाव का बड़ा कारण हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में आगे भी उष्ण लहर यानी लू से गर्मी का सितम कायम रहेगा। मार्च में तीन बार बारिश होने के बाद अप्रैल में गर्मी ने अपना दिखाना शुरू कर दिया है। लोग गर्मी से बेहाल होने लगे हैं। ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री जोर पकड़ने लगी है। राहे रजा और राहे मुर्तजा पर बेल का शर्बत, गन्ने का रस और आइसक्रीम के ठेलों पर बिक्री काफी बढ़ गई है। लोग दोपहर में ठंडे पेय पदार्थ पीकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। गर्मी बढ़ने के पीछे की मुख्य वजह तीन-चार दिन में तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस से अधिक की बढ़ोत्तरी है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी गर्मी में और बढ़ोत्तरी हो सकती है।




चिलचिलाती धूप से बचने को छाता लगाकर जाती महिला। ● अमृत विचार

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| ● आर्द्रता | 13 प्रतिशत |
| ● वायु वेग | 16 किमी. प्रति घंटा |

- **अप्रैल की शुरूआत से ही मौसम दिखाने लगा रंग**
- **पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना मौसम में बदलाव का बड़ा कारण**

### प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने से बाज आएं लोग

पर्यावरणविद् डा. बेबी तबस्सुम का कहना है कि कार्बन डाईआक्साइड व मीथेन सहित अन्य गैसों के उत्सर्जन के कारण तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे अप्रैल में ही लोगों को मई व जून की गर्मी का अहसास होने लगा है। गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। पूर्व के वर्षों की अपेक्षा इस बार अत्यधिक गर्मी पड़ने की आशंका है। प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करें, क्योंकि छेड़छाड़ करने पर प्रकृति बदला जरूर लेती है। पेड़-पौधों का कटान न करें।

अगले चार दिनों में दिन का तापमान 3 से 5 डिग्री बढ़ने की आशंका है। आठ अप्रैल को तेज हवा चली हैं। दिन का तापमान 35 डिग्री रहा। मंगलवार को 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। रात्रि का तापमान 17 से 23 डिग्री तक रह सकता है। किसान सभी प्रकार की खड़ी फसल में उचित नमी बनाए रखने के लिए हल्की सिंचाई करें।

–डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

### हिमाचल से आई ज्योति की निकाली शोभायात्रा

**स्वार, अमृत विचार :** हिमाचल प्रदेश के ज्वाला जी से पवित्र ज्योति को पैदल लाया गया। नगर में ज्योति की ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। बाद में ज्योति को पंजाबी कालोनी स्थित गीता मंदिर में नौ दिन के लिए स्थापित कर दिया गया। श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में मंदिर पर पहुंच कर पवित्र ज्योति के दर्शन किए।

चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में रविवार को हिमाचल प्रदेश के ज्वाला जी से उत्तराखंड के दोराहा पर आई पवित्र मां ज्वाला की ज्योति को लेने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। बिलासपुर तिराहा स्थित गुरद्वारे के निकट से मां ज्वाला जी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से मुख्य बाजार, गंगादास की पुलिया, सब्जी मंडी, चक स्वार, खास स्वार होते हुए पंजाबी कालोनी स्थित गीता मंदिर पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर राकेश राठौर, रविकांत शर्मा, गगन सचदेवा, रमेश सचदेवा, अजेंद्र राठौर, हरीश सचदेवा, अतुल अरोरा, नितिन सक्सेना, बिट्टू पाल, अनिल सपरा, मोहित सचदेवा, रामप्रसाद राठौर, चन्द्रमोहनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### तीन वर्षीया बच्ची की गुमशुदगी दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** घर से बाहर खेलने गई तीन साल की बच्ची रविवार को गायब हो गई थी। उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस बच्ची को तलाश रही है। बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर निवासी दानिश का कहना है कि उसकी तीन साल की बेटी अनायजा रविवार को 11 बजे दुकान से टॉफी लेकर आई थी। उसके बाद खेलने को कहकर घर से निकल गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं आई।

### आज से शुरु हो रहे चैत्र नवरात्र : डा. वासंतेय

**रामपुर, अमृत विचार :** आचार्य डा. राधेश्याम वासंतेय ने बताया कि आज से चैत्र नवरात्र शुरु हो रहे हैं। लेकिन शुभ मुहूर्त के बिना घट स्थापना करना ठीक नहीं माना जाता। इसलिए अभजीत नक्षत्र 11:35 बजे शुरु होगा। इस मौके पर ही कलश स्थापना करें। करीब एक घंटे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। यह उत्तम मुहूर्त है।



कथा के पोस्टर लिए महिलाएं और बच्चे। ● अमृत विचार

# महोत्सव की तैयारियां शुरू

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** उत्सव पैलेस में जगन्नाथ रस कथा महोत्सव सात से नौ जुलाई को मनाया जाएगा। यह कथा गोवत्स जोधपुर के श्री राधा कृष्ण जी महाराज सुनाएंगे।

राधा कृष्ण महाराज द्वारा गोवत्स पाठशाला आयोजित की जाती है। इसमें पूरे देश से गोसेवक शामिल होते हैं। प्रांजल अग्रवाल ने बताया कि इसी पाठशाला में रामपुर के गायवाला परिवार के 10 से ज्यादा सदस्य प्रतिभाग करते हैं। उन सदस्यों के प्रेम भाव और रामपुर के गो प्रेमियों की वजह से ही महाराज जी का आगमन यहां हो रहा है। सोमवार से कथा का प्रचार-प्रसार प्रारम्भ किया गया। महिला शक्ति द्वारा व्यवस्थाओं की रूपरेखा बनाने के लिए बैठक भी की गई। यह निर्णय भी लिया गया कि अगले महीने के प्रत्येक रविवार और बुधवार को शहर के अलग-अलग मोहल्लों में प्रभात फेरी निकालकर कथा का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सभी प्रेमियों को घर-घर जाकर आमंत्रित किया जाएगा।

# समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** लक्ष्मी नगर स्थित प्राइडजी इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षिक सत्र 2023-2024 के लिए किंडरगार्टन के छात्रों के लिए स्नातक समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधक आशीष कमथानिया और शैक्षणिक समन्वयक अर्णिमा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। दीप प्रज्ज्वलन के बाद बच्चों ने नृत्य किया।

प्रबंधक ने माता-पिता को बच्चों की उपलब्धियों पर बधाई दी। बताया कि किंडरगार्टन ग्रेजुएशन प्री-स्कूल के जीवन में उनकी शिक्षा का जश्न मनाने और छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर को पहचानने का सुनहरा अवसर है। समारोह में मेधावी छात्र अपने प्रमाण पत्र लेकर मंच पर आत्मविश्वास के साथ आई हैव ए ड्रीम गुनगुनाते हुए देखे गए। एलकेजी और नर्सरी के छात्रों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों को परीक्षाफल के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अर्णिमा कमथानिया ने छात्रों के अनुभवों को साझा किया। नर्सरी के छात्रों ने मनमोहक नृत्य से मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रबंधक ने विद्यार्थियों को स्नातक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में सभी ने राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम का समापन छात्रों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति के रूप में बजाए गए धन्यवाद गीत के साथ हुआ।



कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर मौजूद बच्चे एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

- **प्राइडजी इंटरनेशनल स्कूल में हुआ किंडरगार्टन स्नातक समारोह**

# ऑस्ट्रेलियन आर्किटेक्ट नूर महल पहुंचे

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** किला स्थित रजा लाइब्रेरी, जामा मस्जिद और खासबाग पैलेस की भव्यता देख ऑस्ट्रेलियन आर्किटेक्ट निकोलस बार्बर भी हैरान रह गए। उनके मुंह से निकला-वेरी ब्यूटीफुल। उन्होंने किला और खासबाग स्थित इमामबाड़ों का इतिहास भी जाना।

सिडनी में कारोबार करने वाले ऑस्ट्रेलियन आर्किटेक्ट निकोलस बार्बर सोमवार को सहसपुर से यहां आए। पूर्व सांसद राजा चंद्र विजय सिंह ने उन्हें रामपुर की ऐतिहासिक धरोहरों को देखने के लिए भेजा। नूरमहल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखंड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां ने उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री के साथ वह रजा लाइब्रेरी पहुंचे और लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्रा से मुलाकात की। उन्होंने दरबार हॉल की निर्माण शैली की प्रशंसा की। हामिद मंजिल की भव्यता देखते ही रह गए। रजा लाइब्रेरी की इमारत को बहुत खूबसूरत बताया। उन्होंने जामा मस्जिद और खासबाग पैलेस देखा और नवाबों द्वारा बनवाई गई धरोहरों की प्रशंसा की। इमामबाड़ा किला और इमामबाड़ा खासबाग भी देखा। कहा कि रामपुर में तमाम ऐसी धरोहरें हैं जो इस शहर के गौरवशाली अतीत को आज भी जिंदा रखे हुए हैं।



रजा लाइब्रेरी में निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्रा के साथ ऑस्ट्रेलियाई आर्किटेक्ट निकोलस बार्बर और पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां। ● अमृत विचार

- **रजा लाइब्रेरी, जामा मस्जिद और खासबाग पैलेस की निर्माण शैली को सराहा**
- **विदेशी मेहमान ने किला और खासबाग स्थित इमामबाड़ों का इतिहास भी जाना**

### सड़क हादसे में रोडवेज के परिचालक की मौत

**टांडा, अमृत विचार :** मुख्य मार्ग पर ग्राम मोहनपुरा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार हुआ युवक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में परिचालक था।

मुरादाबाद के थाना भगतपुर के ग्राम ग्राम चतरपुर नायक निवासी प्रदीप कुमार (40) रोडवेज में परिचालक था। सोमवार की दोपहर वह रामपुर से ड्यूटी करके अपने गांव जा रहा था। ग्राम मोहनपुरा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में प्रदीप गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। यहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रदीप कुमार के परिवार में पत्नी के अलावा 14 वर्ष की बेटी और 12 साल का बेटा है। वह पांच बहन-भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके पिता का निधन हो चुका है।



ईदगाह में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते चेयरमैन के पति वसीम खां।

# ईदगाह का निरीक्षण कर दिए सफाई के निर्देश

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार:** ईद-उल-फितर व नवदुर्गा को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष के पति वसीम खां ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। ईदगाह पहुंचकर कर्मचारियों को सफाई के निर्देश दिए।

रमजान शुरू होते ही चेयरमैन ने ईदगाह की रंगाई-पुताई और सफाई के निर्देश दिए थे। सोमवार को नगर पंचायत की चेयरमैन के पति ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कस्बे में सफाई व्यवस्था चकाचक रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ईदगाह की रंगाई-पुताई व सफाई व्यवस्था देख आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि ईद पर पेयजलापूर्ति में भी परेशानी न होने पाए। इस अवसर पर सभासद सदाकत खां उर्फ शप्पू खां, लिपिक नवेद मियां, एसबीएम प्रभारी मुजीब मियां, कंप्यूटर ऑपरेटर रेहान अली, सफाई नायक हरपाल व रघुवीर आदि मौजूद रहे।



कुरआन मुकम्मल होने पर की गई हाफिज और सामां की गुलपोशी। ● अमृत विचार

# रहमतों का महीना है रमजान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** हाफिज जीशान ने कहा कि कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर रमजान उल मुबारक का मुकद्दस महीना रुखसत हो रहा है। पता नहीं अगले साल हम लोगों में से किसको नसीब हो या नहीं। कहा कि रमजान बड़ी रहमतों, बरकतों का महीना है। अल्लाह से गिड़गिड़ाकर दुआ करें और गुनाहों की माफी मांगे।

पक्का बाग स्थित दाल मिल स्थित नाईयों वाली मस्जिद में रविवार को कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद जीशान ने रोजाना डेढ़ सिपारे की तिलावत की।

सामां के फराइज मोहम्मद गौस ने अदा किए। इसके बाद हाफिज मोहम्मद जीशान ने रमजान की फजीलत बयान की। इसके बाद हाफिज और सामां की गुलपोशी की गई। इस अवसर पर शाहबाज खां, मुन्ना मियां, अहमद मियां, शहाब खां, शहजाद खान, मुन्ना खां, जुबैर खां और आमिर खां आदि शामिल रहे।

### दो पक्षों के बीच लाठी डंडे चले, चार लोग घायल

**सैफनी, अमृत विचार :** उपले पाथने की जगह के विवाद को लेकर भिड़ीं महिलाओं के बाद दो पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। इसमें महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है।

थाना क्षेत्र के मडैयान झाऊ गांव निवासी भूरा की पत्नी जमीला व नन्हें की पत्नी सवीना गांव के पास एक प्लाट पर उपले पाथ रहीं थीं। इसी दौरान वह आपस में भिड़ गईं। जानकारी पाकर जमीला का पति भूरा और सवीना की ओर से बरकत वहां पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। इसमें एक पक्ष की सवीना व बरकत तथा दूसरे पक्ष के जमीला व भूरा घायल हो गए। पुलिस ने सवीना की ओर से एनसीआर दर्ज कर चारों घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया है। हालत गंभीर होने पर सवीना को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**नसीहत** साहिबे हैसियत मुसलमानों पर जकात निकालना फर्ज

# गरीब व मिस्कीन को दे सकते हैं जकात

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** अल्लाह के लिये माल का एक हिस्सा जो शरीयत ने तय किया उसका जरुरतमंद को मालिक बना देना जकात कहलाता है। जकात फकीर, मिस्कीन, मुसाफिर को दी जा सकती है। अगर कोई फकीर या मिस्कीन न मिले तो मदरसे में भी जकात का पैसा दिया जा सकता है। काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां बताते हैं कि जकात हर उस मुसलमान पर फर्ज है जिसके पास साढ़े 52 तोला चांदी या साढ़े सात तोला सोना है। इसके अलावा सालना कमाई का ढाई फीसदी जकात निकालना चाहिए।

रमजान में रोजा रखने के साथ नमाज और कुरआन पढ़ना जहां इबादत का जरूरी हिस्सा है, वहीं रमजान में रोजे नमाज के बाद सबसे ज्यादा जरुरी जकात निकालना है। जकात देते वक्त इस चीज का ख्याल रखें की जकात उसको ही मिलनी चाहिये जिसको उसकी सबसे ज्यादा जरुरत हो। वह शख्स जिसकी आमदनी कम हो और खर्चा ज्यादा हो। अल्लाह ने इसके लिये कुछ पैमाने और औहदे तय किये हैं। जिसके हिसाब से जकात देनी चाहिये।

इनके अलावा और जगहें भी बतायी हैं, जहां जकात के पैसे का इस्तेमाल कर सकते हैं। गरीब वह शख्स है जिसकी आमदनी अपने कुल खर्च से आधी से भी कम है तो उस शख्स की आप जकात से मदद कर सकते हैं। मिस्कीन वह शख्स है जो फकीर से थोड़ा अमीर है।

पहले गुलाम और बांदिया रखी जाती थीं। यह बहुत बड़ा गुनाह था। अल्लाह की नजर में हर इंसान का दर्जा बराबर है। इसलिये मुसलमानों को हुक्म दिया गया कि अपनी जकात का इस्तेमाल ऐसे गुलामों को छुड़ाने में करो। उन्हें खरीदों और आजाद कर दो। आज के दौर में गुलाम तो नहीं होते लेकिन जकात के पैसे से गरीबों, बेसहारों, बेवाओं और मिस्कीनों की मदद की जा सकता है।



– मौलाना सैयद खुशनूद मियां, काजी-ए-शहर

- **साढ़े 52 तोला चांदी और साढ़े सात तोला सोना होने पर दी जाएगी जकात**
- **पूरे साल की कमाई में ढाई फीसदी हिस्सा कर दें दान**





ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः–

● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)



दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें

● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :– ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## एक नजर

### नेशनल चैंपियनशिप में रूबी और मयंक का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की बास्केटबॉल खिलाड़ी रूबी राजपूत और मयंक चौधरी का चयन नेशनल चैंपियनशिप में हुआ है। सह सचिव जिला बास्केटबॉल संघ और राष्ट्रीय कोच मोहित चौधरी ने बताया कि 38 जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन पांडिचेरी में होने जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक किया जाएगा। इसमें मुरादाबाद की रूबी राजपूत और मयंक चौधरी का चयन हुआ है। जिला बास्केटबाल संघ के सचिव संजीव भारद्वाज, अध्यक्ष एएच रजा, सहसचिव फिरोज खान ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### ऋषिकेश एक्सप्रेस में लगेगा स्लीपर कोच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों पर ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने ऋषिकेश एक्सप्रेस में एक वातानुकूलित व एक स्लीपर कोच अतिरिक्त लगाने का फैसला लिया है। जिससे यात्रियों को परेशानी नहीं होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या-13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस में नौ अप्रैल को हावड़ा स्टेशन से एक तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच और एक स्लीपर कोच गाड़ी में अतिरिक्त लगाया जाएगा।

### बाइक चोरी में सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** न्यायालय ने बाइक चोरी के मामले में अभियुक्त वीरपाल को जेल में बिताई गई अवधि (22 दिन) व 1,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त वीरपाल पुत्र इच्छाराम संभल जिले के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के डारनी गांव का रहने वाला है। इसके विरुद्ध थाना बिलारी में 28 नवंबर 2020 को महक सिंह ने दर्ज कराया था।

### शहीद मंगल पांडे को किया नमन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में सोमवार को 1857 की क्रांति के नायक शहीद मंगल पांडे को शहादत दिवस पर याद किया। साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रार्थना सभा में उनके चित्र के समक्ष प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला, मेजर राजीव ढल और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर मेजर राजीव ढल ने बताया कि शहीद मंगल पांडे स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम शहीद माने जाते हैं। जिन्होंने गाय व सूअर की चर्बी लगे कारतूसों का प्रयोग करने से मना कर दिया।

# पार्क में कूड़ा देख भड़के नगर आयुक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने सोमवार को महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई और निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। पार्क में कूड़ा व गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। सफाई निरीक्षक को कार्रवाई की चेतावनी दी।

नगर आयुक्त ने सबसे पहले अटल घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर चल रहे निर्माण कार्य की सुस्ती पर हैरत जताते हुए कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता का ध्यान देने क निर्देश दिया। वार्ड 45 में विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने गुलाबबाड़ी फाटक, मकबरा रोड, इंदिरा चौक, प्रिंस रोड, चड्ढा सिनेमा आदि क्षेत्र में सफाई देखी। कई जगह कूड़ा पड़ा होने पर इसे तत्काल उठाने के लिए कहा। कंपनी बाग में



अटल घाट का निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, साथ में अपर नगर आयुक्त व अन्य।

**▸▸ अटल घाट पर चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश**

पार्क में निरीक्षण के दौरान कूड़ा पड़ा होने पर नाराजगी जताकर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार को कार्रवाई की चेतावनी दी। उद्यान विभाग को कूड़े का तत्काल उठान कराने व पार्क की नियमित सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार, उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील दोहरे, लेखाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता जलकल भीमराव अशोक, अवर अभियंता किशन लाल, सफाई व खाद्य निरीक्षक प्रदीप कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## युवक से भयभीत होकर अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद से पढ़ाई छोड़ घर बैठ गई छात्रा

# छेड़छाड़ से तंग आकर किशोरी ने छोड़ दिया स्कूल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** छेड़छाड़ से तंग आकर किशोरी ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। इस मामले में उसने एक बार पहले भी एसएसपी से गुहार लगाई थी। कार्रवाई न होने पर पीड़िता सोमवार को फिर एसएसपी कार्यालय पहुंची थी।

पीड़िता ने बताया कि वह कक्षा-9 की छात्रा है। वह कटघर थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली है। उसने बताया कि स्कूल आते-जाते उसके गांव का युवक उसका रास्ता रोकता है और छेड़छाड़ करता है। किशोरी ने पिता से शिकायत की तो आरोपी ने उसके पिता से भी गाली-गलौज कर मारपीट करने की कोशिश की थी। आरोपी शादीशुदा है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी करीब ढाई साल पहले एक महिला को बहला-फुसला

**गुहार**

**▸▸ परेशान छात्रा ने एसएसपी से लगाई गुहार, थानाध्यक्ष बोले- मामला अभी संज्ञान में नहीं**

कर ले आया था, उसकी गोद में लड़का था। अब उसके एक और बेटी हुई है। इसके बाद भी वह छात्रा को अपनी हरकतों से स्कूल छोड़ कर घर बैठने पर मजबूर कर दिया है। छात्रा ने बताया कि आरोपी की हरकतों के कारण ही वह कक्षा-नौ की वार्षिक परीक्षा भी नहीं दे पाई। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद वह स्कूल नहीं गई। उसका स्कूल घर से करीब दो किमी दूर पंडित नगला पुलिस चौकी क्षेत्र में पड़ता है। पीड़िता ने बताया कि वह सात भाई-बहनों में सबसे छोटी है। दो बड़ी बहनें हैं और इसके बाद उसके चार बड़े भाई हैं लेकिन, आरोपी न उसके माता-पिता का दबाव मानता है और न ही भाइयों का, वह इन सबको धमकाता है।

छात्रा ने बताया कि आरोपी उसकी मां से भी गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दे चुका है। पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता गरीब हैं। स्कूल की फीस तक समय से अदा नहीं कर पाते हैं। उसकी मां बकरी पालती हैं और उनको बेचकर किसी तरह से स्कूल की फीस भरती थीं। गरीबी के कारण ही छात्रा अपने घर से स्कूल पैदल आती-जाती थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी की गलत हरकतों के कारण ही आज वह पूरे गांव से मुंह छिपाने को विवश हो गई है। हालांकि इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने कटघर थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। एसएसपी कार्यालय से प्रार्थना पत्र मिलते ही कार्रवाई करेंगे।

**रास्ता रोककर दिखाता था अश्लील वीडियो**

छात्रा ने बताया कि स्कूल आते-जाते आरोपी रास्ते में रोक लेता था और जबरन छेड़छाड़ करता था। उसे मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाता था। न देखने पर मारने लगता था। भाई-बहन व माता-पिता को नुकसान पहुंचाने की बात कहकर धमकाता था। पीड़िता ने बताया कि इस मामले में उसने पंडित नगला पुलिस चौकी पर भी कई बार जाकर शिकायत दर्ज कराई। यहां सुनवाई नहीं हुई तो वह कटघर थाने भी गई लेकिन, वहां भी उसे कोई राहत नहीं मिली तो वह पूर्व में भी एसएसपी कार्यालय आई थी और प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

# चैत्र नवरात्र आज से, घरों व मंदिरों में सज गया माता रानी का दरबार

## बाजारों में खूब हुई पूजन सामग्री की खरीदारी, पूरे दिन रही चहल पहल, मंदिरों में तैयारियां पूरी, रोशनी से जगमगाए महानगर के मंदिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नवरात्र की शुरुआत मंगलवार से हो रही है। इसके लिए भक्तों ने बाजार में माता रानी की चुनरी, नारियल, मेवा प्रसाद पूजन का थाल आदि सामान खरीदा। महानगर के कांठ रोड, गोल मार्किट, बुधबाजार, टाउनहॉल आदि बाजारों में भक्तों ने पूजन सामग्री की खरीदारी की। इससे पूरे दिन बाजारों में चहल-पहल रही।

मनोकामना मंदिर, कालीमाता मंदिर, शेरवाली माता मंदिर समेत अन्य मंदिरों को सजाया गया है। यहां पूरे महानगर के लोग माता रानी के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिरों में साफ-सफाई की गई है। भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए सेवादार तैयार हो गए हैं। सोमवार को बाजारों में भी लोग नवरात्र के लिए खरीदारी करते नजर आए। लोगों ने पूजा-पाठ



बाजार में नवरात्रि के लिए खरीदारी करने के लिए उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

**कलश स्थापना की सही विधि**

पं. मनोज पाठक ने बताया कि सबसे पहले पूजा स्थान की गंगाजल से शुद्धि करें। अब हल्दी से अष्टदल बना लें। कलश स्थापना के लिए मिट्टी के पात्र में मिट्टी डालकर उसमें जौ के बीज बोएं। अब एक मिट्टी या तांबे के लोटे पर रोली से स्वास्तिक बनाएं। लोटे के ऊपरी हिस्से में मौली बांधें। अब इस लोटे में साफ पानी भरकर उसमें कुछ बूंदें गंगाजल की मिलाएं। अब इस कलश के पानी में सिक्का, हल्दी, सुपारी, अक्षत, पान, फूल और इलायची डालें। फिर पांच प्रकार के पत्ते रखें और कलश को ढक दें। इसके बाद लाल चुनरी में नारियल लपेट कर कलश के ऊपर रख दें।

पंचमेवा, रूई, कलावा, रोली, सिंदूर, अक्षत, लाल वस्त्र, सुपारी, लौंग, पान के पत्ते, घी, कलश, चौकी, समिधा, हवन कुण्ड, हवन सामग्री, कमल गट्टे, बताशे, पूजा में बैठने के लिए आसन, हल्दी की गांठ, अगरबत्ती, कुमकुम, इत्र, दीपक, आरती की थाली, कुशा, जौ, तिल के अलावा श्रृंगार के सामान की खरीदारी की।

**घट स्थापना शुभ मुहूर्त**

घटस्थापना मुहूर्त - 9 अप्रैल मंगलवार सुबह 06:02 से 10:16 बजे तक

अवधि - 04 घंटे 14 मिनट

घटस्थापना अभिजित मुहूर्त सुबह 11:57 से 12:48 बजे तक

अवधि - 51 मिनट

**घट स्थापना का महत्व**

नवरात्रि में घट स्थापना का बड़ा महत्व है। कलश में हल्दी की गांठ, सुपारी, दूर्वा, पांच प्रकार के पत्तों से कलश को सजाया जाता है। कलश के नीचे बालू की वेदी बनाकर जौ बोये जाते हैं। इसके साथ ही दुर्गा सप्तशती व दुर्गा चालीसा का पाठ किया जाता है।

## माता दुर्गा के श्रृंगार की सामग्री बेच रहे फुरकान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिगर मुरादाबादी का एक मशहूर शेर है उन का जो फर्ज है वो अहल-ए-सियासत जानें मेरा पैगाम मोहब्बत है जहां तक पहुंचे। इसी तरह आज के दौर में महानगर के मोहम्मद फुरकान अपनी दुकान से सांप्रदायिक एकता की अनोखी मिसाल पेश कर रहे हैं। फुरकान जहां रमजान के महीने में रोजे रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे तो वहीं नवरात्रों के लिए माता रानी के श्रृंगार की सामग्री बेचकर गंगा जमुनी तहजीब कायम कर रहे हैं।

मंगलवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। ऐसे में पिछले कई दिनों से बाजारों में माता के श्रृंगार के सामान की बिक्री हो रही है। सोमवार को सुबह से शाम तक नवरात्रों के लिए फल व अन्य सामान की खूब बिक्री हुई। महानगर के मोहम्मद फुरकान



गंज बाजार में मोहम्मद फुरकान महिला को माता की चुनरी दिखाते हुए। ● अमृत विचार

**▸▸ 20 साल से नवरात्रों में करते हैं भक्तों की सेवा, दे रहे गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा**

रमजानों की इबादत के साथ-साथ नवरात्रों में माता के श्रृंगार का सामान बेचते नजर आए। उन्होंने बताया कि उनका रोजा है और पिछले कई दिनों से रोजे की हालत में नवरात्रों की तैयारियों में जुटा हूं। सोमवार को भी फुरकान रोजा रखकर माता के श्रृंगार का सामान बेच रहे थे। इस बीच दोपहर में जोहर की नमाज अदा करने के बाद दोबारा अपनी दुकानदारी में लग गए। मोहम्मद फुरकान ने बताया कि सबसे ज्यादा ग्राहक शाम को माता के श्रृंगार का सामान लेने के लिए आते हैं। इसलिए वह रोजे के समय दुकान बंद नहीं करेंगे। दुकान पर ही रोजा खोलेंगे।

# यूथ इंडियंस ने 358 रनों से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एमपीएस क्रिकेट मैदान में चल रही क्रिकेट लीग में प्रतियोगिता का पहला दोहरा शतक आया। यूथ इंडियंस के लिए मोहम्मद रिहान ने 211 रन बनाए। इस पारी के दम पर टीम ने वॉरियर को 358 रनों से हराया। दूसरे मैच में एमपीएस 9 विकेट से जीता।

पहले मैच आरसीए रॉयल्स और एमपीएस नाइट राइडर के बीच खेला गया। इसमें आरसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.2 ओवर में 183 रनों पर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमपीएस ने यह मैच 25.1 ओवर में 1 विकेट खोकर जीत लिया। प्रतीक को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

दूसरा मैच ए वन वॉरियर और यूथ इंडियंस के बीच खेला गया। इसमें यूथ इंडियंस ने 30 ओवर में 5 विकेट खोकर 474 रनों का विशाल



मैच जीतने के बाद खुशी मनाते विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**▸▸ टीम के लिए मोहम्मद रिहान ने जड़ा दोहरा शतक, दूसरे मैच में एमपीएस 9 विकेट से जीता**

स्कोर बनाया। टीम के लिए मोहम्मद रिहान ने यादगार पारी खेलते हुए दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने 87 गेंदों पर शानदार 211 रन बनाए। अर्जुन गुप्ता ने भी 58 गेंदों पर ताबड़तोड़ 128 रन बनाए। वॉरियर की ओर से गेंदबाजी में अनश और तनिष ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में वॉरियर की पूरी टीम 24.1 ओवर में 116 रनों पर आलआउट हो गई और मैच 358 रनों से हार गई। टीम के लिए कमरुद्दीन ने 39 रन बनाए। वहीं इंडियंस के लिए लव ने 4 और अर्नव ने 2 विकेट लिए। मोहम्मद रिहान को मैन आफ द मैच मिला। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, प्रदीप टंडन, विजय, अंशुल गुप्ता, प्रियांशु जोशी आदि मौजूद रहे।

# बैंक खाते से पहले एक रुपया कटा, फिर निकले 4.10 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बैंक खाते से रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। प्रकरण कटघर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध थाने में एफआईआर भी दर्ज करा दी है।

विपिन पाल ने बताया कि वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य हैं। वह उड़पुरा में डिप्टी साहब का मंदिर के पास रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बैंक खाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा कोहिनूर तिराहा में है। उनके खाते से 11 मार्च को पहले एक रुपया और फिर 2 लाख रुपये कट गया। यही नहीं, इसके बाद फिर आरटीजीएस के माध्यम से दो लाख रुपये खाते से कट गए। अगले दिन 12 मार्च को 10,000 हजार रुपये एटीएम

**▸▸ पीड़ित की शिकायत पर कटघर थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

से निकल गए। इस तरह कुल 4.10 लाख रुपये उनके बैंक खाते से चोरी हो गए हैं। विपिन ने बताया कि जो रुपये एटीएम से निकले हैं। वह एटीएम बूथ झांसी में है। उन्होंने बताया कि बैंक जाकर अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दी थी और खाता फ्रीज करा दिया था। बैंक अधिकारियों ने उन्हें बताया था कि वर्चुअल एटीएम से रुपये निकले हैं। चूंकि उनके बैंक खाते में कुल 9.68 लाख रुपये थे। रुपये खाते से चोरी होने के बाद भी 5,57,999 रुपये शेष बचे हुए थे। खाता फ्रीज होने से ये शेष रुपये चोरी होने से बच गए थे। विपिन ने बताया कि साइबर क्राइम सेल में उन्होंने 12 मार्च को ही शिकायत दर्ज कराई थी।

## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का महत्व बताया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में सोमवार को महानगर के दर्जन भर विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं से संपर्क किया। उन्हें नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की बधाई दी।

भारतीय नववर्ष को हर्षोल्लास से मनाते हुए विद्यार्थियों को इसके पौराणिक, सांस्कृतिक व वैज्ञानिक महत्व को बताने का आह्वान किया। सभी प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा प्रकाशित पंचांग भेंटकर सभी का अभिनंदन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की पौराणिक मान्यता के अनुसार ब्रह्माजी ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सृष्टि की रचना शुरू की थी। इस दौरान श्यामवीर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, विजय कुमार, प्रताप सिंह, डॉ. सीमा शर्मा, लक्ष्मी नारायण, डॉ. विमलेश राजपूत, श्याम लाल आदि मौजूद रहे।

# आखिरी शब-ए-कद्र की रात में रो-रोकर की गुनाहों से तौबा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सोमवार को रमजान की अखिरी व 29वीं शब-ए-कद्र की रात में रोजेदारों पूरी रात जागे और सामूहिक दुआ में रो-रोकर अल्लाह से अपने गुनाहों से तौबा की। इस दौरान रोजेदारों ने रमजान का महीना जाने पर गम का इजहार भी किया।

वैसे तो रोजेदारों ने रमजान के पूरे महीने में भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह को राजी करने के लिए इबादत की। लेकिन रमजान के आखिरी अशरे में पांच शब-ए-कद्र की रातें ऐसी होती हैं, जिसमें रोजेदार पूरी रात जागकर इबादत करते हैं। वहीं कुछ रोजेदार शब-ए-कद्र की रातों में मस्जिदों में एतिकाफ में बैठकर इबादत करते हैं। एतिकाफ में बैठने वाले ईद का चांद देखकर ही बाहर आते हैं। सोमवार को रमजान की 29वीं व आखिरी शब-ए-कद्र की रात थी। रात होते

**▸▸ रमजान की 29वीं शब-ए-कद्र की रात में मस्जिदों में हुई सामूहिक दुआएं**

ही रोजेदारों ने मस्जिदों की ओर रुख कर लिया। महानगर की जामा मस्जिद, शाही मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, तख्त वाली मस्जिद, असालतपुरा बड़ी मस्जिद, इस्हाक मियां मस्जिद, मौलाना वाली मस्जिद व मस्जिद जिया खां वाली समेत अन्य मस्जिदों में 29वीं शब-ए-कद्र की रात में रोजेदारों ने इबादत कर अल्लाह से अपने गुनाहों से तौबा की और जहन्नुम की आग से निजात मांगी। देर रात दो बजे जामा मस्जिद में मुफ्ती शब्बीर साहब ने दुआ कराई। जिसमें हजारों मुसलमानों ने रो-रोकर अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगी। इसके अलावा महानगर की अन्य मस्जिदों में दुआ हुई। पूरी रात इबादत करने के बाद रोजेदारों ने सहरी खाई।

**मनमानी** | सरकार के नियमों को किया अनदेखा, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

# अभिभावकों की कट रही जेब, स्कूलों को कमीशन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हर साल स्कूल प्रशासन अभिभावकों की जेब पर डाका डाल रहा है। निजी स्कूल सरकार की गाइडलाइन और निर्देशों का पालन नहीं करते। एक ओर जहां बड़े-बड़े स्कूल नियम और अनुशासन की बात करते हैं, वहीं खुद स्कूल प्रशासन सरकार के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की माने तो सरकार की गाइडलाइन के अनुसार 3 साल तक कोर्स नहीं बदला जा सकता। लेकिन अच्छे मुनाफे की खातिर सरकार की सभी गाइडलाइन निजी स्कूल संचालक ताक पर रख चुके हैं। जिसका खामियाजा अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। उधर, शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने इन समस्याओं को देख कर भी मौन साध रखा है।

महानगर के नामी और बड़े स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों को चुनिंदा या सीधे स्कूल से ही किताब बेची जा रहीं हैं। कॉपी भी ब्रांडेड लेने का दबाव है। लिहाजा यह तय है कि कॉपी का मूल्य भी अभिभावकों को सामान्य से ज्यादा देना होगा। जिन स्कूलों ने अभिभावकों को किताब की लिस्ट दी है, उन स्कूलों ने बुक लिस्ट में दुकान के नाम भी दिए हैं, जहां से अभिभावकों को किताबें खरीदने को कहा गया है। पूरे बाजार में ढूंढ़ने के बाद भी किताबें सिर्फ वहीं मिलेंगी, जिस दुकान की सांठ-गांठ स्कूल के साथ है। किताबें एमआरपी पर मिल रही हैं। जबकि प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबों पर अमूमन 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाती है, लेकिन किताब खरीदने वाले अभिभावकों को यह छूट मिलने के बदले छूट की रकम कमीशन के रूप में स्कूलों के खाते में चली जाती है। दीनदयाल नगर निवासी हिमांशु मिश्रा ने बताया कि उनके बेटे की किताबें वाली लिस्ट में दुकान का नाम दिया गया है। वहीं अन्य अभिभावक राहुल ने बताया कि हर साल किताबों में मामूली बदलाव किया जाता है। प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे का कहना है कि नियमों के खिलाफ जाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई होगी।

**सरकारी स्कूलों की दुर्दशा ने निजी स्कूल को मनमानी करने का दिया मौका**

आजकल स्कूलों में प्रवेश का समय चल रहा है। अखबार या टीवी या कोई अन्य माध्यम हो सभी जगह स्कूल अपने-अपने ढंग से प्रचार कर रहे हैं। अपनी उपलब्धियां गिनाकर बच्चों और अभिभावकों को अपनी तरफ आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। अभिभावकों का मानना है कि सरकारी स्कूलों की दुर्दशा के कारण निजी स्कूलों के प्रति आम जनता में आकर्षण है, जो इन स्कूलों को मनमानी करने का मौका देता है। सरकारी स्कूलों के प्रति सरकार की बेरुखी भी एक बड़ा कारण है। सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं न के बराबर हैं। शिक्षा का स्तर प्राइवेट स्कूल के मुकाबले कहीं टिकता नहीं है। सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाकर ही प्राइवेट स्कूल की मनमानी पर रोक लग सकती है।

## पीड़िता ने पति समेत पांच के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीड़िता ने पति समेत पांच ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना और मारपीट के आरोप में मझोला थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है।

गागन वाली मैनाठेर क्षेत्र निवासी मीनाक्षी ने बताया कि उसका विवाह 3 मई 2021 को रामपुर के शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव मंडियान उदयराज निवासी शिवगंगा के साथ हुआ था। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि शादी के बाद से पति और ससुराल वाले बाइक और दो लाख रुपये की मांग करने लगे थे। 13 नवंबर 2023 को आरोपियों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। जिसके बाद से पीड़िता मायके में रह रही है। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि तहरीर पर आरोपी पति शिवगंगा, सास मुन्नी देवी, ससुर गंगासरन, तहेरा जेठ सोनू और फुफेरे ससुर बब्बू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# आढ़तियों ने नहीं खरीदे मिलावटी आलू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडी समिति में थोक के भाव में बिकने वाले आलू में किसानों ने मिलावट शुरू कर दी है। जिसका खामियाजा आढ़तियों को भुगतना पड़ रहा है। नवरात्र पर आलू के दाम बढ़ाने के चक्कर में किसानों कोल्ड स्टोर के आलू का स्टॉक कर मंडी में सड़े गले आलू बेचना शुरू कर दिया। सोमवार से मंडी के आढ़तियों ने किसानों के आलू की खरीद बंद कर दी है।

किसानों को घरों में आलू ढेर लगाकर कोल्ड स्टोर की तर्ज पर स्टोर करना महंगा पड़ गया। नवरात्र के दौरान आलू पर काला निशान हो तो उस आलू की खरीदारी से बचे। काले निशान वाला आलू सड़ना शुरू हुआ था जिसे किसान ने सुखाकर ठीक किया है। जिससे आलू की बदबू तो चली गई लेकिन, ऐसे आलू के खाने से बीमार होने का खतरा है। सोमवार को लाइनपार स्थित

**▸▸ दो वैराइटी के आलू से आढ़तियों को हो रही दिक्कत**

**▸▸ घरों में ढेर लगाकर आलू रखना किसानों को पड़ गया महंगा**

नवीन फल सब्जी मंडी समिति में आलू लेकर आए किसानों से मंडी के आढ़तियों ने आलू का कट्टा खोलकर आलू चेक करने बाद खरीदने की बात कही। जिस पर किसानों और आलू आढ़तियों के बीच बात बिगड़ गई। आढ़तियों का कहना है कि किसान चिप्सोना आलू में पुखराज आलू मिलाकर बेच रहे हैं। जिसमें दो सौ रुपये सस्ता पुखराज आलू चिप्सोना के भाव में बिक रहा है। इतना ही नहीं आलू के कट्टे के बीच में सड़े आलू सुखाकर बेचे जा रहे हैं। किसानों के आलू आढ़तियों ने खरीदने से इंकार कर दिया। साथ ही आढ़ती के लाइसेंस पर चढ़े किसान के आलू का मंडी समिति को टैक्स देने से भी मना कर दिया।

मामला मंडी सचिव ज्योति सिंह तक पहुंचा। जिस पर मंडी सचिव ने आलू की खरीद से मंडी प्रशासन किसी प्रकार भी जिम्मेदारी होने की बात से इंकार करते हुए आढ़तियों के लाइसेंस पर चढ़े आलुओं का टैक्स देने की बात कही। मोहम्मद अली आलू व्यापारी ने बताया कि किसानों ने इस बार कोल्ड स्टोरेज फुल होने के बाद पुराने तरीके से अपने घेरों में व घर के कच्चे कमरों में आलू को स्टोर करना शुरू कर दिया। जिससे पुरानी भाषा में ढेर का आलू कहा जाता था। आलू स्टोर करने का तरीका दस से पंद्रह दिन तक कारगर रहता था। लेकिन, आलू के दाम और डिमांड ने बढ़ने से किसान का आलू सड़ गया। पहले किसान सड़े आलू को अपने पालतू जानवरों को खिलाता था। लेकिन, अब किसान ने चालाकी दिखाकर सड़े आलू कट्टे के बीच भरकर चालाकी से बेचना शुरू कर दिया। ऐसे में अन्नदाता कहलाने वाले किसान लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

## एक नजर

### प्रेमिका से मिलने पहुंचे मजदूर को पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** खेत स्वामी की बेटी से प्यार करना युवक को भारी पड़ गया। प्रेमिका से मिलने पहुंचे मजदूर को प्रेमिका के परिजनों ने पकड़ लिया। जिसके बाद मजदूर की जमकर धुनाई कर डाली और उसे ठेकेदार को सौंप दिया। यह मामला आदमपुर थाना क्षेत्र का है। दरअसल, गंगा एक्सप्रेसवे पर मिट्टी भराव का काम चल रहा है। इस पर सैकड़ों लोग मजदूरी करते हैं। सोमवार सुबह एक मजदूर आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव गारवपुर में अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंच गया। पड़ोसी ने प्रेमिका के परिजनों को सूचना दे दी। परिजनों ने प्रेमी मजदूर को रंगे हाथ पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई की। इसके बाद परिजनों ने मिट्टी भराव करने वाले ठेकेदार को बुलाकर मजदूर को सौंप दिया। ठेकेदार ने गंगा एक्सप्रेसवे पर ले जाकर मजदूर प्रेमी को लात घूसों से जमकर पीटा। आदमपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

### विवि की परीक्षा आज से

**बरेली,अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा में एमए, एमएससी और एमकॉम के 1 लाख 33 हजार 420 छात्र शामिल होंगे। स्नातक की परीक्षा 19 मार्च से शुरू हुई थीं

# नहाते समय गंगा में तीन युवक डूबे

## गोताखोरों ने दो बचाया और एक लापता, अंतिम संस्कार में हुए थे शामिल

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार :** तिगरी गंगा में स्नान करते समय तीन युवक डूब गए। इनमें से दो युवकों को गोताखोरों ने बचा लिया। देर शाम तक तीसरे की तलाश जारी रही। तीनों युवक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आए थे।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव मूंड़ाखेड़ा निवासी बुजुर्ग महिला प्रेमवती का सोमवार को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार करने के लिए तिगरी श्मशान घाट लाए थे। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रिश्तेदार गए हुए थे। इनमें मैनाठेर थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव निवासी कुशल (25) पुत्र घासीराम अपनी मौसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तिगरी आया था। अंतिम संस्कार के बाद मोहल्ले के लोग व रिश्तेदार भी गंगा में स्नान कर रहे थे। उनके साथ कुशल भी स्नान करने लगा। नहाते समय वह अचानक अधिक पानी में डूब गया। उसकी आवाज सुनकर वहां मौजूद अन्य रिश्तेदारों ने शोर मचाया तो गोताखोर आ गए। लेकिन वह नहीं मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र बालियान ने बताया कि तीन युवक गंगा में स्नान करते समय डूब गए थे। इसमें दो को गोताखोरों ने बचा लिया था। उनका नाम संज्ञान में नहीं है। गोताखोरों की मदद से तीसरे युवक की तलाश की जा रही है। एक सप्ताह में अभी तक गंगा में स्नान करते समय नौ लोग डूब चुके हैं। इनमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है।



नाव के सहारे युवक की तलाश करते गोताखोर। ● अमृत विचार

### आठ दिनों में 9 लोग डूबे, तीन की हुई मौत

**गजरौला।** अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान आठ दिनों में 9 लोग गंगा में डूब चुके हैं। इनमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है। पांच दिन पहले धनौरा क्षेत्र के कुछ युवक अंतिम संस्कार में शामिल होने तिगरी गंगा पहुंचे थे। जहां तीन युवक डूब गए थे। इनमें दो सगे मौसेरे भाइयों की मौत हो गई थी। जबकि रविवार को भी अंतिम संस्कार में शामिल होने आए तीन लोग गंगा डूब गए थे। इनमें सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव कुंदरकी निवासी एक युवक की मौत हो गई थी। दो युवकों को गोताखोरों ने बचा लिया था। सोमवार को फिर अंतिम संस्कार में शामिल होने आए तीन युवक डूब गए। इनमें गोताखोरों ने दो युवकों को बचा लिया और एक युवक अभी भी गायब है। गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हैं।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** ट्रेन से गिरकर युवक घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरपीएफ व जीआरपी को घटना की जानकारी नहीं है। मेरठ जनपद के मवाना थाना क्षेत्र के मोहल्ला ठेरो वाली निवासी सलमान सोमवार को मुरादाबाद ट्रेन में सवार होकर हापुड़ जा रहा था। बताते हैं कि वह ट्रेन की खिड़की पर खड़ा होकर सफर कर रहा था। भानपुर रेलवे फाटक के निकट अचानक से युवक चलती ट्रेन से नीचे गिर गया।

## धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**हापुड़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने नवरात्र, ईद, रामनवमी और डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण संपन्न करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व धर्मगुरुओं के साथ बैठक की।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक संयुक्त रूप से पीस कमेटी की बैठक कर लें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से अभियान चलाकर सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान जुलूस, झांकियां निकलती हैं। अधिशासी अभियंता से कहा कि बिजली लाइनों के तार लटके हुए नहीं होने चाहिए।

कार्यक्रमों में डीजे व वाद्य यंत्र निर्धारित मानक के अनुसार ही बजा सकेंगे। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।



अमरोहा में गिरा मकान। ● अमृत विचार

## शहर में गिरे मकान के मलबे में दबकर महिला हुई घायल

**संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में पुराना रोडवेज बस अड्डे के पीछे एक मकान अचानक गिर गया। इसके मलबे में दबकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र में पुराना बस अड्डे के पीछे मोहल्ला जय ओम नगर में शेर सिंह का परिवार रहता है। रविवार रात उसका मकान अचानक भरभरा कर गिर गया और उसके मलबे के नीचे उसकी पत्नी सुशीला दब गईं। शोर मचाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। लोगों ने मलबे में दबी महिला को बाहर निकाला और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शेर सिंह ने बताया कि उसका मकान काफी पुराना है। मकान की दीवारों में दरारें आ गईं। मरम्मत करने के लिए उसके पास रुपये नहीं हैं। उसने बताया कि मलबे में दबकर सामान नष्ट हो गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की और अधिकारियों को जानकारी दी।

## ब्लॉक ने बिगाड़ी ट्रेनों की चाल, यात्री हुए परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ-आलमनगर रेलखंड पर मरम्मत एवं विकास कार्य के लिए सोमवार से ब्लॉक शुरू हो गया। इससे कई ट्रेनों की चाल बिगड़ गई। कुछ ट्रेनें जंक्शन पर देरी से पहुंचीं। यात्रियों को दिक्कत हुई। जबकि मुरादाबाद मंडल की चार ट्रेनें निरस्त, दो डायवर्ट, चार रिशेड्यू और तीन ट्रेन रेगुलेट की गईं। दो दिन 13 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

13308 फिरोजपुर कैंट-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस आलमनगर –ट्रांसपोर्ट नगर- उतरेटिया मार्ग, 13006 अमृतसर- हावड़ा पंजाब मेल परिवर्तित मार्ग आलमनगर- ट्रांसपोर्ट नगर- उतरेटिया मार्ग से चलाई गई। सोमवार को चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस चंडीगढ़ से 180 मिनट, लखनऊ-मेरठ शहर राज्यरानी एक्सप्रेस लखनऊ से 45 मिनट, मेरठ शहर- लखनऊ राज्य रानी एक्सप्रेस 45 मिनट रिशेड्यूल होने के कारण बरेली जंक्शन पर देरी से पहुंची।




मतदान के प्रति जागरुक करता स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

## स्वयंसेवियों ने अभियान चला मतदान के प्रति किया जागरूक

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने नगर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है।

सोमवार को नगर स्थित झम्मनलाल पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने नगर के ब्लॉक चौराहे पर स्थित बागड़ी समाज के लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने उन्हें मतदान के महत्व के विषय में समझाया और कहा कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का फर्ज है। आपके एक मत से देश की सरकार बन सकती है और उतर सकती है। इस मौके पर बृजेश,तुषार, भावना,स्वाति,छाया,ललित, विश्रा आदि मौजूद रहे।

# लू से बचाव के लिए लोगों को करें जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संचारी रोगों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक करने लिए कहा। स्वास्थ्य, शिक्षा, जिला पंचायत राज विभाग और सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के बीच सामंजस्य के साथ कार्य करने को कहा। कहा कि आशाओं के कार्य की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। लू (गर्म हवा) से बचने के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सबसे पहले स्वयं को सुरक्षित रखें और दूसरों का ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 अप्रैल तक जो भी स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं चल रही हैं पैरामीटर के अनुसार, उन पर कार्य करें।

अधिशासी अधिकारियों से कहा कि अभियान के दृष्टिगत विशेष सफाई अभियान चलाया जाना चाहिए। जलभराव वाले स्थलों, नालियों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव प्राथमिकता के साथ किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी इसके लिए ग्राम प्रधान का सहयोग लेकर अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार कराएं। इस दौरान सीएमओ डॉ. सत्यपाल सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक में शामिल जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व अन्य।। ● अमृत विचार

### भ्रूण लिंग की जांच करने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं होने से भड़के डीएम

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश त्यागी ने लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम को लेकर हुई बैठक में प्रसव से पहले भ्रूण लिंग परीक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अपने कार्यालय में पीसीपीएनडीटी की बैठक बुलाई। डीएम ने नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी से जिले में चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर, प्रसव से पहले भ्रूण लिंग परीक्षण के तहत कितनी कार्रवाई की गई है, जिले में कितने अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हैं, उनमें कौन डॉक्टर हैं या उनकी जगह पर टेक्नीशियन कार्य कर रहे हैं सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी ली। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की।

## पिकअप डिवाइडर से टकराई, बालक की मौत

**डिडौली (अमरोहा), अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में चौधरपुर के पास हाईवे पर सोमवार सुबह दिल्ली से बरेली जा रही पिकअप डिवाइडर से टकराकर गई। हादसे में पिकअप सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। घायलों को टीएमयू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है।

बताया गया कि सोमवार तड़के चार बजे पिकअप चौधरपुर के पास हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। पिकअप में सवार सभी आठ लोग बुरी तरह घायल हो गए। उपचार के दौरान राज (12) पुत्र चंद्रपाल ग्राम उमर सिया थाना कैंट जिला बरेली की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि अंकित, बेबी सिंह, चंद्रकला, चंद्रपाल सिंह, दानवती, प्रियंका, मोनू, सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए।

## चुनाव चिह्न आवंटित, 12 प्रत्याशियों में मुकाबला

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार :** नाम वापसी के आखिरी दिन सोमवार को किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। अब लोकसभा चुनाव में मुकाबला 12 प्रत्याशियों के बीच होगा। इसमें भाजपा, सपा-कांग्रेस और बसपा समेत छोटे दलों के साथ आठ निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। 26 अप्रैल को मतदान होगा।

अमरोहा लोकसभा सीट के लिए 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरे गए। आठ दिन चली नामांकन प्रक्रिया में 21 प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की गई। इसमें 9 उम्मीदवारों के नामांकन निरस्त कर दिए गए। 12 उम्मीदवारों नामांकन वैध पाए गए। वहीं सोमवार को नामांकन के नाम वापसी के आखिरी दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। नाम वापसी के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए हैं। इसमें भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर को कमल का फूल, बसपा के मुजाहिद सैफी को हाथी, कांग्रेस के कुंवर दानिश अली को हाथ का चिह्न आवंटित किया गया है। इसके अलावा अखिल भारतीय परिवार पार्टी के प्रत्याशी को केतली, काशिफ हुसैन को दूरबीन, निर्दलीय कुमदेश कुमार को कड़ाही, निर्दलीय प्रत्याशी कुशाग्र को सिलाई मशीन, जीतपाल राणा को गन्ना किसान, दानिश को कोट, नईउद्दीन को पैन-स्टैंड, नरेंद्र सिंह को सोफा व सुरेश को खाने से भरी थाली को चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है।

## चुनाव प्रेक्षक ने बूथों का किया निरीक्षण

**नौगांवा सादात, अमृत विचार:** क्षेत्र में चुनाव प्रेक्षक राहुल शर्मा व उनके सहयोगी दिनेश कुमार ने पुलिस बल के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज, एएसएम इंटर कॉलेज व ग्रामीण क्षेत्र में तारापुर प्राथमिक विद्यालय के बूथों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने उप जिला अधिकारी बृजपाल सिंह और तहसीलदार लकी सिंह से उन मतदान केंद्रों को लेकर भी चर्चा की, जहां मतदान कम और ज्यादा प्रतिशत रहा था। उन्होंने कम मतदान वाली जगहों पर प्रतिशत बढ़ने पर जोर किया।

इस दौरान नायब तहसीलदार संजय सिंह, लेखपाल पीतांबर सिंह, इंस्पेक्टर सुधीर कुमार, लेखपाल चतुर सिंह, लेखपाल मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पूर्व चेयरमैन के आवास पर हुई नुक्कड़ सभा

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** मोहल्ला सैनी नगर में पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी के आवास पर नुक्कड़ सभा हुई। इसमें राज्यसभा सदस्य व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य शामिल हुईं। पूर्व पालिकाध्यक्ष व पूर्व स्वच्छता प्रेरक डोली सैनी ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। लोगों को सरकार की नीतियां बताए। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक, क्षेत्रीय महामंत्री दीपमाला संतोषी, जिला महामंत्री कुसुम अग्रवाल, जिला मंत्री नीरज गौरव, नगर अध्यक्ष रजनी शर्मा, जिला महामंत्री उमा नागर, जिला मीडिया प्रभारी सारिका शर्मा, पूजा सैनी, शशि रानी, सुमन, मिथिलेश प्रजापति,सोनिया पाल, चंचल अग्रवाल, नीलम, रोशनी, उषा अग्रवाल, जयप्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।



राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य को भगवान श्रीराम का चित्र देते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार



सड़क पर पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

## सफाईकर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार, कूड़े के लगे ढेर

**संवाददाता, नौगांवा सादात**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र में ठेका सफाई कर्मचारियों को होली के मौके पर वेतन नहीं मिला। इससे नाराज कर्मचारियों ने ईद से दो दिन पहले ही सफाई का कार्य ठप कर दिया और धरने पर बैठ गए।

कार्य बहिष्कार से सफाई न होने के कारण उसमें दुर्गंध उठ रही है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। रोजेदार मस्जिदों में नमाज पढ़ने के लिए इस गंदगी के बीच गुजर रहे हैं। इससे नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारियों के प्रति गुस्सा व्याप्त है। ठेका सफाई कर्मचारियों ने बताया कोई भी अधिकारी उनसे बात करने के लिए तैयार नहीं है और जब तक वेतन नहीं मिलेगा, वह कार्य पर नहीं जाएंगे। इस मौके पर रजनी देवी, रूबी देवी, सुमित कुमार, नितिन कुमार, अमन कुमार, प्रदीप, संदीप, सुभाष, राजदीप, आकाश आदि कर्मी मौजूद रहे।

**उम्मीदें** क्षेत्र के लोगों ने बताईं अपनी उम्मीदें व प्राथमिकताएं

# गरीबों की आवाज उठाने वाला हो सांसद

**संवाददाता, नौगांवा सादात**

**अमृत विचार :** जिले में चुनाव प्रचार के बीच मतदाता क्षेत्र के सांसद को लेकर अपनी उम्मीदें व प्राथमिकताएं गिना कर रहे हैं। अधिकांश लोगों का कहना है कि गरीबों की आवाज उठाने और उनके दुख दर्द में काम आने वाला सांसद होना चाहिए। चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में बैठने के साथ क्षेत्र का ध्यान रखने वाला भी होना चाहिए। सांसद बनने के बाद जनता को याद रखने वाला सांसद होना चाहिए। किसान और व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण कराए और युवाओं को रोजगार दिलाने में विश्वास रखने वाला हो। क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करे। सांसद क्षेत्र की समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाए। क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज बनवाने के लिए प्रयास करें।



क्षेत्र की समस्या और गरीबों के दुख दर्द को सुनने के लिए हर समय तैयार रहने वाला क्षेत्र का सांसद होना चाहिए। युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए क्षेत्र में फैक्ट्री लगवाने का प्रयास करे। **–शमशाद अली**



मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवाओं के लिए क्षेत्र में कॉलेज की स्थापना कराए। क्षेत्र में विकास कार्य कराए। गरीबों की समस्याओं को सुनने वाला सांसद होना चाहिए। **–डॉ. नरेंद्र सिंह**



जाति, धर्म को भूल कर जनता की सेवा करने में विश्वास रखने वाला सांसद होना चाहिए। विकास के लिए काम करे। सांसद बनने के बाद जनता के बीच बने रहने वाला सांसद क्षेत्र का होना चाहिए। **–जयपाल सिंह**



किसानों की आवाज संसद में उठाने में आगे रहने वाला क्षेत्र का सांसद होना चाहिए। सांसद विकास और युवाओं को रोजगार की दिशा सके। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन सके। **–बृजलाल**

## अदब के साथ करें कुरआन पाक की तिलावत : मुफ्ती

**संवाददाता, बुरावली**

**अमृत विचार :** रमजान में तरावीह के दौरान कुरआन की तिलावत ज्यादातर मस्जिदों में मुकम्मल होने लगी है। न्याय पंचायत बुरावली की बिलाल मस्जिद में कुरआन मुकम्मल हुआ है। इस मौके पर नात-ओ-मनकबत पेश की गई।

मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ भी हुई। कारी फरहान ने कुरआन सुनाया, जबकि कारी फैजान ने कुरआन सुना। इस मौके पर मुफ्ती एहतेशाम ने कुरआन की अहमियत बयान की। कहा कि जिसके दिल में कुरआन का कोई हिस्सा नहीं, मतलब जिसे कुरआन की कोई सूरत या आयते याद न हो तो वह उजड़े हुए घर की तरह है।

उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा आदमी वह है, जो कुरआन पढ़े और दूसरों को भी पढ़ाए, जो शख्स जितने अदब व खूलूस से कुरआन की तिलावत करता है, वह उतना ही देर तक अपने रब से बात करता है। कुरआन की तिलावत करने से रहमत नाजिल होती है। हर मुसलमान को चाहिए कि कुरआन की ज्यादा से ज्यादा तिलावत करें। कहा कि कुरआन को आराम से पढ़ने और समझने का बहुत सवाब है।

मौलाना गयासुद्दीन ने कहा कि रमजान का सवाब अल्लाह खुद अपने बंदों को आता फरमाएगा। रमजान में गरीबों का खास ख्याल रखें और फितरा व जकात समय से अदा कर दें। आखिर में मौलाना गयासुद्दीन ने मुल्क और कौम की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ कराई। दुआ के बाद मिठाई भी तक्सीम की गई। इस मौके पर नईम अहमद,इक्तेदार, हाफिज साबिर, रफीक, सलमान, जीशान आदि रहे।

# युवती का रस्सी से गला कसकर हत्या कर शव हाईवे किनारे फेंका

**संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर**

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर नगरिया गांव के पास 25 साल की युवती शव हाईवे किनारे गेहूं के खेत में बोरे में पड़ा मिला। युवती का रस्सी से गला कसकर हत्या की गई। युवती की पहचान नहीं हो सकी है।

लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर इन्वर्टिस जीरो पॉइंट के पास सोमवार को गोपालपुर नगरिया गांव में शंकर लाल मिश्र के गेहूं के खेत में एक प्लास्टिक के बोरे में युवती का शव मिला। युवती के गले में रस्सी बंधी हुई थी। सोमवार सुबह जब शंकर लाल खेत पर गए तो बोरा देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसपी देहात उत्तरी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा, सीओ हाईवे और थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जब बोरा खोलकर देखा तो उसमें युवती का शव मिला। पुलिस ने फील्ड यूनिट की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिथरी क्षेत्र में कई फैक्ट्री, खंगाली जा रही डिटेल : पुलिस अधिकारियों के अनुसार बिथरी चैनपुर में कई फैक्ट्री हैं। जहां पर बाहरी लोग भी आकर काम करते हैं। ऐसे में पुलिस फैक्ट्रियों में काम करने वालों की डिटेल खंगाल रही है, ताकि युवती की पहचान हो सके।

### बैग में मिले कपड़े, शाही का लिखा पता

युवती के शव से कुछ दूरी पर एक बैग मिला है, जिसमें कुछ फ्रॉक और अन्य कपड़े हैं। बैग पर शाही मार्केट का पता लिखा हुआ था। बैग पर दुकानदार आरिफ का नाम और नंबर लिखा हुआ था। आरिफ ने बताया कि उनकी शाही मार्केट में आरिफ–राशिद क्लॉथ हाउस के नाम से दुकान है। वह महिलाओं और पुरुषों के कपड़े बेचते हैं। दुकान पर शाही कस्बे के आसपास स्थित गांवों के लोग ही खरीदारी करने आते हैं। पुलिस को आशंका है कि युवती शाही के आसपास की हो सकती है।

### युवती के हाथ में लिखा था पुष्पा-अजय

युवती की दाहिनी कलाई पर पुष्पा और अजय लिखा हुआ था। युवती ने श्रृंगार कर रखा था मगर उसके सिर में सिंदूर नहीं था। पुलिस इस मामले को प्रेम–प्रसंग से भी जोड़कर देख रही है। हत्या में किसी जानने वाले का भी हाथ हो सकता है।

युवती की रस्सी से गला कस कर हत्या की गई है। युवती की पहचान के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।
– **मुकेश चन्द मिश्रा**, एसपी देहात उत्तरी

## एक नजर

### श्रीमद् भागवत कथा समापन पर हुआ भंडारा

**बबराला,अमृत विचार :** साप्ताहिक सब्जी बाजार के पास कथा वाचक आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज ने सात दिनों तक श्रोताओं को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। कथा सुनने को रोजाना बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। कथा समापन के बाद सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। उमेश वार्ष्णेय, डिंपल वार्ष्णेय, विजय कुमार, विभोर अग्रवाल भंडारे की व्यवस्था में लगे रहे।

### मारपीट व जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव करकौरा के पास सोमवार को संदिग्ध व्यक्ति के खड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम पता थाना क्षेत्र के गांव हैमदपुर निवासी नेकपाल बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि नेकपाल मारपीट व जानलेवा हमले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई कर नेकपाल का चालान कर दिया।

# बैंक में चोरी होती रही, पुलिस गश्त कर लौट गई

## बैंक शाखा देहपा गांव की आबादी में और पुलिस चौकी से महज एक किलोमीटर दूर है

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल के देहपा गांव की प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक शाखा में बदमाश ढाई घंटे तक नकदी तलाशते रहे। जिस समय बदमाश शाखा के अंदर चोरी कर रहे थे उसी समय पुलिस के गश्ती सिपाही बैंक के बाहर आये थे लेकिन उन्हें अंदर बदमाशों की मौजूदगी का एहसास नहीं हुआ।

नखासा थाना क्षेत्र में देहपा गांव की बैंक शाखा में चोरी की वारदात को शातिर बदमाशों का हाथ माना जा रहा है।

वजह यह है कि बैंक शाखा संभल हसनपुर मुख्य मार्ग के किनारे होने के साथ ही गांव की आबादी में और पुलिस चौकी से महज एक किलोमीटर दूर है।

रात के समय पुलिस गश्त करती हुई रोजाना बैंक शाखा पर भी आती हैं। रविवार की रात को 12 बजे पुलिसकर्मी आये थे और बैंक शाखा के बाहर अपनी मौजूदगी के सबूत के तौर पर अपनी सेल्फी लेकर चले गये थे। जिस समय पुलिस कर्मी बाहर सेल्फी ले रहे थे उस समय बदमाश बैंक के अंदर रकम तलाशने में जुटे थे।



संभल के देहपा में बैंक शाखा में चोरी के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालती पुलिस।



संभल के देहपा में बैंक शाखा में टूटी अलमारी व बिखरे दस्तावेज। ● अमृत विचार

### रात को 11 बजे बैंक में दाखिल हो गये थे बदमाश

**संभल, अमृत विचार :** देहपा की बैंक शाखा में चोरी करने आये नकाबपोश बदमाश ढ़ाई घंटे तक शाखा के अंदर मौजूद रहे। वारदात के बाद पुलिस अधिकारियों ने बैंक का सीसीटीवी सिस्टम चेक किया तो कैमरों की फुटेज में नजर आया कि बदमाश रविवार की रात 11 बजे बैंक शाखा में दाखिल हो गये थे। अंदर बदमाशों ने जो किया वह कैमरों की रिकॉर्डिंग में मौजूद है। बदमाश नकाब पहने थे इसलिए उनके चेहरे पहचान में नहीं आ पाये।

### बदमाशों की धरपकड़ को पूरी ताकत लगा रही पुलिस

**संभल, अमृत विचार :** बैंक शाखा में चोरी की वारदात को अंजाम देकर बदमाशों ने पुलिस को बड़ी चुनौती दी है। अब पुलिस बदमाशों की धरपकड़ के लिए पूरी ताकत लगा रही है। थाना पुलिस के साथ ही सर्विलांस टीम व क्राइम ब्रांच भी बदमाशों तक पहुंचने के प्रयास में है। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि जल्द ही पुलिस मामले का खुलासा कर बदमाशों की धरपकड़ कर लेगी।

# पुलिया से टकराई बाइक एक की मौत, दो घायल

- रजपुरा बहजोई लिंक मार्ग रजपुरा के समीप हुई घटना
- सगाई समारोह से वापस घर लौटते समय हादसा

संवाददाता,संभल/रजपुरा

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में रजपुरा बहजोई लिंक मार्ग पर अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे पुलिया से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।



कैला देवी थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी ब्रजेश,सुरेंद्र व मित्रपाल रिश्तेदारी में सगाई समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। रविवार की देर रात रजपुरा थाना क्षेत्र में रजपुरा बहजोई लिंक मार्ग पर रजपुरा के नजदीक बाइक सड़क किनारे पुलिया से टकरा गई। हादसे में सारंगपुर निवासी ब्रजेश पुत्र रामौतार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुरेंद्र और मित्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर कार की टक्कर से अमरोहा जिले के एक गांव निवासी बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। अमरोहा जिले के थाना बछरायूं क्षेत्र के गांव भगवानपुर निवासी अनस व जीशान सोमवार की शाम चार बजे अपने रिश्तेदारों में चाचा की शादी के कार्ड बांटकर बाइक से घर जा रहे थे। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव बादल गुंबद के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अनस व जीशान सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# मकान की छत के मलबे में दबकर बुजुर्ग महिला की मौत

- पुलिस को सूचना दिए बिना महिला का शव सुपुर्दे खाक
- मोनिस अपनी पत्नी के साथ कच्ची छत के बने कमरे में बेटों से अलग रहता है

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में मकान की कच्ची छत के मलबे में दबकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना महिला के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। गनीमत रही कि हादसे से थोड़ी देर पहले ही महिला का पति घर से बाहर निकला था।



कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी मोनिस अपनी पत्नी रफीकन 75 वर्ष के साथ कच्ची छत के बने कमरे में अपने बेटों से अलग रहता है। सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे मोनिस पड़ोस में ही रह रहे अपने बेटे के घर शौच के लिए कमरे से निकला। कुछ देर बाद ही कमरे की छत अचानक से भरभराकर गिर गई। कमरे के अंदर बैठी रफीकन मलबे में दब गई। पत्नी को मलबे में दबा देखकर मोनिस ने शोर मचा दिया।

शोर को सुनकर मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों व परिजनों ने मलबा हटाकर रफीकन को बाहर निकालकर उपचार के लिए निजी डॉक्टर के पास पहुंचाया। डॉक्टर ने देखते ही रफीकन को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही रफीकन के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

## गाली गलौज के विरोध में सास व पुत्रवधू घायल

**धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम गाली गलौज का विरोध करने पर चले लाठी डंडों में एक पक्ष से सास व पुत्रवधू घायल हो गई।

धनारी निवासी दानिश की पत्नी गुड्डो ने रविवार की शाम छह बजे पुलिस को तहरीर देकर मुहल्ला के ही दानेश उसकी पत्नी कमलेश, बेटा हिमांशु व पुत्री अंजू के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि पति दानिश व जेठ निजामुद्दीन नमाज पढ़ने मस्जिद में गए हुए थे। घर पर गुड्डो उसकी जेठानी शबनम व सास भूरी ही थी। पड़ोस के ही दानेश अपनी पत्नी कमलेश, बेटे हिमांशु और बेटी अंजू के साथ मिलकर बिना बात के गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और देखते देखते ही दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें शबनम व भूरी घायल हो गई। जिसके बाद दानेश, कमलेश, हिमांशु व अंजू धमकी देते हुए भाग गए।

# अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता,संभल/बबराला

**अमृत विचार :** सोमवती अमावस्या पर सोमवार को सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। इस बार सोमवती अमावस्या पर स्नान का दुर्लभ संयोग होने से गंगा घाटों पर भारी भीड़ रही।

चैत्र अमावस्या पर गंगा घाटों पर सिसौना डांडा, असदपुर, साधु मढ़ी आदि गंगा घाटों पर हजारों लोगों ने स्नान कर पुण्य अर्जित किया।

श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। घाटों पर मुरादाबाद, बरेली, बदायूं, अलीगढ़ और बुलंदशहर आदि जनपदों के अलावा आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ब्रह्म मुहूर्त के साथ ही श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाने लगे। पतित पावनी गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाने के बाद अपने दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन- तर्पण कराया। श्रद्धालुओं ने निर्धनों को अन्न, वस्त्र, धन आदि दान दिया और घाटों पर बने मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। मंदिरों में घंटे घड़ियालों की आवाज के बीच गंगा मइया के जयकारे श्रद्धालुओं ने लगाए।



गंगा के राजघाट तट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### हर-हर गंगे के उद्घोषों के साथ लगाई डुबकी

**गवां,अमृत विचार :** क्षेत्र के सिकन्दरपुर लच्छा सैलाब व श्री हरि बाबा धाम गंगा घाट के सामने चैत्र अमावस्या पर सोमवार की तड़के करीब 5 बजे से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान शुरू कर दिया। गंगा किनारे घाटों पर काफी भीड़ रही। हर-हर गंगे के उद्घोषों के साथ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और स्नान के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य देकर घर परिवार में खुशहाली की कामना की।

## गति अवरोधक पर गिरी बाइक, चालक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** जनपद मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के अरिल नदी के पुल के पास गति अवरोधक पर बाइक गिर गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव मिट्ठनपुर नगला निवासी रिषि पाल पुत्र सुरेश संजीवनी पैलेस में लेखा विभाग में कार्य करता है। वह कुछ दिनों से परिवार के साथ वीर सावरकर नगर में रह रहा है। रविवार को रिषिपाल अपनी गेहूं की फसल देखने गया था। रात आठ बजे वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। रात नौ बजे जब बाइक सवार आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर थाना बिलारी क्षेत्र के अरिल नदी के पुल से उतर रहा था, तभी गति अवरोधक पर उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक पलट गई।

## बच्चे पर चाकू व ब्लेड से किया हमला, घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार:** जनपद के जुनावई थाना क्षेत्र में दस साल के मासूम बच्चे पर बाइक सवार तीन युवकों ने चाकू व ब्लेड से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर लोग दौड़े तो हमलावर भाग गये।

चबूतरा के रहने वाले राजेश का बेटा दस वर्षीय दीपू सोमवार शाम को साइकिल पर से गांव वापस आ रहा था। रास्ते में बाइक पर सवार तीन युवकों ने दीपू को रोक लिया और खींचते हुए पास ही खेत में ले गये।

वहां हमलावरों ने चाकू व ब्लेड निकाल लिये और बच्चे पर बेरहमी से वार शुरु कर दिये। बच्चा चीखा तो लोग मदद के लिए दौड़ पड़े।

इस बीच खुद को घिरता देख हमलावर भाग गये। परिजन कार्रवाई के लिए बच्चे को लेकर थाना जुनावई पहुंचे हैं।

# महाकाल और शिव परिवार की मूर्तियां प्रतिष्ठापित

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** गायत्री शक्तिपीठ के नवनिर्मित मंदिर में भगवान महाकाल और शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। गायत्री परिवार के साधकों ने समवेत मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजन के साथ भगवान महाकाल और शिव परिवार को प्रतिष्ठापित किया।

राजघाट रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में प्राण प्रतिष्ठा से पहले सोमवार सुबह सवेरे भक्तों ने परिसर में उत्साह के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद हवन यज्ञ, भजन कीर्तन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हुआ।

महाकाल प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शक्तिपीठ परिसर वंदनवार से सजाया गया। आचार्य कुलदीप शर्मा ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कराए।



प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- विधि विधान से हुआ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, उमड़ी भीड़

महाकाल को पंचामृत से स्नान कराया, चंदन से तिलक कर अक्षत, फूल, फल, धूप, दीप, नैवेद्य, तुलसी के पत्ते, सुगंध आदि अर्पित किये गए। विधि विधान प्रतिमाओं का जलाधिवास, दुग्धाधिवास और शयनाधिवास आदि हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की, प्रसाद चढ़ाया और मनौती मांगी।

प्राण प्रतिष्ठा के तहत भगवान महाकाल व शिव परिवार की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। व्यवस्था में रतन सिंह, डा. सुधींद्र शर्मा, नरेंद्र वार्ष्णेय, नरेंद्र राघव, अजय गुप्ता, यशपाल वार्ष्णेय, संजय बंसल, अतुल कुमार, राकेश गुप्ता, कुसुम शर्मा, सरोज वार्ष्णेय, कुमकुम यादव आदि का सहयोग रहा।

### संस्कारी बच्चे ही अच्छा समाज व राष्ट्र बना सकते हैं

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आर्य वीर दल द्वारा आयोजित 200 यज्ञ महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को असमोली विकासखंड के गांव सतुपुरा में स्थित शिव मंदिर परिसर में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में आहुति डालकर ग्रामीणों ने सभी के स्वस्थ रहने की भगवान से प्रार्थना की। ब्रह्मा आचार्य धर्मवीर ने आर्य वीरों को बताया कि परमात्मा आत्मज्ञान का दाता है व सभी को सुख देने वाला है। हर व्यक्ति को परमात्मा की उपासना करनी चाहिए। यज्ञ महोत्सव के संयोजक आर्य भोले सिंह त्यागी ने कहा कि बच्चों को सत्य, अच्छी शिक्षा व संस्कारित करने की जरूरत है। इस दौरान रजनी त्यागी, सौरभ त्यागी, कोमल त्यागी, कृष्ण त्यागी, मनु त्यागी, शीतल त्यागी, पलक सैनी, मालती देवी, अंशिका रावत, सार्थक, कपिल त्यागी, पुष्पेंद्र कुमार, जसवीर सिंह, प्रेमवीर त्यागी, प्रशांत त्यागी, मुकेश त्यागी मौजूद रहे।

## शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

**बहजोई, अमृत विचार:** कश्यप समाज की बैठक में समाज से संगठित रहने का आह्वान किया गया। वहीं राजनीतिक भागीदारी के साथ-साथ शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

कश्यप समाज की बैठक में सभासद टिंकू कश्यप ने कहा कि सभी समाज के लोग एकजुट रहें। समाज के लोग राजनीतिक कार्यक्रमों में अपनी अधिक से अधिक भागीदारी करें। शत प्रतिशत मतदान कर अपने समाज की ताकत का एहसास करायें। जब तक राजनीतिक भागीदारी नहीं होगी तो समाज को अपना हक नहीं मिलेगा। कपिल दीवाना ने कहा कि याद रखें जो लोग मतदान के लिए बाहर निकलते हैं उनकी चर्चा होती है।

कोई भी व्यक्ति किसी भी पार्टी से संबंधित हो सकता है। लेकिन मतदान करना आवश्यक होता है। इस दौरान प्रेम शंकर कश्यप, राकेश कश्यप, महेश चंद्र कश्यप, नरेश कश्यप, कपिल कश्यप, फूल सिंह कश्यप, कल्लू कश्यप आदि रहे।

# उड़नदस्ता टीमों ने वाहनों से जब्त किए 5.13 लाख रुपए

- लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहा चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर धन, बल की रोकथाम के लिए जनपद में उड़नदस्ता टीमों का चेकिंग अभियान जारी है। गुन्नौर क्षेत्र में टीमों को वाहनों की चेकिंग के दौरान 5.13 लाख रुपये की नकदी मिली। कागजात नहीं दिखा पाने के चलते नकदी को जब्त करते हुए कोषागार में जमा करा दिया गया।

उड़नदस्ता टीम के प्रभारी राम लखन यादव ने सोमवार को गांव गढ़ी बिचौला में बोलेरो पिकअप की चेकिंग की । जिसमें वकार निवासी मुहल्ला कुरैशियान हसनपुर से 2.13 लाख की धनराशि मिली। इससे पूर्व रविवार को रात उड़नदस्ता टीम प्रभारी विशेष कुमार ने अनूपशहर-गवां मार्ग पर टी प्वाइंट पर चेकिंग की। ईको कार में सवार मुशाहिद निवासी गांव मचलई जिला बदायूं के कब्जे से 3 लाख रुपये बरामद किए। दोनों मामलों में संबंधित लोग कागजात नहीं दिखा सके। जिस पर टीमों ने आचार संहिता उल्लंघन को लेकर 5.13 लाख रुपये की नकदी जब्त करते हुए कोषागार में जमा करा दी।



चेकिंग के दौरान मिली रकम को गिनवाते टीम में शामिल अधिकारी।



बाल विद्या स्कूल में छात्रा की काउंसलिंग करती शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

# शंका समाधान को शुरू की काउंसलिंग

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** बाल विद्या मंदिर स्कूल ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए छात्र-छात्राओं के लिए काउंसलिंग सेवा शुरू की है। काउंसलिंग के जरिये छात्र- छात्राओं की सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक व किशोरावस्था की जटिलताओं से संबंधित शंकाओं का समाधान खोजा जायेगा।

प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने कहा कि आज के समय में बच्चों को सिर्फ शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं बल्कि उनके समग्र विकास के लिए हर तरह का मार्गदर्शन देना भी जरूरी है। काउंसलिंग सेवा के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास होगा कि हमारे छात्र किसी भी प्रकार के तनाव या समस्या का सामना करने के लिए सक्षम हों। काउंसलर अंकिता गर्ग और संगीता पंवार का कहना है कि यह सेवा छात्रों को अपनी बात खुलकर कहने के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगी। साथ ही उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान ढूंढने में मदद मिलेगी। प्रबंधक हरीश गर्ग का कहना है कि विद्यालय का यह कदम निश्चित रूप से छात्रों में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

## भाकियू असली का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम से मिला

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मिलकर अंडरपास निर्माण कार्य शुरू कराने और पेयजल योजना के लिए खोदी गईं सड़कों को समतल कराने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल एसडीएम विनय कुमार मिश्रा से मिला। कहा कि गांव हिसामपुर और भटोला के बीच मध्य गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। निर्माण को शुरू कराने की मांग उठाई। इसके अलावा कहा कि पेयजल योजना के लिए कई गांवों में सड़कें खोदने के बाद पाइप लाइन बिछा दी गई है मगर सड़कों को समतल नहीं किया गया है। जिस कारण मार्ग पर आवाजाही में समस्या हो रही है। इस दौरान जीशान प्रधान, दिलशाद हुसैन मौजूद रहे।

# सड़क किनारे खड़ा दूध व्यापारी का टेंपो चोरी

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** सड़क किनारे खड़ा दूध व्यापारी का टेंपो चोर लेकर फरार हो गए। दूध व्यापारी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना धनारी के गांव मानकपुर की मड़ैया निवासी दूध व्यापारी अनोखे लाल बहजोई में दूध बेचकर अपने घर लौट रहा था। बहजोई बबराला मार्ग स्थित एक दुकान से कुछ सामान खरीदने के लिए रुका और उसने अपना टेंपो सड़क किनारे खड़ा कर दिया। टेंपो में एक दूध की केन व दो बोरी खल के रखे हुए थे।

इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति टेंपो चुराकर फरार हो गए। जब दूध व्यापारी सामान खरीद कर वापस लौटा तो टेंपो नहीं था। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि दूध व्यापारी की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। टेंपो की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर टेंपो को बरामद किया जाएगा।

### दुकान के आगे खडी बाइक चोरी

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मिलक मिठौली निवासी ताहिर हुसैन सोमवार को नगर पंचायत सिरसी में स्थित अपनी रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर बैठा था। एक बजे दुकान पर पहुंचे ग्राहकों को ताहिर हुसैन कपड़े दिखा रहा था। इसी दौरान किसी ने दुकान के आगे खड़ी ताहिर हुसैन की बाइक चोरी कर ली। ग्राहकों के जाने के बाद ताहिर को बाइक दिखाई नहीं दी तो आसपास में तलाश की, लेकिन बाइक का ताहिर को पता नहीं चला। जिसके बाद ताहिर हुसैन थाने पहुंचा और तहरीर देकर पुलिस से बाइक बरामद करने की मांग की।

### वारंटी सहित तीन गिरफ्तार चाकू व तमंचा बरामद

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में अलग अलग जगह से चाकू व तमंचा बरामद कर पुलिस ने सोमवार को वारंटी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सरायतरीन के मुहल्ला फूलबाग बरखेरियान निवासी निवासी नदीम को पुलिस ने हयातनगर में बिजलीघर से कोल्ड स्टोर जाने वाले रास्ते पर खंडहर पड़े मकान के पास से गिरफ्तार किया है। नदीम के पास से पुलिस को चाकू बरामद हुआ। कोटला निवासी मोहम्मद नदीम उर्फ गुल्ला को पुलिस ने मुहल्ला में ही स्थित ईदगाह के पास से हिरासत में ले लिया। मोहम्मद नदीम के पास से तमंचा बरामद हुआ। वहीं थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी वारंटी शहरोज को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, बेटे सहित दंपती घायल

**धनारी, अमृत विचार :** गुन्नौर निवासी उमेश सोमवार को पत्नी आशा व दो वर्षीय बेटे अंश के साथ बाइक से धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी में स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। धनारी भिरावटी मार्ग पर गांव बगढेर में किशोर सड़क पार कर रहा था। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई और उमेश, आशा व अंश घायल हो गया। मौके पर इकठ्ठा हुए ग्रामीणों ने घायलों को उठाकर पास के ही निजी चिकित्सक से उपचार कराया।

### आचार संहिता का पालन करते हुए मनाएं अंबेडकर जयंती

**संभल, अमृत विचार :** संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव लखौरी जलालपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को धर्मशाला में बैठक आयोजित की। बैठक में 14 अप्रैल को बाबा अंबेडकर की जयंती को आचार संहिता का पालन करते हुए मनाने को लेकर कार्यकर्ताओं ने चर्चा की। बैठक में समिति के पूर्व अध्यक्ष मदनपाल ने कमेटी को अपना इस्तीफा सौंपा। इनके स्थान पर मुकेश कुमार को कमेटी के नए अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस दौरान सौरभ कुमार, अमरेश कुमार, देशवीर, नवीन कुमार, सोनू, जोगिंदर कुमार, आनंद गौतम, कल्लू, मनोहर, जय सिंह, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**खोया-पाया**

मेरा एक थैला जिसमें मेरी सम्पत्ति का मूल बयनामा सं० 9012/20-09-2012, 643/25-01-2011 और 449/10-01-2001 तथा मूल मुआयदाबय सं० 3434/06-04-1999 व अन्य जरूरी कागजात थे, प्रकाश नगर चौराहे के आसपास वास्तव में कहीं खो गया है। महेश कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी सम्राट अशोक नगर, भोगपुर मिठौनी, थाना मझोला, जिला मुरादाबाद।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अजीत सिंह व अनीत कुमार को गलत संगत के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा दोनो पुत्रो से कोई वास्ता नही है। डल्लू पुत्र बुद्धा सिंह गाँव सिढावली थाना भोजपुर (मुरादाबाद)

**नाम-परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट में मेरी माता का नाम भूलवश REHANA PARVEEN अंकित हो गया था जबकि उनका सही नाम REHANA है। AHMAD ISHTIYAQ S/O ISHTIYAQ KHAN नि. मो. राजद्वारा जिला अस्पताल के पीछे रामपुर (उ.प्र.)

# धर्म दर्शन

## शक्ति और आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र



संपूर्ण वैदिक साहित्य और भारतीय आध्यात्म शक्ति की उपासना प्राय : मां के रूप में की गई है। यही नहीं शक्ति के तामसिक रूपों में हाकिनी, यक्षिणी, प्रेतिनी आदि की पूजा भी तांत्रिक और साधक मां के रूप में करते हैं। मां शब्द से उनकी आक्रमकता कम हो जाती है और माना जाता है कि वह व्यक्ति को पुत्र व अज्ञानी समझ क्षमा कर अपनी कृपा बरसती हैं। नवरात्र में प्राय : वातावरण में ऐसी क्रियाएं होती हैं, जिनसे इस समय पर शक्ति की साधना, पूजा और अर्चना करने से प्रकृति शक्ति के रूप में कृपा करती है।

भारतीय संस्कृति में वसंत को ऋतुराज की उपाधि दी गई है। इसी ऋतु में पड़ने वाले चैत्र शुक्ल पक्ष के नौ दिन आद्याशक्ति की आराधना को समर्पित होते हैं। इसीलिए वासंतिक नवरात्र सदा से ही शक्ति पूजा का पर्वकाल रहा है।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है। रामायण काल में भगवान राम ने भी नवरात्र के उत्तम व्रत को किया था। इस व्रत के प्रभाव से ही पराक्रमी एवं मायावी शत्रु रावण को परास्त किया था। देवर्षि नारद ने भगवान श्री राम को इस अनुष्ठान को सम्पन्न करने का उपदेश दिया था। नवरात्र न केवल आध्यात्मिक है, बल्कि वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है।



**प्रो. विवेकानंद तिवारी**
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

चैत्र नवरात्र आत्मशुद्धि और मुक्ति के लिए। वैसे सभी नवरात्र का आध्यात्मकि दृष्टि से अपना महत्व है। आध्यात्मकि दृष्टि से देखें तो यह प्रकृति और पुरुष के संयोग का भी समय होता है। प्रकृति मातृशक्ति होती है इसलिए इस दौरान देवी की पूजा होती है गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि संपूर्ण सृष्टि प्रकृतिमय है और वह सिर्फ पुरुष हैं। यानी हम जिसे पुरुष रूप में देखते हैं वह भी आध्यात्मकि दृष्टि से प्रकृति यानी स्त्री रूप है। स्त्री से यहां मतलब यह है कि जो पाने की इच्छा रखने वाला है वह स्त्री है और जो इच्छा की पूर्ति करता है वह पुरुष है।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी को सृष्टि निर्माण का काम शुरु किया था। चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में पहला अवतार लेकर पृथ्वी की स्थापना की थी। भगवान विष्णु का सातवां अवतार जो भगवान राम का है वह भी चैत्र नवरात्र में हुआ था। इसलिए धार्मिक दृष्टि से चैत्र नवरात्र का बहुत महत्व है। इस नवरात्रि में देवी की 9 शक्तियों के अलावा 9 विद्या भी पूजी जाती हैं। 9 औषधियां भी पूजन में शामिल की जाती है। इस नवरात्रि में ध्यान, चिंतन और मनन के अतिरिक्त आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास किए जाते हैं। साधक की साधना इस नवरात्रि में अधिक फलदायी होती है।


नवरात्र के नौ दिनों में मनुष्य अपनी भौतिक, आध्यात्मकि, यांत्रिक और तांत्रिक इच्छाओं को पूर्ण करने की कामना से व्रतोपवास रखता है और ईश्वरीय शक्ति इन इच्छाओं को पूर्ण करने में सहायक होती है। नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है। किंतु शक्ति का यह विचार भी सभी प्राणियों के कल्याण हेतु है-सर्वमंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्रयंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते!

यह शक्ति आराधना का पर्व है। इसी के अनुरूप संयम नियम की भी आवश्यकता होती है। पूरे देश में इक्यावन शक्तिपीठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। शक्ति पूजा की पूरे भारत में एक गौरवशाली परंपरा रही है। शक्ति पूजा प्रणाली, एक समय प्राचीन भारत में शक्ति पूजा के केंद्रों के माध्यम से प्रचलित थी, जिन्हें शक्तिपीठों के नाम से जाना जाता था। शक्तिपीठ वे स्थान हैं जहां माना जाता है कि सतयुग में सती देवी के शरीर के अंग गिरे थे।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है।

## नवरात्र-अवधि में व्रत का महत्व

शीतकाल की समाप्ति तथा ग्रीष्मकाल के दस्तक देने का पर्व है वसन्त ऋतु। प्रकृति में नव–सृजन शुरू होता है। वातावरण मनमोहक हो जाता है। इस वातावरण में होने वाले आध्यात्मिक पर्व वासन्तिक नवरात्र में व्रत–उपवास के साथ दैवी–शक्तियों के संचय करने का विधान है। श्रद्धालुजन व्रत रहते हैं। इस नवरात्र–व्रत के दौरान फलाहार के निहितार्थ को गहराई से समझने से लगता है कि साधना–उपासना–यज्ञ–अनुष्ठान–दान–तप से जो प्राकृतिक ऊर्जा का "फल" मिलता है, उसका आहार किया जाए। जिस प्रकार हम हर दिन जीवन के लिए आहार के रूप में भोजन लेते हैं, उसी तरह शरीर में विद्यमान ऊर्जा–शक्ति को भी रिचार्ज करते रहना पड़ता है। जब हम अनाज के रूप में भोजन करते है तो शरीर के रसायनों को उसे सुपाच्य करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।



**सलिल पांडेय**
मिर्जापुर

इस प्रक्रिया को विश्राम देने की भी आवश्यकता है। लिहाजा इस अवधि कोई दूध, दही, कोई फलाहार, कोई–कोई तो सिर्फ जल और वायु पीकर आंतरिक यंत्र–तंत्र को मंत्र की तरंगों से सशक्त करता है। उदाहरण लें तो किसी वाहन के पहिए में हवा कम है तो वाहन–संचालन प्रभावित हो जाता है। हमारा शरीर में इसी वायु से संचालित है। शरीर वायु का समुचित प्रयोग मूलाधार से सहस्रार को एक्टिवेट करता है। यही भगवान विष्णु–योगेश्वर कृष्ण का चक्र मानना उचित प्रतीत होता है। इसीलिए योग आदि के जरिए शरीर में हवा का अधिक से अधिक उपयोग उत्तम स्वास्थ्य देने वाला होता है। व्रत में पथ्य का अनुसरण और अपथ्य का निषेध किया गया है। जीवन में हम उसी पथ को चुनते है जो सुगम हो और कांटों से मुक्त हो। ऐसे पथ जिसमें गंदगी, दुर्गन्ध, रास्ता–जाम हो, उससे हर कोई बचना चाहता है। प्राय : रास्तों में सड़क के किनारों पर गन्दगी, अतिक्रमण होते रहते हैं, तो उसे सक्षम संस्थान हटाते हैं। शरीर की भोजन–नलियों तथा अन्यान्य हिस्सों में अवरोध को हटाने के लिए व्रत तथा फलाहार का विधान मेडिकल साइंस भी बताता है। इसी के साथ शरीर को हर हाल में जीने के लिए तैयार करने का उपक्रम भी व्रत रखकर फलाहार करना है।

फलाहार का सीधा सा अर्थ है कि मौसमी फल स्वास्थ्य के लिए ज्यादा उपयोगी है। हल–बीज–खाद से उपजायी गयी वस्तु की जगह लम्बी अवधि तक गर्मी–जाड़े से लड़ते हुए जो पेड़ फल दे रहे हैं उसमें विशेष ऊर्जा–तत्व हैं। इसलिए भी फलाहार कर इस ऊर्जा को सञ्चित किया जाए। वर्ष भर शरीर तंत्र को एक ही पद्धति से काम करने से बदलना भी है फलाहार के माध्यम से हो जाता है। बदलाव नयापन लाता है। हम 6 घण्टे सोते हैं यानि इस अवधि में आंखें देखने के काम को वरतती यानि विरत रहती हैं। आंखों के इस व्रत का ही परिणाम कि ये आंखें दूसरे दिन देखने में सक्षम रहती है। मौन–शक्ति का भी यही लाभ है। इस प्रकार शरीर के आंतरिक तंत्र का मौन ही है व्रत, उपवास और हल्के फलाहार की प्रक्रिया।

## मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता

इस जगत की उत्पादिका, संरक्षिका और संहारिका पर ब्रह्मरूपा मां महाशक्ति की आराधना और इसी अवधि में पड़ने वाली चैत्र–नवरात्रि, नवरातें, नवरात्र तथा श्रीहरि विष्णु के अंश अवतार के रूप में पूजित मर्यादापुरूषोत्तम के अवतरण से पावन 'चैत्ररामनवमी'। भारतीय प्रायद्वीप के मूलनिवासी हिन्दुओं में रची–बसी उपासना पद्धति और धर्म संबंधी वैचारिक स्वतंत्रता की तुलना विश्व के किसी भी देश के धर्म से नहीं की जा सकती है। उदाहरणार्थ, यह हिन्दू समाज ही है, जहां शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य और सौर( सूर्य पूजक) सभी परस्पर मत भिन्नता के रहते हुए साथ–साथ फले फूले। यही नहीं अनीश्वरवादी जैन और बौद्धधर्म भी लोकप्रिय हुए। और तो और चार्वाक जैसों को अपना आदर्श मानने वाले 'नास्तिक' भी पल्लवित और पुष्पित हुए। सभी ने अपने मत का मनचाहा प्रचार–प्रसार किया और बहुमूल्य वैचारिक ग्रंथों की रचना किया।



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

सामान्य हिन्दू, चाहे किसी भी मत या सम्प्रदाय का हो, बिना किसी संकोच के उसने 'शक्ति' की महत्ता को स्वीकार किया। प्राय : सभी हिन्दू, अपने उपास्यदेव के नाम से पहले स्वाभाविक रूप से 'शक्ति' का नाम लेता है, यथा–सीता–राम, राधे–श्याम, लक्ष्मी–नारायण, गौरी–गणेश, सावित्री–सूर्य इत्यादि। यहां यह स्वीकार करने में कोई संकोच कदापि नहीं है कि भारत की सिन्धु घाटी उत्खनन के अतिरिक्त अन्य प्राचीन सभ्यताओं में भी पुरातात्विक साक्ष्य मातृपूजा या मातृसत्ता का अस्तित्व प्रमाणित करते हैं, किन्तु यह मात्र हमारा समाज ही ऐसा रहा जिसने मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता को स्थायित्व प्रदान किया और उसको अमर बनाया। भारत में अनेक रूपों में पूज्य मातृशक्ति के रूप में निरन्तर चली आ रही 'शक्ति–उपासना' का विशेष पल्लवन पौराणिक तथा तंत्रसाहित्य मे सर्वाधिक विस्तार से वर्णित हुआ है। पुराणों में, नारायण या विष्णु के साथ लक्ष्मी, शिव के साथ शिवा, ब्रह्मा के साथ सरस्वती, गणेश के साथ अम्बिका तथा सूर्य के साथ सावित्री के चरित और महात्म्य का, विशद विवरण है। इन सभी का परिचयात्मक विवरण भी अत्यन्त बृहद आकार का और श्रमसाध्य है। हिन्दू महाशक्तियों में भी सर्वाधिक सम्मानित और लोकप्रिय हजारों नामों और रूपों में पूजित शिवशक्ति के भी शांत या सौम्य तथा रौद्र या उग्र, दो स्वरूप रहे हैं। उदाहरणस्वरूप सौम्य, शांत या कोमल रूप में यदि वह, उमा, गौरी, पार्वती, भगवती, जगन्माता, अम्बिका आदि है तो रौद्र या भयानक रूप में वही, दुर्गा, काली, कपाली, चण्डिका, चण्डी, भैरवी, श्यामा आदि नाम/रूप से पूजित या उपास्या है। यहां यह स्पष्ट करना अति आवश्यक है कि इन कुछ नामों के अतिरिक्त उनके असंख्य नाम और रूप विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित हैं।



## ब्रह्म की अनिर्वचनीयता

यदि मन्यसे सुवेदेति दभ्रमेवापि नूनं त्वं वेत्थ ब्रह्मणो रूपं यदस्य त्वं यदस्य देवेष्वथ नु मीमांस्यमेव ते मन्ये विदितम्।।

आचार्य शिष्य से कहते हैं "यदि तुम सोचते हो कि मैंने ब्रह्म को भलीभांति जान लिया है "तो निश्चित रूप से तुमने उस ब्रह्म का वह थोड़ा सा ही रूप जाना है जो तुममें और देवताओं में व्यक्त हुआ है। अतः तुम्हें इस विषय पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।

आचार्य शिष्य को यह बता चुके थे कि यह ब्रह्म दुर्विज्ञेय अर्थात् कठिनाई से जानने योग्य है। शुद्ध चित्त वाले किसी मेधावी शिष्य को यह ब्रह्म ज्ञात हो सकता है, परंतु किसी किसी को नहीं भी ज्ञात हो सकता। आचार्य ने यह भी उपदेश दिया था कि "जो तू आत्मा है, वही ब्रह्म है"। इससे आचार्य की यह आशंका स्वाभाविक थी कि कहीं शिष्य यह न समझ बैठे कि स्वयं को जान लेने अथवा आत्मा को जान लेने मात्र से ही उसने ब्रह्म को पूर्णरूपेण जान लिया है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इसी संभावित आशंका का निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि हमारे द्वारा संकेत से बताए गए ब्रह्मतत्व को सुनकर यदि तू ऐसा मानता है कि मैं उस ब्रह्म को भलीभांति जान गया हूं, तो यह निश्चित है कि तूने ब्रह्म के स्वरूप को थोड़ा जाना है। यदि तुम केवल उस परब्रह्म के अंशभूत जीवात्मा अथवा देवताओं के रूप में मन, बुद्धि, प्राण, इन्द्रिय आदि में स्थित ब्रह्म के अंश को ब्रह्म समझते हो, तो तुम्हारा यह समझना यथार्थ नहीं है। ब्रह्म इतना ही नहीं है। इस जीवात्मा मे और समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त जो ब्रह्म की शक्ति है, वह सब मिलाकर भी ब्रह्म का एक अंश मात्र ही है। अतएव तेरा समझा हुआ यह ब्रह्म तत्व तेरे लिए पुनः विचारणीय है, ऐसा मैं मानता हूं।

# बिजनौर

### एक नजर

#### गोवंश को पकड़ने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**हल्दौर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा गया। इसमें बताया कि गांव नांगल जाट के जंगलों में चीनी मिल के बंद होने की वजह से अचानक निराश्रित गोवंश की संख्या बढ़ गई है। यह निराश्रित गोवंश गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कहा कि किसान जल्द ही इन्हें स्वयं पकड़कर ब्लॉक कार्यालय में बांधने के लिए विवश होंगे।

#### हरियाणा की कार से 10 लाख की नकदी बरामद

**बिजनौर, अमृत विचार :** पुलिस चौकी भागीरथ गंगा बैराज पर वाहन चेकिंग के दौरान टीम ने एक कार में 10 लाख रुपये की नकदी पकड़ ली। कार हरियाणा की बताई गई है। अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मजिस्ट्रेट स्ट्रेटिक मोहम्मद इरफान के नेतृत्व में सर्विलांस टीम सोमवार रात आठ बजे वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी रोहतक निवासी मोहित गर्ग की कार रोक ली। कारमें 10 लाख रुपये मिले। आगे की कार्रवाई के लिए आयकर विभाग को जानकारी दी गई।

## पुलवामा की घटना का लिया बदला : नड्डा

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- विपक्ष के आधे नेता जेल में और आधे बेल पर

संवाददाता, धामपुर (बिजनौर)

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सपा-कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के आधे नेता जेल में और आधे बेल पर हैं। पुलवामा की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि तुमने बहुत बड़ी गलती की है, तुम्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इसके 10 दिन बाद ही एयर स्ट्राइक की गई। लेकिन कांग्रेस के नेता इसके प्रमाण मांगते रह गए।

मुरादाबाद मार्ग स्थित प्रियंका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में सोमवार को वह जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाएं गिनाईं और विकास कार्यों का भी जिक्र किया। कहा कि भाजपा सरकार सबको साथ लेकर चलती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाया गया। क्या वहां के युवाओं ने देश के लिए बलिदान नहीं दिया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं, किसानों और गरीबों का कल्याण हुआ है। शोषित, वंचित, गरीब हर वर्ग को भाजपा ने बल दिया है।

27 नए मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश को दिए हैं। तीन हजार किलोमीटर के हाईवे बनाए गए। वंदे भारत ट्रेन चलाई गई। नई सड़कें बन रही हैं। नगीना का विकास हो रहा है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने सपा, कांग्रेस, टीएमसी और आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला। कहा कि मैं घंमडिया गठबंधन के बारे में आपको बता दूं, यह घंमडिया गठबंधन केवल दो बातों का है, एक गठबंधन है जो भ्रष्टाचारी बचाओ गठबंधन है। ये परिवार की पार्टियां हैं। कांग्रेस ने चीनी घोटाला किया। चावल का घोटाला किया। 2जी, 3जी घोटाला किया। विमानों का घोटाला किया। आकाश से पाताल तक कुछ नहीं छोड़ा।

उधर, तय कार्यक्रम के अनुसार, जेपी नड्डा को हेलीकॉप्टर से 12 बजे धामपुर पहुंचना था, लेकिन उनके पहुंचने में कुछ देरी हुई और वह हेलीकॉप्टर से चार बजे यहां पहुंचे। लोग उनका इंतजार कर रहे थे। उधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी दोपहर 12 बजे ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए थे। नगीना लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ओम कुमार, विधायक अशोक कुमार राणा आदि मौजूद रहे।



जनसभा के मंच पर मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

### ग्राहकों को लेकर मीट के दो विक्रेताओं में मारपीट

**नहटौर, अमृत विचार :** मोहल्ला नेजो सराय में ग्राहकों को लेकर दो मीट विक्रेताओं में विवाद हो गया। दोनों में मारपीट हुई। इस दौरा युवक घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

मोहल्ला नेजो सराय निवासी वजीर अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले में ही उसकी मीट की दुकान है। दूसरा पक्ष भी मीट की दुकान चलाता है। उस पक्ष के लोग आए दिन उनकी दुकान से जबरन ग्राहकों को बुलाते रहते हैं। इसी बात को लेकर गाली गलौज शुरू हो गई। उनकी दुकान पर आकर दूसरे पक्ष के लोगों ने विवाद करना शुरू कर दिया। आरोप है कि गांव अकबराबाद निवासी उनके रिश्तेदार आरिफ को भी पीटा।

विवाद के दौरान कुछ लोगों ने बीच बचाव करने का भी प्रयास किया। मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने घायल आरिफ को सीएचसी में भर्ती कराया है। चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

### सार-संक्षेप


नवरात्र को लेकर सामान खरीदतीं महिलाएं।

#### नैत्र नवरात्र आज से, बाजारों में हुई खरीदारी

**नगीना, अमृत विचार :** शारदीय चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू हो जाएंगे। इसे लेकर नगर के बाजारों में सोमवार को लोग खरीदारी करते दिखे। कई दुकानों में भीड़ जुटी। नवरात्र को लेकर देवी के श्रृंगार, चुनरी, नारियल, प्रसाद व पूजा सामग्री की बिक्री के लिए नगर में दुकानें सजकर तैयार हो गए हैं। लोग इन दुकानों पर खरीदारी करने में लगे हैं। श्री रामलीला ग्राउंड स्थित देवी के मंदिर व नगर के अन्य मंदिरों में सफाई, रंगाई, पुताई की गई है। साथ ही पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

#### भूखंड पर कब्जा करने का आरोप, एसपी से शिकायत

**स्योहारा, अमृत विचार :** मोहल्ला हयात नगर निवासी जाकिर ने एसपी से मदद की गुहार लगाई। बताया कि वह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। यहां उसका 133 गज का भूखंड है। इस पर हयात नगर के ही वसीम, नईम, फहीम और नौशाद ने अवैध कब्जा कर ईंट, रिक्शा और अन्य सामान रख दिया है। पीड़िता ने विरोध किया तो चारों ने उसे मारा पीटा। आरोप है कि वसीम ने तमंचा तानकर उससे से जबरन भूखंड अपने नाम कराने की धमकी दी। उसने घटना की जानकारी स्योहारा पुलिस को दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने एसपी से मदद और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

#### ईदगाह में पढ़े नमाज : काजी

**शेरकोट, अमृत विचार :** ईदगाह कमेटी के सदस्या काजी शमीम व थाना प्रभारी धीरज सिंह नागर ने ईदगाह परिसर का निरीक्षण किया। सदस्यों से उचित व्यवस्था बनाने का आह्वान किया। उन्होंने ईदगाह परिसर के बाहर नमाज अदा नहीं करने का भी आह्वान किया। काजी शमीम ने बताया कि ईदगाह में आने वाले सभी नमाजी अंदर ही ईद की नमाज अदा करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार ईद की नमाज सुबह साढ़े आठ बजे अदा की जाएगी। इस दौरान शहर इंचार्ज विपिन कुमार, नदीम अहमद, नफीस अहमद, अब्दुल रहीम आदि मौजूद रहे।

#### जागरण में झांकियों ने लोगों का मन मोहा

**शेरकोट, अमृत विचार :** गांव उमरपुर आशा में मनोहर सिंह, अंकुल कुमार, कपिल कुमार ने चैत्र नवरात्र शुरू होने से पहले सोमवार को मां भगवती का विशाल जागरण कराया। इसमें राधा–कृष्ण व शिव–पार्वती और महाकाली की मनमोहक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। मां भगवती का जागरण प्रारंभ करने पर आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने विधिवत पूजन कराया। जागरण समापन पर कन्या पूजन कर हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान लोगों को प्रसाद ग्रहण किया।

#### प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे मतदान कार्मिकों को चेतावनी

**बिजनौर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के लिए नूरपुर रोड स्थित विवेक कॉलेज में मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। डीएम ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दो पालियों में 3332 मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई थी। इसमें प्रथम पाली में 1604 और द्वितीय पाली में 1728 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देना था। इनके सापेक्ष प्रथम पाली में 34 तथा द्वितीय पाली की प्रशिक्षण में 41 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। उन्होंने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित रहने वाले मतदान कार्मिकों के लिए कहा कि आगामी निर्धारित तिथि को निश्चित रूप से उपस्थित होकर ट्रेनिंग प्राप्त करें। अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

## नगर में कार ने स्कूटी सवार मौसेरे भाइयों को रौंदा, दोनों की मौत


परविंदर


वीर्यान्शु

संवाददाता, बिजनौर

- नजीबाबाद रोड पर स्वहेड़ी के पास हुआ हादसा
- नगर पालिका में कर्मचारी था परविंदर उर्फ लक्की

**अमृत विचार :** नजीबाबाद रोड पर रविवार रात कार चालक ने स्कूटी सवार दो मौसेरे भाइयों को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया कि बिजनौर शहर के मोहल्ला बुखारा का रहने वाला परविंदर (20) उर्फ लक्की नगर पालिका में कर्मचारी था। रविवार रात वह अपने मौसेरे भाई वीर्यान्शु (14) पुत्र अरविंद निवासी सहानपुर के साथ नजीबाबाद से बिजनौर लौट रहा था। जैसे ही इनकी स्कूटी स्वहेड़ी के पास पहुंची तो कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि परविंदर अपने चाचा को बिजनौर से नजीबाबाद छोड़ने गया था। वहां से लौटते समय परविंदर वीर्यान्शु को साथ लेकर आ रहा था।

### डीसीएम चालक ने ट्रक में मारी टक्कर, छह घायल

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 स्थित गांव भज्जावाला के पास नींद की झपकी आने पर डीसीएम चालक ने ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में डीसीएम में सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। उत्तराखंड के रुड़की क्षेत्र के गांव पनियाला निवासी शाहरुख व अनस, खालिक, गुलबाहर, शौकीन निवासी बिजौली व मंजूर निवासी मुजफ्फरनगर बहराइच में कोल्हू चलाने का काम करते हैं। सोमवार तड़के वे डीसीएम से अफजलगढ़ से होते हुए रुड़की जा रहे थे, जैसे ही उनकी डीसीएम गांव भज्जावाला के पास पहुंची तो आगे चल रहे ट्रक में डीसीएम चालक ने टक्कर मार दी। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### चैती में सजीं दुकानें, मेला आज से होगा शुरू

**काशीपुर, अमृत विचार :** ऐतिहासिक चैती मेला मंगलवार से शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। मेले में 25 प्रकार के झूले व सैकड़ों दुकानों को सजा लिया गया है। पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, मेला अधिकारी, पंडा परिवार समेत शहर के गणमान्य लोग मेले का शुभारंभ करेंगे। हर साल नवरात्र के पहले दिन लगने वाले चैती मेले में दुकानें, झूले और मौत का कुआं आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस बार अंडर वाटर फिश टनल मेले में आने वालों को खूब भाएगा। मेला प्रशासन के अनुसार मेले में खिलौने, खाने पीने, घरेलू वस्तुओं, महिलाओं के लिए सिंदूर की दुकानें लगी हैं। बताया कि मंगलवार को 11 बजे पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह, चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री आदि मेले का शुभारंभ करेंगे।


घायल बदमाशों को जिला अस्पताल ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

### मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश, पुलिसकर्मी घायल

संवाददाता, किरतपुर

**अमृत विचार :** नगर की अमन कॉलोनी में सोमवार शाम पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से दो बदमाश और कांस्टेबल घायल हो गए। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम साढ़े सात बजे नजीबाबाद मार्ग पर अमन कॉलोनी में नव निर्मित मकान में पांच बदमाश लूट की साजिश रच रहे थे। तभी सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए बदमाशों को घेर लिया। पुलिस की गोली से सोमपाल( 28) पुत्र मुंशीराम निवासी अहमदगढ़ थाना झिंझाना जनपद शामली और बंटी (25 ) पुत्र ब्रजपाल निवासी कुढ़ी आश्रम थाना हल्दौर को घायल हो गया। दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। एसओजी टीम बिजनौर के हेड कांस्टेबल कांस्टेबल प्रवेंद्र (36) भी जख्मी हो गए।

षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए ।

## संपादकीय

# मदद के नए रास्ते

भारत बड़ी शक्तियों के साथ स्वयं को सुपर पावर के रूप में स्थापित करने का संतुलित प्रयास कर रहा है। इस बात में भी कोई शक नहीं है कि भारत शीघ्र ही विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी के चलते भारत पड़ोसी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मदद करेगा और बड़े भाई की भूमिका निभाएगा। विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं की संख्या में तेजी आई है। 1970 से 2019 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। 1970 से 2021 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में 20 लाख लोगों की मौत हुई है और 4.3 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमडी)की रिपोर्ट के अनुसार, 101 देशों में अभी भी मौसम को लेकर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली मौजूद नहीं है। आशंका है कि 2030 तक दुनिया में 560 मध्यम से बड़ी आपदाएं हर साल आ सकती हैं। डब्ल्यूएमडी उन विश्वव्यापी प्रयासों का समन्वय करता है जो सटीक और समय पर मौसम के पूर्वानुमान के उत्पादन के लिए आवश्यक हैं। सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकि सहायता की जरुरत है।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी नाम से एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान साल 2022 में शुरू किया गया था, जिसमें साल 2027 तक सभी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को बचाने पर केंद्रित किया गया है। अभियान के पहले चरण के तहत चिन्हित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद भारत करेगा। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली खतरे की निगरानी, पूर्वानुमान और भविष्यवाणी, आपदा जोखिम मूल्यांकन, संचार और तैयारी गतिविधियों, प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की एक एकीकृत प्रणाली है जो खतरनाक घटनाओं से पहले आपदा जोखिमों को कम करने के लिए समय पर कार्रवाई करने में सक्षम बनाती है। अब पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया जा सकेगा। राहत की बात है कि जमीन स्तर पर मुश्किलों से जूझ रहे लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए कुछ नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं। इससे आपदाओं से उभरने के लिए समय रहते बेहतर संसाधनों का निर्माण संभव हो सकेगा।

# कोई गणित नहीं अवाम की ताकत का स्पंदन है लोकतंत्र


कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है।

यह संवैधानिक खुशफहमी सही है कि भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सत्तर वर्ष से ज्यादा उम्र के हो गए लोकतंत्र ने कई चुनौतियां झेली हैं। उनका मुकाबला भी किया है। एक गंभीर, चिंतामूलक और लंबी बौद्धिक जद्दोजहद के बाद लोकतंत्र का यूरोपीय अवधारणाओं से प्रेरित भारतीय ढांचा खड़ा किया गया। देश के भविष्य के लिए चिंताओं और समस्याओं से रूबरू होते विधायन पुरुषों ने वे संभावित वायदे किए जो किसी स्वतंत्र और विकासशील देश के विचारस्फुरण में सपनों की तरह संघर्षशील आजादी के उसके आंदोलन में खदबदाते रहे थे। आईन के बुनियादी स्थापनाकारों की नीयत, समझ और अध्यवसाय में असाधारण पारदर्शिता और निष्कपटता रही है। भारतीय प्रजातंत्र की संवैधानिक रचना खुले मन से, खुले आकाश की तरह की संविधान सभा के सारगर्भित बहस मुबाहिसे में हुई है। उम्मीद यही थी कि लोकतंत्र का पौधा आजाद भारत में पुख्ता वटवृक्ष की तरह अवाम का संरक्षक बनकर इतिहास में अपनी कुव्वत का लोहा मनवाएगा।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी। सरकार नामक संस्था केवल सहायिका होगी। स्वतंत्र होने का यदि ऐसा बोध हो जाता तो उसे लोकतंत्र कहा जा सकता था।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी।

वैधानिक लोकतंत्र की रचना करते लेकिन आंशिक तौर पर वायदा खिलाफी हो गई। सत्ता के त्रिभुज में विधायिका के लिए बालिग सभी देशवासी निर्वाचक हुए। उन्हें ही 'हम भारत के लोग' कहा गया। पांच वर्ष के लिए विधायिका का चुनाव करते भारत के नागरिक लेकिन कमतर भूमिका अर्थात मतदाताओं में तब्दील कर दिए गए। लोकतंत्र की बुनियादी कारगर ताकत फिर निर्वाचित प्रतिनिधियों में अंतरित हो गई। उनका चुनाव एक संविधानेतर संस्था अर्थात् राजनीतिक पार्टियों के आका अपनी अपनी दार्शनिकताओं, व्यवस्थाओं और स्वार्थी विवशताओं के चलते करने लगे। एक तरह से जनता ने लोकतंत्र के पुर्जे को पांच वर्ष की संविदा या ठेके पर कुछ सैकड़ा प्रतिनिधियों को सौंप दिया। न तो यह आईन की मंशा थी और न ही भारत के 'हम लोगों' की मंजिला हकीकत लेकिन इसके ठीक उलट हो जाने से लोकतंत्र एक मशीन में तब्दील हो गया है। वह कुछ ताकतवर लोगों की जागीर बनकर रह गया है। जनता के धन और योगदान से वह बना है। उन्हें दरिद्र, दीवालिया और दीनहीन करार देने की जुगत और बौद्धिक जुगाली को लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं कहा जा रहा है।

एक नए किस्म का आर्थिक फलसफा वैश्वीकरण, उदारीकरण, बाजारीकरण और निजीकरण का मुखौटा लगाकर संविधान के मकसदों समाजवाद और सार्वजनिक उपक्रमों को कुचलता हुआ नागरिकों की सार्वभौमिकता का खुल्लमखुल्ला मजाक उड़ा रहा है। नागरिकता एक सौ सैंतीस करोड़ 'हम भारत के लोगों' का निरीह परिचय पत्र है। संविधान में लोकतंत्र का सपना उस दौर के सबसे बड़े नेता गांधी ने देखा था। गांधी देश के जनजीवन में स्वप्न भंग के यथार्थ के सबसे बड़े अभिशप्त हैं। उनका जीवन और मरणोत्तर यश निराशा, धोखाधड़ी और वायदा खिलाफी का शिकार बना दिया गया है। नेहरू और अंबेडकर जैसे असाधारण बौद्धिकों ने वेस्टमिन्स्टर प्रणाली लोकतंत्र की भारतीय धरती पर रोपकर एक नए किस्म का राजनीतिक प्रजातांत्रिक मौलिक प्रयोग तो किया। उन दोनों की असाधारण भविष्यमूलक दृष्टि में आम आदमी के पक्ष में पैरवी करती घोषणाओं का अंबार है। यदि वे कारगर हो जातीं, जिसकी संभावना उन्होंने देखी थी, तो हिंदुस्तान का लोकतंत्र दुनिया में नायाब और अजूबा होता। उनकी उम्मीदें बाद की सरकारों ने चिंताओं में बदलीं। चिंताओं को सार्वजनिक विषाद में और विषादमय जनता की पस्तहिम्मती को भुनाते हुए नवधनाड्य वर्ग ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जाल देश में अमरबेलों की तरह उलझा दिया। भ्रष्टाचारवाद, अपराधवाद, संप्रदायवाद, उपनिवेशवाद, पूंजीवाद के कई भाई भतीजे हैं। ये ऑक्टोपस की तरह लोकतंत्र की आत्मा को मिथकीय यमदूतों की तरह जकड़कर अट्टहास कर रहे हैं। हिंसा, खूंरेजी अहंकार, हत्याएं, बलात्कार, लूट, डकैती, आगजनी भारतीय जीवन के नए चोचले हैं। उन्हें ज़म्हूरियत के विकारों की तरह इतिहास बेमन से दर्ज कर रहा है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है। उसके किरदार हर वक्त केवल अभिनय की मुद्रा में दिखाई देते हैं। वे पांच वर्ष में एक बार मतदाताओं को नागरिक समझते उनके विश्वास की कलम से धोखाधड़ी के ब्लैंक चेक पर दस्तखत लेकर उसकी नकदी को लोकतंत्र को कमज़ोर करने की अपनी स्वार्थी जुगत के लिए भुना लेते हैं। सियासती दलों के घोषणापत्र मृगतृष्णा का राजनीतिक संस्करण हैं। लोकतंत्र अहसास की तरह आने का वायदा किए लाया गया था। वह टीस की तरह हर भारतीय के मन में लगातार चुभ रहा है।

यह हसीन मुगालता है कि भारत कभी विश्व गुरु बनने वाला है। यह भी संदिग्ध दावा है कि देश में सब कुछ ठीक चल रहा है। देश में ऐसा कोई मध्यवर्गीय और गरीब परिवार नहीं है जहां बेरोजगारी का दंश नहीं है। नागरिक आजादी का कैदघर बनाया जा रहा संविधान अभिभावक की भूमिका में होने के बावजूद रक्षक की भूमिका में नहीं है। यह देश कुछ सैकड़ा धनपतियों की मुट्ठी में आ गया है। अवाम का हौसला टूट रहा है। अत्याचार सहने की उसकी ताकत इतनी लचीली है कि उसे विरोध करना संभव नहीं लगता। लोकतंत्र आंकड़ों की अंकगणित नहीं अवाम की ताकत का स्फुरणनामा होता है। जॉन स्टुअर्ट मिल ने कभी कहा था यदि पूरी मनुष्यता के खिलाफ एक व्यक्ति की राय भी कायम है। तो उसकी आवाज़ को खामोश करने से ज्यादा कारगर यह है कि वह एकल आवाज़ गुमराह हो रही मनुष्यता के अहंकार को खामोश कर दे। कहो, लोकतंत्र सच क्या है?

## प्रसंगवश

# व्यवस्था और व्यक्ति


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

खामियां दो तरह की होती हैं- व्यवस्थागत और व्यक्तिगत। व्यवस्थागत खामियां हैं, बहुत हैं। इसमें मेरी जरा भी असहमति नहीं है। सबसे पहली बात तो यही है कि शिक्षा सरकार के अधीन नहीं होनी चाहिए। न्यायालय की तरह इसे स्वतंत्र होना चाहिए। यह स्वतंत्रता किस तरह की होगी, कैसे होगी, कौन इसके संचालक होंगे, यह अलग से विचारणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कुव्यवस्था के खिलाफ लड़ना कोई खेल नहीं है। सवाल है कि इस कुव्यवस्था में भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं या नहीं? मेरे ख्याल से कर सकते हैं, परंतु करने वाले उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। मेरे देखने में कुछ इस तरह के शिक्षक पाये गए हैं। जो पहले नहीं पढ़ाते थे, वे आज भी नहीं पढ़ाते हैं। इसलिए भी कि उन्हें पढ़ाने के लिए बाध्य करने वाली कोई शक्ति नहीं है। अधिकारी डंडे के बल पर उन्हें उपस्थित तो करवा सकते हैं, लेकिन पढ़वा सकने का कोई उपाय नहीं। अभिभावक या तो अज्ञानी हैं या संगठित नहीं हैं। अभिभावकों की ओर से कोई निवेदन या दबाव शिक्षकों पर नहीं है। इसीलिए खिसियाए शिक्षक कहते हैं कोई सुधार तो हुआ नहीं। अधिकारियों के द्वारा भय पैदा करने से क्या लाभ? ऐसे शिक्षक 9 से 5 तक समय काटकर घर चले जाते हैं। कुछ शिक्षक गपशप, खानपान, हंसी-मजाक में समय आसानी बिता कर घर चले जाते हैं। जो मैनेज करने में माहिर हैं वे आज के समय में भी देर से आते हैं और पहले चले जाते हैं। कुछ शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं, पढ़ाते भी हैं, लेकिन वे बहुत से काम नहीं कर पाते हैं, क्योंकि व्यवस्था उनका सहयोग नहीं करती। लेकिन वे कामचोर नहीं हैं।

असली शिक्षक वे हैं जो विद्रोही हैं। विद्रोही तो वह है जिसे मालूम है पढ़ाई का महत्व, जिसे मालूम है पढ़ाने का ढंग, जिसके पास निरंतर ज्ञान हासिल करने और उसे बांटने की ललक है और इसके लिए वह रास्ता भी निकाल लेता है। बच्चे अगर स्कूल नहीं आ रहे हैं तो वे उन्हें आकृष्ट करने के लिए कोई उपाय करते हैं। सफल नहीं होने पर वे स्वाध्याय के लिए जगह ढूंढ़ लेते हैं। निरर्थक गपशप करने वाले शिक्षकों के साथ बैठकर समय नहीं गंवाते। ऐसे ही शिक्षकों को मैं शिक्षक कहता हूं।

# राजनीति और कलाओं का अंतर्संबंध


अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे।

तात्कालिक राजनीति हमेशा क्षुद्र होती है लेकिन सौ-पचास साल बाद वही इतिहास बन जाती है और गंभीर अध्ययन का विषय मानी जाती है। विचित्र बात है कि तात्कालिक राजनीति पर विचार करते हुए लेख लिखना अच्छा नहीं समझा जाता लेकिन उसी समय उसका वर्णन उपन्यास में करना या उसका चित्रण कविता में करना प्रशंसनीय माना जाता है। इसका कारण शायद यह है कि साहित्य उन घटनाओं, चरित्रों को एक तो संवेदना की आंख से देखता है, दूसरे उन्हें निर्वैक्तिक, निर्जीव तथ्य के रूप में अंकित नहीं करता, मानवीय गतिविधियों के प्रसंग में अंकित करता है। मतलब यह कि किसी पात्र को अकेले-अलबेले रूप में न दिखाकर लोगों के साथ, उनके बीच, उनकी भूमिका के संदर्भ में चित्रित करता है। किसी 'नायक' के कार्यकलापों का लोगों पर किस तरह का असर होता है, नायक क्या सोचता है और लोग बाग क्या सोचते हैं, जीवन में मौजूद सामग्री से नायक किन्हें अपने कार्यकलाप का माध्यम बनाता है और लोग बाग किन पहलुओं को आवश्यक समझते हैं, यह सब साहित्य में आता है; न समाज शास्त्र में आता है, न इतिहास में।

फिर भी साहित्यिक अध्ययन में दूसरी विद्याओं का सहयोग लिया जाता है जबकि दूसरी विद्याएं साहित्य को दोयम दर्जे की चीज मानती रही हैं। इधर जब से साहित्य का उपयोग इतिहास के अध्ययन के लिए होने लगा है तबसे कुछ नई विश्लेषण पद्धतियां उभरी हैं, हालांकि उनके लिए साहित्य केवल स्रोत है, इससे ज्यादा उसका कोई महत्व नहीं है। मुझे लगता है कि अगर ऐतिहासिक सत्य जानने के लिए साहित्य का उपयोग किया जाता है तो उसकी साहित्यिकता का भी ध्यान रखना चाहिए। मतलब यह कि साहित्य केवल अपने समय के सामाजिक (बाह्य) तथ्यों का वृत्तांत नहीं होता, उसमें मनुष्य के सोचने-विचारने का ढंग भी अभिव्यक्त होता है, उसके विश्वासों और सपनों की दुनिया भी रहती है। इतिहास के लिए अगर तोल्स्तोय या प्रेमचंद का उपयोग हो सकता है तो मनोवैज्ञानिक अध्ययन के लिए दॉस्तोएव्स्की या जैनेन्द्र कुमार का उपयोग क्यों नहीं हो सकता? जहां बात शुरू हुई थी, वह प्रश्न था तात्कालिक राजनीति को क्षुद्र मानने और विगत राजनीति को इतिहास का गौरव समझने की। इस संबंध में उदाहरणों की कमी नहीं है। औरंगजेब के समय उसके कार्यकलापों पर पक्ष में बोलना पुरस्कृत होना और विरोध में बोलना जान गंवाना था।

राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे। इसीलिए साहित्य अपने अध्येताओं को व्यापक दृष्टि देता है। यह व्यापक दृष्टि अपने स्रोता-पाठक-दर्शक को औरों से बेहतर मनुष्य बनाती है। यही कारण है कि प्लेटो कहते थे कि दार्शनिक तो शासक को आदर्श बनने की शिक्षा दे सकता है लेकिन नागरिक को आदर्श बनाने में साहित्य की सहायता ज़रूरी है।

प्लेटो खुद कवि रह चुके थे, वे दार्शनिक थे, वे साहित्य की प्रकृति और उसकी चालक शक्ति को समझते थे। लेकिन विभिन्न तथ्यों में से अपने अनुरूप तथ्य को चुनकर और अन्य तथ्यों की अवहेलना करके अपना 'नरेटिव' बनाने वाले राजनीतिज्ञ साहित्य को बर्दाश्त नहीं कर पाते। जो राजनीति जिस सीमा तक सीमित तथ्यों से, यानी कुछ सचाइयों के इस्तेमाल और शेष के दमन से अपना 'नरेटिव बनाती है, वह उतना ही साहित्य-संस्कृति के विरुद्ध होती है। इसीलिए तानाशाही सत्ताएं साहित्य को सहन नहीं करतीं। उस बात को यों भी कह सकते हैं कि जो सत्ताएं साहित्य-संस्कृति के प्रति जितना अहिष्णु होती हैं, उनमें तानाशाही की प्रवृत्तियां उतनी ही अधिक होती हैं।

हम यह कह सकते हैं कि कला के अन्य रूपों की अपेक्षा साहित्य के प्रति तानाशाही सत्ताओं का रवैया ज्यादा नकारात्मक होता है क्योंकि कविता, नाटक, उपन्यास आदि साहित्य के रूप भाषा पर निर्भर हैं और भाषा में विचार भी व्यक्त होते हैं, भावनाएं अधिक परिभाषित रूप में आती हैं; जबकि संगीत में केवल स्वर हैं जो संवेदनाएं जगा सकते हैं, विचार नहीं, नृत्य में मुद्राएं हैं जो भावोद्वेलन ला सकते हैं, सामाजिक जीवन के अंतर्विरोधों को उजागर नहीं कर सकते। संक्षेप में, कलाएं जितनी भी हैं, वे मनुष्य के सृजनात्मकता की अभिव्यक्ति हैं, वे संस्कृति की धरोहर हैं लेकिन विचार की दृष्टि से सबसे समर्थ या सशक्त सहित्य है क्योंकि वह भाषा पर निर्भर है और भाषा के बिना विचार की सत्ता नहीं हो सकती।यही कारण है कि तात्कालिक राजनीति चाहे जितनी क्षुद्र हो, उसी समय उसका वर्णन या चित्रण करने वाला साहित्य मूल्यवान होता है क्योंकि वह सत्ताओं के रुख से नहीं, जनता के हितों से परिचालित होता है।

## सोशल फोरम

# पर्यटक नहीं वरन एक बोझ


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

प्रचंड ग्रीष्म ने अपने आगमन का संदेश देना आरंभ कर दिया है। इस बार शीतकालीन वर्षा लगभग न के बराबर रही है। जल स्रोतों में निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। विगत सालों में फरसौली के अपने जल स्रोत को फावड़ा और कुदाल लेकर साफ सफाई करता था तो अप्रैल/मई के मध्य तक किचन गार्डन के लिए पानी चल जाता था। इस बार दाहिने हाथ ने साथ देना छोड़ दिया है। स्रोतों में पानी कम तो हो ही गया है और ऐसे महानुभावों का आगमन बढ़ गया है जिन्होंने अपनी अतिरेक कमाई से इन छोटी-छोटी पहाड़ियों पर जमीनें खरीदी और आलीशान बंगला बना कर रहते हैं। अर्थात जल स्रोतों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। ये पर्यटक नहीं हैं वरन् आर्थिकी पर एक बोझ हैं। पूरे साल दिल्ली,गोवा, जापान जैसे मनोरम स्थलों का आनन्द लेने के बाद अब उन सबकी आमद धीरे-धीरे इन पहाड़ियों के प्राकृतिक संसाधनों पर एक अतिरिक्त दबाव बढ़ा देगी। मुझे तो अपने पैतृक गांव डौणूं निकलना है। अप्रैल आखिर में गेहूं की कटाई करनी है और अगली फसल धान या दलहन के लिए तैयारी करनी है, इसके लिए गधेरों में उपलब्ध जल का संचयन करते हुए गूलें भी सुधरवाने का कार्य शुरू करना है। अच्छी बात यह है कि जब में छोटा फावड़ा (कसी -स्थानीय भाषा) लेकर निकलूंगा तो दो चार लोग साथ आ ही जाते हैं। जल संरक्षण के लिए फरसौली में तो प्रयास किया ही है। अब धीरे-धीरे पैतृक गांव में भी इसे करना है। मेरे लिए तो अमरीका, जापान, पेरिस,गोवा आदि सब मेरी वो जन्म भूमि है। इन सभी स्थानों के विकास को देखकर मुझे वह आनन्द स्थाई रूप से नहीं मिलता है जो समय पर सिंचित पहाड़ी खेतों में लहलहाती गेहूं पर लहराती हवा को देख कर मिलता है। स्थानीय स्तर पर यहां भवाली में एक श्री नेगी चौहान के सहयोग से जल स्रोतों के जल संवर्धन में प्रयासरत हैं लेकिन दो दिन पहले पता चला कि उनके इस कार्य के लिए धन की कमी आड़े आ रही है। सोच रहा हूं कि गांव से वापसी के बाद उन लोगों से योगदान के लिए आग्रह करवाता हूं जो पुराने धनवान हैं या सरकारी सेवाओं में अच्छा आर्थिक अर्जन कर इस कार्य के लिए सहयोग देने की स्थिति में हैं। **-फेसबुक वॉल से**

# विरोध करना बंद कर दोगे तो आत्महंता हो जाओगे


प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों का तड़फते मरते देखा।

एम्स (दिल्ली), भारत का सबसे बड़ा अस्पताल। मेरा पैट स्कैन होना था। सुबह नौ बजे से दिन में दो बजे मरीज इंतजार कर रहे थे। मेरी पुत्री इनक्वारी करने गई कि पापा का नंबर कब आएगा। एक मशीन खराब है, दवाई है नहीं। जिन मरीजों को घंटों से कैलूना लगे थे,जब पता लगा कि दवाई खत्म है, मशीन खराब है, उनकी इंतजारी की वाट लग गई है तो वह कुछ बोल न पाए। उनके कैलूना उतारने के लिए डॉक्टर तक न थे।

एक विहार से आया मरीज, दिल का मरीज तो था ही गरीबी की बीमार से भी ग्रस्त था। तीसरी बार भी टेस्ट न होने से इतना हताश, बेरंग हो गया कि उसने गुस्से से पर्ची फाड़ दी। एक डॉक्टर यह देख बौखला गया, बोला, जाओ टेस्ट न होगा। वह रोने लगा। तभी दूसरे संवेदनशील डॉक्टर को उसके रोने से आंसू आ गए। मेरी बेटी के भी आंसू आ गए। संवेदनशील डॉक्टर ने अश्वासन दिया कि हम तुम्हारा टेस्ट करेंगे। भूखे मरीज को बेटी ने खाने को दिया और 500 रूपये ऑफर किए। खाने की चीज तो उसने ले ली पर पैसे न लिए। बहुत कहने पर ले ही लिए। वह दिन संवदेना और बदइंतजामी का था।

होली बीती तो हम फिर अपनी तकदीर अजमाने चले चले। किसी तरह नंबर आया तो मैं भी बहुत से मरीजों के साथ एक छोटे से कौने में गिरफ्तार कर लिया गया। मरीज, मुजरिम से भी ज्यादा गुनहगार है। मुजरिम से तो पुलिस को,औरों को डर लगता है पर बीमार वह पापी, मुजरिम है कि पर्ची काटने वाले से लेकर, गार्ड, नर्स, डॉक्टर, सब उसके बॉस हैं। उनकी एक कृपा की नजर का वह तलबगार, कातरता से इंतजार करता है।

मैंने डॉक्टर से पूछा, हमारा नंबर कब आएगा। वह अकड़ कर बोला, मशीन ठीक हो जाएगी तो नंबर आऐगा। मेरे अंदर गलत के खिलाफ जब उबाल आता है तो उसमें सारे उबाल शामिल हो जाता है। मैंने उग्र हो कर कहा, तो एक बड़े अक्षरों में नोटिस लगा दीजिए ना, यहां जब मशीन दुरूस्त होती है तभी जांच होती है, जिम्मेवारी आपकी। इस पर डॉक्टर सहमा। बोला, मेरा क्या कसूर। जमाने का कसूर। स्थल पर हलचल हुई मशीन ठीक हुई।

मेरा नंबर आया तो दवाई नहीं थी। मैंने कहा, क्या जब दवाई आएगी तब इंजेक्शन लगेग। मैंने मरीजों को इंगित कर एक छोटा सा भाषण देशभक्ति के अंदाज में विरोध करने का आहवान दिया और कहा, मैं यही आमरण अनशन पर बैठता हूं। हम विरोध करते ही नहीं। कुछ नहीं तो पीएम पोर्टल में ही कर दो कम्पलेन। यह भाषण सुन तब घबराए डॉक्टर ने दवाई मंगवाई वह भी किसी परिचारक से। हद ही हो गई। किसी तरह हमारा नंबर आ जाए, किस्मत लहरा जाए यही सब सोचते हैं। उस अपाधापी में गंभीर मरीज भी अपनी बारी के लिए चंगा हो जाता है।

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों को तड़फते मरते देखा। किसी ने उन्हें झांका तक नहीं। सत्तर हजार का एक इंजेक्शन लगा के एक को और बर्बाद कर दिया। अरे मैं विदेश रहा हूं। वहां मरीज को घर से उठा के लाते हैं। इसीलिए जो बाहर गया फिर गया, वापस लौट कर नहीं आता। पर जैसे ही उनके मरीज का नंबर आया, उनकी उग्रता, नम्रता में बदल गई। वह डॉक्टर के आगे झुके जा रहे थे। जिंदगी से अजीज हम बीमार, सताए हुए हम आत्महंता लोग हैं। सारे अस्पतालों में मशीनें जो आदमी से ज्यादा संवेदनशील हैं। आगे चल कर एआई के हवाले ही संवेदनशीलता हवाले हो जाएगी। दोस्तो बीमार न पड़ना चाहे मर जाओ। कसरत करो, कम खा कर गम खाओ पर हालात पर न मुस्कुराओ। विरोध करो। विरोध करना बंद करत दोगे तो धीरे-धीरे आत्महंता हो जाओगे। मैं जब भी गलत के खिलाफ विद्रोह करने का साहस करता हूं तो आनंद से भर जाता हूं। उस दिन मैं आनंदित था, हे मैने कर दिखाया के अंदाज में।

# जकात, ज़िगर और जेब


तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

एक पंजाबी कहानी है कि एक बच्चा और उसकी मां काफी तंगहाली में जिंदगी बिता रहे थे। मां बच्चे को कुछ खाने पीने का सामान खरीद कर दे देती थी, बेचने के लिए। उसी कमाई से उनका घर चल रहा था। एक दिन बच्चा खाली हाथ घर लौट आया। जब मां ने पूछा की क्या हुआ सामान भी नहीं है और पैसे भी नहीं है। बच्चे ने बताया की आज कुछ भूखे साधू उसे मिल गए। उसने सारा सामान उन्हें ही खिला दिया।

ये सुनकर मां रोने लगी बच्चे ने सहम कर पूछा मां क्या मुझसे कुछ गलती हो गी। तुम रो क्यों रही हो। इस पर मां कहने लगी- गलती तुमसे नहीं शायद भगवान् से हो गई है। मैं तो रो रो कर उसी से फरियाद कर रही हूं किहे, भगवान तूने इस छोटे से बच्चे को जब इतना बड़ा जिगर दिया है तो इसकी जेब का भी कुछ ध्यान रख। उसे भी थोड़ा बड़ा कर। क्या जकात का संबंध जेब से है...शायद हां, शायद ना! जब कोई चीज़ इफरात में हो तो जिगर थोड़ा बड़ा हो सकता है या किया जा सकता है। लेकिन वो लोग सचमुच महान हैं जो छोटी जेब के बावजूद बड़ा जिगर दिखाते हैं। संसार में दान दाता देशों की सूची में मुख्यत विकसित देश और इसके लोग ही है। बिलगेट्स द्वारा शुरू की गई संस्था, जिसमें लोग अपनी कुल संपत्ति का 50 प्रतिशत दान करते है, में भी पश्चिम देशों के लोग ही ज्यादा है यानी दान का सीधा संबंध जेब से है। जितनी बड़ी जेब उतना बड़ा दानी। लेकिन भारत के अमीरों पर ये नियम कम लागू होता है। क्या ज़कात का संबंध ज़िगर से है ...बिलकुल ।

शायद ज़कात/ दान के लिए जिगर की जरूरत सबसे ज्यादा है। जिगर, जेब पर लगी ज़िप के सामान होता है कुछ देने से पहले पर्स की ज़िप यानी जिगर को खोलना पड़ता है। एक बारजब आपका दिल खुल गया तो कोई भी रकम आपको छोटी ही मालूम पड़ेगी। हो सकता है की आप पूरा पर्स ही दे दें ।

क्या ज़कात का संबंध धर्म से है?...जवाब है हां। ज़कात, दान और दसवंद के रूप में धर्म ने भी हम पर कुछ पाबंदियां आयद की है। हमारी कुछ जिम्मेवारियां तय की है। ताकि जरूरत मंदों की मदद की जा सके। आज भी हम दान इंसानियत के नाते कम, धार्मिक दृष्टिकोण से ज्यादा करते है। हमारा मुख्य उद्देश्य पुण्य कमाना या किसी जन्नत का लालच ही रहता है। लेकिन अफसोस कि सबसे अधिक धर्मों और धार्मिक लोगों का देश होने के बावजूद हम संसार में दानदाता देशों की सूची में बहुत निचले पायदान पर रहते हैं। पुण्य लूटने में भी लोग यहां कंजूसी कर जाते हैं। देखा जाए तो भारत मे लोग धार्मिक दान सबसे ज्यादा करते हैं। लेकिन फिर भी दान दाताओं की कम संख्या को देखते हुए ये कहना पड़ेगा कि या तो धर्म हमें प्रेरित नहीं कर पाया या धर्म का डंडा हमें डरा नहीं पाया। लेकिन जो प्रेरित हुए भी, जो डरे भी, जिन्होंने ईमानदारी से दान किया भी। उनका दान भी या तो दान पेटी में बंद रहता है या फिर उसकी बंदर बांट हो जाती है। बहुत कम ही धर्म स्थल है जो दान के पैसे का सदुपयोग करते हैं। बाकी दान यहां धर्म विशेष के लोगों की जेब मे चला जाता है। यही वजह भी है कि दान को धर्म का धंधा बनते देर नही लगती।






# दो जाट नेताओं की जंग में बसपा का ओबीसी दांव

जाट लैंड का तमगा, आठ चीनी मिलें और सबसे बड़ी गुड़ मंडी का खिताब यही तो है, शुगर बाउल यानी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले मुजफ्फरनगर की पहचान, जिसे यहां का कागज और स्टील उद्योग नई उड़ान दे रहा है। वर्ष 2013 में हुए दंगों ने इस शहर को बदनामी और परस्पर अविश्वास का ऐसा जख्म दिया कि लगा था मोहब्बत की सारी मिठास नफरत की दीवार में बदल जाएगी, पर वक्त के मरहम और किसान आंदोलन ने खेती-किसानी से जुड़े इस इलाके के जाट, गुर्जर और मुस्लिम समुदाय को सारी कड़वाहट भुलाकर फिर से एक कर दिया। हालांकि अब चुनाव आए हैं तो इस गन्ना बेल्ट में सियासी गुड़ फिर पक रहा है। चौपालों पर चर्चा का बाजार गर्म है। कौन किधर जाएगा, इसे लेकर आकलन और कयासों के बीच खापों का समर्थन पाने की होड़ और वोटों की जोड़-तोड़ इस बार रालोद के भाजपा के साथ आने के बाद नए राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे रही है। ऐसे में यह सीट पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे डॉ. संजीव बालियान और सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनौती पेश कर रहे हरेंद्र मलिक के साथ मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति का कड़ा इम्तिहान लेने के लिए तैयार है।


**बेहतर कानून-व्यवस्था और रालोद का साथ मिलने से तीसरी बार कमल खिलने के बढ़े आसार**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मुजफ्फरनगर में चुनावी माहौल गर्म और प्रचार का पारा ऊपर चढ़ रहा है। भाजपा की ओर से गृहमंत्री अमित शाह और रालोद मुखिया जयंत चौधरी सभाएं कर गए हैं। आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को मायावती लोकसभा क्षेत्र में जनसभा संबोधित करने आने वाली हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अगले हफ्ते रैली कर सकते हैं। इस संवेदनशील इलाके में सबसे बड़ा मुद्दा कानून-व्यवस्था का रहा है, जिसके बारे में पूछने पर अब अधिकतर लोग संतुष्टि के भाव में सिर हिलाते हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका श्रेय देते हैं। यह बात जहां भाजपा के पक्ष में जाती नज़र आती है, वहीं गन्ना मूल्य और बेसहारा पशुओं की धमाचौकड़ी से लोग परेशान भी हैं। कहीं-कहीं बातचीत में डॉ. बालियान को लेकर थोड़ी बहुत नाराजगी झलकती है, लेकिन भाजपा और रालोद का गठबंधन होने से सारे समीकरण लोग मुफ़ीद मानते हैं। हालांकि यह कहने वालों की कमी नहीं है कि इस बार मुकाबला तगड़ा है।




मुजफ्फरनगर के लोकसभा चुनावी रण में 11 प्रत्याशी हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा प्रत्याशी के बीच माना जाता है। केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान दो बार यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पिछली बार रालोद प्रमुख चौधरी अजित सिंह को उन्होंने नजदीकी मुकाबले में हराया था। इस बार हैट्रिक मारने के इरादे से मैदान में हैं। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सपा के टिकट पर उतरे हरेंद्र मलिक मुजफ्फरनगर के मैदान में तीसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। मलिक पुराने नेता हैं, वह लोकसभा और विधानसभा मिलाकर अब तक नौ चुनाव लड़ चुके हैं। उनके बेटे पंकज भी चार चुनाव लड़ चुके हैं। हरेंद्र मलिक 1985 में खतौली और 1989 से 1996 तक बघरा विधानसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। वर्तमान में उनके पुत्र पंकज मलिक चरथावल से विधायक हैं। हरेंद्र पिछली बार कांग्रेस के टिकट पर कैराना से चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें महज 70 हजार वोट ही मिले थे। इन दोनें के मुकाबले में उतरे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति ठेकेदार और रियल एस्टेट कारोबारी हैं। पहली बार मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। छिटके हुए बसपा के काडर वोटर को समेटने की क्षमता रखते हैं। पिछले दिनों प्रजापति समाज को सामाजिक हक दिलाने के लिए हरिद्वार से गाजियाबाद तक एक स्वाभिमान यात्रा निकाली गयी थी जिस पर गाजियाबाद में लाठीचार्ज को लेकर दारा सिंह चर्चा में आये थे।




## मुस्लिम और जाट मतदाता यहां भाग्य विधाता

- लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता पौने छह लाख गिने जाते हैं, यानी 33 फीसदी तक। जाट करीब 18 फीसदी हैं। लगभग 14 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दलित वोट बैंक भी लोकसभा सीट का परिणाम तय करने में अहम रोल अदा करता है। इसके अलावा गुर्जर और ठाकुर समुदायों का भी इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग 10-10 फीसदी वोट माना जाता है। प्रजापति, सैनी, त्यागी सहित अन्य जातियों के मतदाता भी चुनाव के नतीजा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## 2014 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत





1. भारतीय जनता पार्टी 2. बहुजन समाज पार्टी 3. समाजवादी पार्टी 4 कांग्रेस

## 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

**49.6 %** भारतीय जनता पार्टी

**49.2%** सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

## 2022 विधानसभा चुनाव में किसको कितने वोट




1. भारतीय जनता पार्टी 2. समाजवादी पार्टी 3. बहुजन समाज पार्टी 4 कांग्रेस

**18,16,284** लोस. सीट पर कुल मतदाता | **9,68,265** पुरुष मतदाताओं की संख्या | **8,47,875** महिला मतदाताओं की संख्या | **144** थर्ड जेंडर के मतदाता

## मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट





डॉ. संजीव बालियान- भाजपा



हरेंद्र मलिक - सपा उम्मीदवार



दारा सिंह प्रजापति - बसपा

### कभी मुस्लिम सियासत का गढ़ थी सीट पर इस बार नहीं कोई भी उम्मीदवार

- यह सीट पहले मुस्लिम सियासत का गढ़ गिनी जाती थी, लेकिन 2014 और 19 में लगातार दो बार डॉ. संजीव बलियान के सांसद बनने से हालात इतने बदल चुके हैं कि इस बार कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं है। साल 1999 में कांग्रेस के सईदुज्जमां ने भाजपा के सोहनवीर सिंह को हराया था। 2004 में सपा के मुनव्वर हसन ने भाजपा के ठाकुर अमरपाल सिंह को हराया। 2009 में बसपा के कादिर राना ने रालोद की अनुराधा चौधरी को पराजित किया था। इस तरह 1999 से 2014 तक 15 साल यहां मुस्लिम सांसद ही चुने गए। मुस्लिम प्रत्याशी की जीत की शुरुआत 1967 में भाकपा के लताफत अली खां की जीत से हुई थी। 1977 में लोकदल के सईद मुर्तजा जीते थे। 1980 में जनता दल (एस) के गय्यूर अली खां ने कांग्रेस के नजर मोहम्मद को हराया। 1989 में कश्मीर से आए मुफ्ती मोहम्मद सईद जनता दल के टिकट पर जीते और वीपी सिंह सरकार में गृहमंत्री बने।

### भाजपा के पास सिर्फ एक विधान सभा सीट

- विधानसभावार मतदाताओं का हिसाब-किताब देखें तो बुढ़ाना में सर्वाधिक तीन लाख 90 हजार मतदाता हैं। इसके बाद मुजफ्फरनगर में करीब पौने चार लाख, सरधना में साढ़े तीन लाख से ज्यादा, चरथावल में साढे तीन लाख और खतौली में लगभग सवा तीन लाख मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल मुजफ्फरनगर विधान सभा सीट पर जीत मिली थी। रालेद और सपा ने 2-2 सीटें जीत ली थीं।

# हिमाचल में भाजपा ने प्रचार में बढ़त बनाई, कांग्रेस प्रत्याशी तय न कर पाई

शिमला

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों को उतारने के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है, वहीं कांग्रेस सभी सीटों पर टिकटों के आवंटन में उलझी है और उनके नेता चुनावी तैयारियों की बैठकों तक ही सीमित हैं। राज्य की चार लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के चुनावी रण में उतरने से मंडी हॉट सीट बन गई है। मंडी संसदीय क्षेत्र में कंगना का तूफानी चुनाव प्रचार देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उनके चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाले हैं। प्रदेश भाजपा के अन्य बड़े नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों की बैठकों तक सीमित है। कांग्रेस अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस के नेता चुनाव प्रचार से दूर महज बैठकों में ही उलझे हुए हैं। प्रदेश में बेशक लोकसभा चुनाव आखिरी चरण में पहली जून को होने हैं, जिसके लिए अभी दो माह का समय है। लेकिन भाजपा ने चुनावी रण में अपने दिग्गजों को उतार कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। पूरे प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़े हुए है। वहीं कांग्रेस सरकार के मंत्री व पार्टी के आला नेता कार्यालयों तक ही सिमटे हैं। कांग्रेस का चुनाव प्रचार धरातल पर नहीं उतरने से पार्टी कार्यकर्ता मायूस हो रहे हैं। भाजपा ने हमीपुर और शिमला लोकसभा सीटों पर 13 मार्च और मंडी व कांगड़ा सीटों पर 24 मार्च को उम्मीदवारों का ऐलान किया था। वहीं छह विधानसभा सीटों पर 26 मार्च को उम्मीदवार घोषित किये गए थे। सभी सीटों पर भाजपा उम्मीदवार तय होने के बाद भी कांग्रेस में टिकटों की उलझन है। कांग्रेस नेताओं की माने तो चारों लोकसभा सीटों पर जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस दिनों स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से प्रदेश में अपने उम्मीदवार तय करने के लिए जनता की टोह ले रही है। कांग्रेस में मंडी लोकसभा सीट से प्रतिभा सिंह, शिमला से दयाल प्यारी और भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, हमीरपुर से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और कांगड़ा से पूर्व मंत्री आशा कुमारी के नाम चर्चा में हैं। विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस अपने नेताओं को जीत की क्षमता, संगठन के प्रति समर्पण और बेदाग छवि के पैमाने पर परख रही है। भाजपा ने छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायकों को टिकट दी है। इससे पिछला विस चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार नाराज हैं। कांग्रेस इन असंतुष्ठ भाजपा नेताओं पर नजरें जमाए हुए है। खासतौर पर लाहौल-स्पीति में कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक रवि ठाकुर को टिकट देने के बाद पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा को भाजपा मना नहीं पाई है। ऐसे में उन्हें कांग्रेस टिकट दे सकती है। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला, कुटलैहड़, सुजानपुर, गगरेट, लाहौल-स्पीति और बडसर में उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के बाद इन हलकों में चुनाव हो रहे हैं। इन चुनाव हलकों के कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा ने इन्हें उपचुनाव में टिकट देकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है। हिमाचल विधानसभा में उपचुनाव के परिणाम कांग्रेस और भाजपा के लिए बहुत अहम रहने वाले हैं। दरअसल 68 सदस्यीय विधानसभा में सत्ताधारी कांग्रेस के 34 और भाजपा के 25 विधायक हैं। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक हैं। इन्होंने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है, लेकिन अध्यक्ष ने अभी तक इनके इस्तीफे स्वीकार नहीं किये हैं।



### कंगना के खिलाफ ताल ठोंकने को तैयार विक्रमादित्य सिंह

मंडी लोकसभा सीट से हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने को तैयार नजर आ रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह मंडी से भाजपा उम्मीदवार बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने को राजी हैं। ऐसे में कांग्रेस कंगना रनौत के सामने युवा चेहरे विक्रमादित्य सिंह पर दांव खेल सकती है। कांग्रेस नेता और मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, वह आलाकमान के हर आदेश का पालन करेंगे, पहले भी उनके पिता-माता मंडी से सांसद रह चुके है। उनकी मां प्रतिभा सिंह तीसरी बार मंडी से सांसद हैं। मंडी की जनता उनके साथ जुड़ी है। कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया है कि भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत का मंडी सीट से हारना तय है।



## नाचो-गाओ उत्सव मनाओ...



त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटों के लिए 19 अप्रैल को त्रिपुरा वेस्ट और 26 को त्रिपुरा वेस्ट सीट पर मतदान होना है। इस राज्य की अपनी अनोखी जन जातीय संस्कृति और दिलचस्प लोक कथाएं हैं। यह दृश्य राजधानी अगरतला में आयोजित त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा की चुनावी रैली का है, जिसमें बड़ी संख्या में रंग बिरंगे परिधानों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। इसकी बड़ी वजह यह रही कि राज्य में भाजपा के खिलाफ विधान सभा चुनाव लड़ी राजघराने से जुड़ी त्रिपुरा मोथा पार्टी अब भाजपा सरकार में शामिल हो चुकी है। रैली में मोथा पार्टी के मुखिया प्रद्योत विक्रम मानिक्य देव बर्मा भी शामिल हुए।

# मध्य प्रदेश में 13 लोकसभा सीटों पर 175 उम्मीदवार

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो चुकी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में नामांकन और नाम वापसी के बाद इन 13 सीटों पर 175 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। पहले चरण की छह सीटों पर 88 और दूसरे चरण की सात सीटों पर 87 प्रत्याशियों के बीच लोकसभा का मैदान मारने की चुनौती है। दूसरे चरण में नामांकन वापसी के आखिरी दिन सोमवार को छह प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया। रीवा और होशंगाबाद में किसी ने नाम वापस नहीं लिया है।

दूसरे चरण की 7 सीटों रीवा, सतना, होशंगाबाद, टीकमगढ़, बैतूल, खजुराहो और दमोह पर 87 प्रत्याशी लोकसभा के रण में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना लोकसभा सीट लड़ रहे हैं। इसके बाद 14-14 खजुराहो और रीवा लोकसभा सीट से एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। दमोह में 13, होशंगाबाद में 12, टीकमगढ़ में 7, बैतूल में 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

सतना की तरह जबलपुर में भी सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। रविवार को जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी थी।

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान वाली सीटों में अब सीधी से 17, शहडोल से 10, मंडला में 14, बालाघाट में 13 और छिंदवाड़ा से 15 प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

# दिल्ली में भाजपा की राह में कांटे बिछाने का प्रयास

**कांग्रेस-आप का साथ**

महेश शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कांग्रेस-आप लोकसभा चुनाव की रणनीति में मुफीद मानकर चल रही हैं। कोशिश केजरीवाल की गिरफ्तारी को मतदाताओं की सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को वोट ट्रांसफर कराने की पुख्ता तैयारी की है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने अपने हिस्से की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक दिल्ली की बची तीनों सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह यह है कि पार्टी बदले माहौल को भांपकर इंटरनल सर्वे करा रही है। आंकड़े बताते हैं कि अगर मतदाता ने 2014 के चुनाव के पैटर्न पर दोनों दलों के पक्ष में वोटिंग की तो भाजपा से लड़ाई की राह आसान हो सकती है। लेकिन इसके लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य तथा समन्वय को मजबूत बनाने के साथ वोट एक दूसरे के पक्ष में ट्रांसफर कराने की बड़ी चुनौती है।




**केजरीवाल की गिरफ्तारी को सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को अपने वोट ट्रांसफर कराने की कवायद**

दिल्ली की सभी सातों सीटों पर 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। अबकी 2024 के लोकसभा चुनाव दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर-पूर्व दिल्ली, दिल्ली पूर्व, नई दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली की सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

2014 व 2019 में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग लड़ीं थी पर अबकी चार पर आप और तीन पर कांग्रेस के साझा प्रत्याशी भाजपा के सामने मुकाबले में होंगे। 2019 में भाजपा ने सातों सीटों पर 56.9 फीसदी वोट पाकर सभी सीटें जीत ली थी। तब 1.28 करोड़ वोटरों में 86.19 लाख वोट पड़े थे। भाजपा को 49 लाख 8 हजार 549 वोट मिले थे। कांग्रेस 22.6 फीसदी यानी 19.54 लाख वोट पाकर दूसरे नंबर पर रही थी। सात में पांच सीटों पर वह रनर थी। आम आदमी पार्टी को 18.2 फीसदी यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे। दोनों दलों का वोट और वोट का फीसद जोड़ें तो 40.8 फीसदी यानी 35 लाख 25 हजार 587 वोट होता है।

लेकिन अब दूसरी तरफ 2014 का लोकसभा चुनाव पर दृष्टिपात करें तो भाजपा ने सातों सीटें जीती थी। भाजपा को 46.6 फीसदी वोट अर्थात 38 लाख 38 हजार 850 वोट मिला था। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिला। पार्टी दूसरे नंबर पर थी। कांग्रेस सभी सीटों पर तीसरे नंबर पर थी। उसे 15.2 फीसदी यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिला था। दोनों दलों के वोट प्रतिशत को मिला दें तो यह 48.3 फीसदी यानी 39 लाख 75 हजार 965 वोट तक जा पहुंचता है जो कि भाजपा के मिले वोटों से ज्यादा है। ऐसे में वोटिंग पैटर्न 2014 के लोकसभा चुनाव वाला होने से भाजपा के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है। हालांकि दिल्ली वेस्ट (पश्चिम दिल्ली) सीट अपवाद है। वहां पर कांग्रेस और आप के वोट मिला लें तो भी भाजपा आगे रही थी। 2024 में आप पूर्वी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ रही है बाकी पर कांग्रेस। आपकी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ कहती हैं कि गठबंधन की सफलता वोटों की निर्बाध अदला-बदली पर निर्भर है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से जनता मे उपजी सहानुभूति के माहौल में यह संभव है। हालांकि तथ्य यह भी है कि दिल्ली में

कांग्रेस को नुकसान पहुंचाकर आप के वोट बढ़े हैं। 2009 के चुनाव से तुलना करें तो 2019 में कांग्रेस को 34 फीसदी का नुकसान हुआ। भाजपा को 22 फीसदी मतों का लाभ हुआ तो आप को 18 फीसदी का लाभ। अन्य को छह फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा।

# अनुसूचित वर्ग के नौकरशाहों में भाजपा से नेतागिरी का बढ़ा क्रेज

**पहले वॉमसेफ के जरिए दलित आंदोलन में लेते थे रुचि, अब भाजपा-संघ की भाने लगी है विचारधारा**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ


असीम अरुण


ब्रजलाल


रामबहादुर


विजय कुमार

**अमृत विचार।** कितने चेहरे लगे हैं चेहरों पर, क्या हकीकत है और सियासत क्या...,नौकशाहों में नेतागिरी की दूसरी पारी के बढ़ते क्रेज पर शायर सागर खय्यामी का यह शेर सटीक बैठता है। आजादी के बाद अनुसूचित वर्ग के नौकशाहों की पसंद में कांग्रेस ही सर्वोपरि रही, फिर 45 साल बाद बसपा ने खूब लुभाया। अब बीते एक दशक से मोदी और योगी की राजनीति ने ऐसे नौकरशाहों को वॉमसेफ से ज्यादा भाजपा और संघ का दीवाना बना दिया है।

ताजा घटनाक्रम पर गौर करें तो, हाल में ही सेवानिवृत हुए प्रदेश के कार्यकारी पुलिस महानिदेशक रहे विजय कुमार ने अपनी पत्नी अनुपमा के साथ लोकसभा चुनाव के बीच सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वे तेज-तर्रार दलित अफसरों में गिने जाते थे और मायावती के खास भी रहे। पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने तो बीते विधानसभा चुनाव से पहले नौकरी से वीआरएस लेकर भाजपा की सदस्यता ली थी। जाति से जाटव अरुण के पिता श्रीराम अरुण भी डीजीपी रहे हैं। असीम अरुण ने मुलायम-अखिलेश के गढ़ कन्नौज में अनुसूचित वर्ग के वोटों का हाथी से मोहभंग करने का गुरुतर दायित्व निभाने में बड़ी भूमिका निभाई। नतीजा रहा कि पहली बार विधायक बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इनाम में समाज कल्याण मंत्री बनाया।

- **असीम अरुण ने तो छोड़ दी थी शानदार नौकरी, ब्रजलाल, रामबहादुर के बाद विजय कुमार हुए मुरीद**

इससे पहले 2017 में बसपा सुप्रीमो मायावती के खास रहे पूर्व आईपीएस बृजलाल ने भी भाजपा के सत्ता में आने के बाद सदस्यता ली। माना जाता है कि अरुण ने शायद बृजलाल के राजनीति में आने के बाद ही खुद को राजनीति में जाने का मन बनाया था।




### उप्र की ठोको पॉलिसी में बृजलाल का रहा सहयोग

पासी दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बृजलाल वर्ष 2010-12 तक उप्र में डीजीपी थे। उनकी छवि एक कड़क पुलिस अधिकारी के साथ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की रही है। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तब बृजलाल के लगातार संपर्क में थे, जब उन्होंने अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ ठोको पॉलिसी के तहत बड़ा अभियान छेड़ा था। हालांकि योगी की इस ठोको पॉलिसी का विपक्ष लगातार विरोध करता रहा है। पहले सरकार ने बृजलाल को राज्य एसटी एससी कमीशन का चेयरमैन बनाया है। इसके बाद 2020 में उन्हें राज्यसभा का सांसद बना दिया।

### आईएएस रहे रामबहादुर भी भाजपा व संघ के बने पोषक

पूर्व आईएएस राम बहादुर ने भी सेवाा निवृत्त होकर दूसरी पारी बसपा की राजनीति से शुरू की थी, वे मायावती के खासे करीब भी रहे। लखनऊ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने कुछ कड़े फैसले लिए थे, जिसमें अवैध अतिक्रमण हटवाना भी शामिल था। वह कांशीराम द्वारा स्थापित आल इंडिया बैकवर्ड एंड माइनारिटी कम्युनिटी एम्पलाई फेडरेशन के सदस्य भी थे। राम बहादुर ने मोहनलालगंज से वर्ष 2017 में बसपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव भी लड़ा था, लेकिन अब मोहभंग होकर भाजपा और संघ की विचारधारा के पोषक बन गए हैं।

## कांग्रेस की चुनावी सभाएं जल्दः अविनाश पांडे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रदेश के पहले व दूसरे चरण की सीटों पर चुनावी सभाएं जल्द शुरू होंगी। रायबरेली व अमेठी सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा सही समय पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सभी 80 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा। प्रदेश प्रभारी सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने देश की जनता के सामने घोषणा पत्र को नये संकल्प के रूप में पेश किया है। देश के राजनीतिक इतिहास में यह पहला घोषणा पत्र है जो जनता की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि रणनीति के तहत अभी रायबरेली व अमेठी के प्रत्याशी घोषित नहीं किये गये हैं, पर दोनों क्षेत्रों की जनता का गांधी परिवार से लगाव है। लोगों की भावनाओं को केन्द्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही पहला कदम बेरोजगारी दूर करने के लिए उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली व सभा पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ चर्चा हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव के साथ इंडिया गठबंधन की रैली जल्द होगी।

# नगीना से प्रत्याशी चंद्रशेखर के खिलाफ देश में सर्वाधिक मुकदमे

**सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की सूची में देश में पांचवें स्थान पर**

**एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में दावा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में नगीना संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्रशेखर पर देश भर में सर्वाधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। इसमें कहा गया है कि आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर के खिलाफ कुल 36 मामले दर्ज हैं। जिसमें से 78 धाराएं गंभीर मामलों में दर्ज की गईं हैं। आईपीसी की अलग-अलग 167 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।



चुनाव सुधारों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के देश भर के प्रत्याशियों का वित्तीय, आपराधिक और शैक्षणिक विवरणों की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में उप्र. में पहले चरण के चुनाव की 8 सीटों पर उतरे 80 प्रत्याशियों का भी ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक नगीना सीट पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण पर देश भर में सबसे ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा, सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की फेहरिस्त में देश में पांचवें स्थान पर हैं।

### चंद्रशेखर के सर्वाधिक केस सहारनपुर में

चंद्रशेखर पर सरकारी अधिकारी को उसका काम करने से रोकने के मकसद से चोट पहुंचाने के, हत्या के प्रयास से संबंधित, डकैती की सजा से संबंधित समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। दरअसल, नगीना लोकसभा सीट पर पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास चंद्रशेखर ने जो हलफनामा जमा कराया गया उसके अनुसार इन पर कुल 36 मामले दर्ज हैं। इनमें से 26 केस सहारनपुर की अलग-अलग अदालतों में चल रहे हैं जो जनपद की ही विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गाजियाबाद में 1, दिल्ली में 2, मुजफ्फरनगर में 2, लखनऊ में 1, हाथरस में 1, अलीगढ़ में 2 और नगीना में 1 मामला दर्ज है।

# कद्दावरों से तय होता रहा राजनीतिक दलों का कद

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** सूबे की सियासत में आजादी से ही अलग पहचान बनाने वाले गोंडा जनपद में मतदान में भी बड़े दांव दिखाए हैं।

यहां के मतदाताओं ने पार्टियों के बजाए कद्दावरों को महत्व देते रहे। यही कारण रहा गोंडा संसदीय सीट पर देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी और केंद्रीय मंत्री रहे बेनी प्रसाद वर्मा जैसे सरीखे नेताओं को देश की सदन में जाने का मौका मिला। यह रवायत आज भी कायम है। बात हम बीते पांच चुनाव परिणामों के करें तो जनता के मूड की मैपिंग समाने आ जाती है। जिस तरह कद्दावर प्रत्याशियों के आने से पार्टियों का वोट प्रतिशत उछाल मार कर आगे बढ़ा वहीं कमजोर प्रत्याशियों को मजबूत दल का साथ मिलने के बाद भी मुंह की खानी पड़ी और वोट प्रतिशत भी धराशायी हो गया।


देश की सबसे बड़ी पार्टियों में शुमार कांग्रेस और भाजपा को भी कई बार मतदाताओं ने प्रत्याशी चयन में चूक का झटका दिया। यही नहीं प्रदेश की सियासत में पांव जमा रही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को पहली बार सदन भेजने का काम भी जनता ने कद्दावर नेता को चुनकर बड़ी पार्टियों को हैरत में डाल दिया। भले ही बसपा के किसी भी प्रत्याशी को जीत नहीं मिली लेकिन 2009 के चुनाव में उम्मीदवार के कद के कारण बसपा भी वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रही। यही नहीं वोट प्रतिशत में निचले पायदान पर पहुंच चुकी कांग्रेस को भी 2009 में ही कद्दावर नेता का साथ मिला तो मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ जीत का स्वाद भी 20 साल बाद चखने को मिला और मुख्यधारा में पार्टी की वापसी हुई।

**आंकड़े**

- **उम्मीदवारों के कद के हिसाब से घटते बढ़ते रहे मत प्रतिशत**

1999 में जीत हासिल करने के बाद भाजपा भी हासिए पर चली गई। 2004 का चुनाव मजबूती से तो लड़ी जीत के करीब नहीं पहुंच सकी। दस साल बाद भाजपा को भी जिले के कद्दावर नेता का साथ मिल गया। फिर क्या था भाजपा के सपनों को पंख लगे और जीत का सिलसिला 2019 तक जारी रहा। इस बार भी भाजपा ने कद्दावर नेता पर ही दांव चला है। फिलहाल सपा ने भी कांग्रेस से गठबंधन करने के बाद पूर्व में क्षेत्र की नुमाइंदगी कर चुके राष्ट्रीय स्तर के नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री को दावेदार बनाकर मैदान में उतार दिया है। इस बार दो कद्दावरों के बीच मुकाबला रोचक होने की दिशा में दिख रहा है।


### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट मिले |
|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह, विजेता | 5,08,190 |
| विनोद कुमार पंडित सिंह, उपविजेता | 3,41,830 |

| | |
|---|---|
| वर्ष | 2019 |
| कुल मत | 1744625 |
| पड़े मत | 923816 (53 .4%) |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्तिवर्धन सिंह | |
| सपा | नंदिता शुक्ला | |
| बसपा | अकबर अहमद डंपी | |


गोंडा




**निर्वाचित सांसदों की सूची**

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980, 84 व 89 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | केतकी देवी सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | कीर्ति वर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | कीर्तिवर्धन सिंह | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# राजनीतिक दलों के कितने सफल खेवनहार साबित होंगे छोटे दल

**सपा से कुछ दलों ने नाता तोड़ा तो कुछ अन्य दलों ने आगे बढ़कर मिलाया हाथ**

- **रालोद, निषाद पार्टी, सुभासपा, अपना दल के साथ मिशन- 80 साधने की तैयारी**

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** चुनाव का माहौल हो और चर्चा उत्तर प्रदेश की राजनीति पर चले तो जाति और क्षेत्रवाद अछूता नहीं रह सकता। यही कारण है कि इस बार भी लोस चुनाव में अलग-अलग क्षेत्रों, जाति व समाज में प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों अथवा कथित छोटे दलों का महत्व बढ़ा हुआ है।

उप्र. के चुनावी संघर्ष में भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने हैं। भाजपा से तो सपा के ही दो सहयोगी दल टूट कर मिले। इसमें पहले सुभासपा और अब रालोद शामिल हैं। अपना दल एस और निषाद पार्टी पहले ही शामिल है। इधर सपा को उसके पुराने सहयोगियों ने छोड़कर झटका दिया तो कुछ अन्य दलों ने साथ देकर संबल भी दिया। रालोद और अपना दल कमेरावादी के नाता तोड़ने के बाद लोकदल और महान दल सपा का साथ देने को आगे आए।

### मिशन 80 साधने में सहयोगी बने अपना दल (एस) और रालोद

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल 2014 के लोकसभा चुनाव से ही भाजपा की सहयोगी हैं। इनका साथ पाकर पार्टी का कुर्मी वोट बैंक मजबूत होता है। इस बार प्रत्याशी उतारने को खाते में दो सीटें मिलनी हैं। दूसरा हाल ही में सपा को छोड़ भाजपा का दामन थामने वाला राष्ट्रीय लोकदल 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन और 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा-सुभासपा के साथ गठबंधन में शामिल रहा था। अब भाजपा के मिशन 80 को साधने में जुटा है। पिछले चुनाव एक भी सीट नहीं जीते और इस बार बिजनौर और बागपत से उम्मीदवारी मिली है।

### सुभासपा और निषाद पार्टी का भी है साथ

वहीं, सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर भी 2017 के विस चुनाव में भाजपा गठबंधन से चुनाव लड़े। पार्टी ने चार सीटें जीतीं। योगी सरकार में मंत्री बने। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के साथ हो लिए और 6 सीटें जीतीं। फिर चुनाव बाद भाजपा में आ गए। इस बार लोस चुनाव में प्रत्याशी उतारने को एक सीट मिली है। घोसी से बेटा अरविंद राजभर मैदान में है। एक और दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद 2019 में भी भाजपा के साथ थे, अब भी हैं। पिछले चुनाव में संजय निषाद के बेटे प्रवीण संतकबीरनगर से भाजपा के सिंबल पर लड़े व सांसद बने। इस बार भाजपा के टिकट पर संतकबीरनगर से प्रवीण निषाद फिर लड़ेंगे।

### राजनीतिक लाभ को साथ रखते हैं छोटे दल

देखा गया है कि, जातियों की राजनीति करने वाले छोटे दल जिस बड़े दल के साथ जुड़ जाते हैं, उनका समर्थक वोटर उनके साथ चला जाता है। बड़े दलों की कुछ वोटों से हारने की स्थिति वाली सीटें पक्की हो जाती हैं। बदले में छोटे दल अपने बड़े आधार वाले क्षेत्रों में बड़ी पार्टियों से कुछ सीटें मांगकर अपना आधार बढ़ाने का प्रयास करते हैं। हालांकि छोटे दलों की मदद से बड़े दल ज्यादा सीटें जीतते हैं। इसी राजनीतिक गुण-गणित का ध्यान रखे हुए भाजपा व सपा अपने से कम वोट शेयर वाले दलों से हाथ मिलाने को उत्सुक हैं।

## भ्रष्टाचारियों को पालती है भाजपाः अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग भ्रष्टाचार खुद करते हैं, भ्रष्टाचारियों को खुद पालते-पोसते हैं और आरोप विपक्षी दलों पर लगाते है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने नोटबंदी से लेकर इलेक्टोरल बांड तक न जाने कितने भ्रष्टाचार किये हैं। इन सबकी जांच हो जाएगी तो यह देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार साबित होगा।



अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि, भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद जनहित में फैसले लेने के बजाय देश की संवैधानिक और सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं से भाजपा के लिए चंदे की वसूली करायी। तमाम कम्पनियों पर छापे डालकर उन्हें पहले डराया गया और बाद में चंदा वसूला गया।

## चुनावी गतिविधियां

- **जागरूक करने को टर्निंग 18**

लोकसभा चुनाव में युवाओं को जागरूक करने को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ''टर्निंग 18'' अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग युवाओं और शहरी मतदाताओं की निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया की ताकत का उपयोग कर रहा है। इसके तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'टर्निंग 18' और 'यू आर द वन' जैसे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को जोड़ने की पहल की जा रही है जो 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम के अनुरूप है।

# मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए सब लगा रहे जोर

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में लखनऊ की दोनों सीटों पर मतदान बढ़ाने पर जोर है। राजनीतिक दल ही नहीं, चुनाव आयोग भी आधुनिक तरीके से प्रचार करने में जुट गया हैं। राज्य का चुनाव आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी कम वोटिंग वाले क्षेत्रों में जहां जागरुकता अभियान चला रहे है। निगम वाहनों से प्रचार करने की तैयारी में है। वहीं राजनीतिक दल भाजपा व इंडिया गठबंधन का मुख्य फोकस उन तहसीलों में है, जहां पिछली बार वोटिंग प्रतिशत 55 फीसदी से कम रही। इनमें लखनऊ सीट पर कैंट में 50.77 जबकि मोहनलालगंज की सरोजनीनगर सीट पर 55.49 वोटिंग प्रतशित कम रही। 2019 के चुनाव में लखनऊ सीट पर करीब 54.22 फीसदी वोटिंग हुई, जो औसतन कम है। लोकसभा चुनाव में 70 का आंकड़ा छोड़ों लखनऊ शहर अभी 60 का आंकड़ा छू नहीं पाया है। इसलिए मोहनलालगंज की अपेक्षा लखनऊ शहर में राजनीतिक दल यहां जोर मारे हैं ताकि अपना वोट बैंक बढ़ाया जा सके। सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा बताते हैं कि मध्य-पश्चिम में हमारा वोट बैंक मजबूत है। अन्य तीन जगह वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए गली-गली प्रचार, सोशल मीडिया के अलावा पार्टी द्वारा कराए गए कार्यों का सहारा लिया जा रहा है। वे कहते हैं कि अगर वोट प्रतिशत बढ़ गया तो हमारे हिस्से आएगा और आसानी से राजनाथ के हैट्रिक वाले रथ को रोक सकेंगे। वहीं चुनाव आयोग पोस्टर आदि के जरिए वोट का महत्व बता रहा है। वहीं दलों के प्रत्याशी रील्स के जरिए भी अपने-अपने इलाकों में वोटों के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राजनाथ सिंह का प्रचार करने वाले भाजपाई नेता कहते हैं कि हमारा वोट शेयर 2019 में 56 फीसदी से ज्यादा था, जो इस बार बढ़कर 60 के करीब पहुंच जाएगा। क्योंकि जनता भाजपा के काम से खुश है। लखनऊ लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर इस बार 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।


### हमें कचरा गाड़ी समझाएंगी वोट का महत्व


- राजधानी में सुबह उठते ही गली-गली में कूड़ा उठाने वाले भार वाहनों से कानों में गूंजती है आवाज- गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल...। मगर अब इन्हीं वाहनों से मतदान करने की अपील रोज सुनाई देगी यानी कचरा गाड़ी एक-एक वोट का महत्व समझाएंगी। दरअसल, राजधानी में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान हो रहा है। ऐसे में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चलाएगा। चुनाव आयोग की मानें तो लखनऊ में मतदान बढ़ाने पर पूरा फोकस है। इसके लिए चौपाल, नुक्कड़-नाटक, मैराथन, साइकिल रैली निकाली जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों में भी वोट का महत्व समझाया जाएगा।

### 2019 में लखनऊ उत्तर में 55.42 फीसदी जबकि मोहनलालगंज सीट पर मलिहाबाद में महज 65 फीसदी मतदान



### 2019 में मतदान प्रतिशत के आंकड़े




### लखनऊ में चुनाव

5वें चरण में मतदान

| | |
|---|---|
| 26 अप्रैल | अधिसूचना की तिथि |
| 3 मई | नामांकन करने की अंतिम तिथि |
| 4 मई | नामांकन पत्रों की जांच |
| 6 मई | नाम वापसी की तिथि |
| 20 मई | मतदान की तिथि |
| 4 जून | नतीजे आएंगे |

| | |
|---|---|
| लखनऊ कैंट में सबसे कम मतदान | 50.77 % |
| लखनऊ में 2019 में मतदान | 54.22 % |
| पूरे प्रदेश में 2019 में मतदान | 67.40 % |

# विशेषज्ञ बनने के बाद स्वास्थ्य विभाग छोड़ नहीं सकेंगे डॉक्टर

## पहले जमा कराए जा रहे मैट्रिक से एमबीबीएस के मूल दस्तावेज

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ



**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस डॉक्टर अगर चिकित्सक विशेषज्ञ (पीजी) बनने के बाद विभाग में नहीं लौटे तो उनका करियर खत्म हो जाएगा। पीजी के लिए भेजने से पहले विभाग डॉक्टरों के मैट्रिक से एमबीबीएस तक के मूल दस्तावेज जमा करा ले रहा है। वह किस मेडिकल कॉलेज से और किस विषय में कब तक पीजी कर रहे हैं, इसका ब्योरा भी पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है। पीजी कोर्स पूरा होते ही स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिल जाएगी।

सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने साल 2014-15 में विभाग के एमबीबीएस चिकित्सकों को पीजी कराने की योजना लागू की थी। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में एक साल सेवाएं देने वाले डॉक्टर को 10 प्रतिशत, दो साल वालों को 20 प्रतिशत और तीन साल सेवाएं देने वालों को अधिकतम 30 प्रतिशत अंक की सुविधा प्रदान की गई थी।

नीट पीजी उत्तीर्ण करने वाले विभाग के दर्जनों डॉक्टर अंकों के आरक्षण का लाभ लेकर पीजी करने जा रहें हैं। किंतु पीजी (विशेषज्ञ बनने के बाद) करने के बाद इक्का-दुक्का डॉक्टर ही विभाग की सेवा में लौटते हैं। एक करोड़ जुर्माना या 10 साल सेवा का बांड भरने के बाद भी ज्यादातर चिकित्सक उच्च निजी संस्थान या विदेश में कॅरियर शुरू कर देते हैं।

दरअसल स्वास्थ्य विभाग के पास पीजी करने गए डॉक्टरों की उपलब्धता का कोई रिकार्ड ही नहीं है। इन डॉक्टरों की जानकारी के लिए एक पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल में कौन सा डॉक्टर किस विषय में और किस मेडिकल कॉलेज से पीजी करने गया है, इसका ब्योरा दर्ज है। प्रत्येक बैच के डॉक्टर का पीजी कोर्स पूरा होने के बाद विभाग को जानकारी मिल जाएगी। अब विशेषज्ञ बनने के बाद सभी डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग में ज्वाइनिंग देनी होगी।

इस संबंध में डॉ.राजा गणपति (निदेशक स्वास्थ्य विभाग) ने कहा कि साल 2021 से पीजी करने जाने वाले एमबीबीएस डॉक्टरों के हाईस्कूल, इंटर व एमबीबीएस के मूल अंक पत्र व प्रमाणपत्र आदि प्रपत्र विभाग में जमा करा लिए जाते हैं। ये प्रपत्र उन्हें बांड अवधि पूरा होने के बाद ही वापस किए जा रहे हैं। 2021 के बाद के डॉक्टर विभाग नहीं छोड़ सकेंगे। गत वर्ष 7 जून 2023 से एक पोर्टल बनाया गया है, जिस पर पीजी करने गए डॉक्टरों की पूरी कुंडली उपलब्ध है।

## धनंजय सिंह के मामले में ट्रायल कोर्ट से रिकॉर्ड तलब

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण, रंगदारी और आपराधिक साजिश के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व उनके सहयोगी विक्रम सिंह की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट से रिकॉर्ड तलब किए हैं, साथ ही राज्य सरकार को उक्त मामले पर आगामी 22 अप्रैल तक जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, उन्हें धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में पूर्व सांसद और उनके सहयोगी को जौनपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी, जिसे वर्तमान अपील में चुनौती दी गई है। गत 10 मई 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि अभियुक्त जघन्य अपराधी है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 24 अप्रैल को सुनिश्चित की गई है।

## रामनवमी को कुछ बड़ा होना था मैं उस मिशन का छोटा हिस्सा था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस की पूछताछ में आतंकी ने बताया, मुझे मिशन की पूरी जानकारी नहीं




**अमृत विचारः** रामनवमी को लेकर बड़े आतंकी हमले की तैयारी थी। किस रूप में थी, क्या करना था? इसकी जानकारी पकड़े गए तीनों आतंकियों को नहीं है। हां मिशन रामनवमी से जरूर जुड़ा हुआ था। यह खुलासा एटीएस की पूछताछ के दौरान हुआ है। वहीं एटीएस सूत्रों के मुताबिक आतंकी अल्ताफ को 14 की उम्र में आतंकियों द्वारा कश्मीर से अपहरण करके पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद ले जाया गया था। उसे हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी कैंप में ट्रेनिंग दी गई थी। जब वह भारत वापस नहीं लौट सका तो मुजफ्फराबाद में चाय की दुकान खोलकर रोजी-रोटी कमाने लगा।

एटीएस की पूछताछ में अल्ताफ ने बताया कि वह सिर्फ एक छोटा सा कारिंदा है। उसे सिर्फ हैंडलर द्वारा निर्देश दिए जाते थे। मिशन की पूरी जानकारी नहीं दी जाती थी। एटीएस की पूछताछ में उसने बताया कि उसे पूर्ण जानकारी नहीं है कि उन्हें रामनवमी में क्या करना है। लेकिन यह भी सही है कि वहां पर कुछ बड़ा करने जा रहे थे। अल्ताफ, सैयद गजनफर और तीसरा नासिर अली की आर्थिक मदद के लिए हवाला के जरिए रकम मुहैया कराई जा रही थी। एटीएस द्वारा इनपुट दिए जाने के बार जम्मू-कश्मीर पुलिस वहां पर अल्ताफ द्वारा दिए गए ब्योरे के हिसाब से जांच में जुटी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस एटीएस को एक-एक लीड की सूचना भी दे रही है। गौरतलब हो कि एटीएस ने तीन अप्रैल को भारत-नेपाल सीमा के पास फरेंदा नामक गांव से तीनों आतंकियों को गिरफ्तार किया था। तीनों के पास से आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, और कश्मीर के बैंकों के एटीएम भी बरामद हुए थे। अल्ताफ के पास से एयरटेल का सिम, पाकिस्तानी पहचान पत्र, भारतीय आधार कार्ड, 2029 की समय-सीमा तक वैध पाकिस्तानी पासपोर्ट सहित अन्य कई वस्तुएं बरामद हुईं थीं।

## सार-संक्षेप

### भारत में निर्मित विदेशी शराब कर योग्य सूची में नहीं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल प्रवेश अधिनियम, 2007 के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब को कर योग्य वस्तुओं की नई अनुसूची में नहीं रखा गया है, इसलिए अधिकारियों के पास इस पर कर लगाने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के खिलाफ अपीलीय प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को रद्द करते हुए दिया, साथ ही संबंधित प्राधिकारी को याची को सुनवाई का अवसर प्रदान करने तथा अधिनियम, 2007 के तहत कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में शामिल वस्तुओं पर विचार करते हुए एक तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि 2007 के अंतर्गत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अधिनियम, 2007 के तहत अंतिम मूल्यांकन आदेश 30 मार्च 2008 को पारित किया गया था। उक्त अधिनियम के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कोई कर नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि यह कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में नहीं रखी गई है।

### अनुदानित विद्यालयों के छात्रों को मिलेगी ड्रेस

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित अनुदानित विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अभी तक ड्रेस नहीं मिल सकी है। 15 दिन के भीतर छात्रों को स्कूल ड्रेस मिलने की उम्मीद है। बता दें कि प्रदेश में 144 अनुदानित विद्यालयों का संचालन समाज कल्याण विभाग करता है। विद्यालय में लगभग 14 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस देने का मामला उच्च न्यायालय पहुंचा था। न्यायालय ने ड्रेस की सुविधा देने के विषय में चार सप्ताह में निर्णय लेने का आदेश राज्य सरकार को दिया था। साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिवों का हलफनामा भी तलब किया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालय के अध्यापकों को वेतन समाज कल्याण विभाग की ओर से दिया जाता है। जबकि ड्रेस बेसिक शिक्षा विभाग को देनी है। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं शीघ्र ड्रेस दी जाएगी।

### 323.33 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** चुनाव आचार संहिता के तहत हो रही कार्रवाई के तहत 323 .33 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। बीते दिन 323 .33 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 77,37,344 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 46,74,954 व निजी स्थानों से 30,62,390 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 5,00,283, पोस्टर के 21,94,185, बैनर के 13,39,062 व अन्य 6,41,424 मामलों में कार्रवाई की गई। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1087 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2006 मामलों में कार्रवाई की गई।

### धर्मपाल की बिजनौर में संगठनात्मक बैठक आज

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मंगलवार बिजनौर भाजपा जिला कार्यालय में दोपहर 12 बजे से विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेंगे। जबकि मंत्री सोमेन्द्र तोमर सहारनपुर में दोपहर 12 बजे विभिन्न एनजीओ समूहों की बैठक को सम्बोधित करेंगे। राज्यसभा सदस्य बाबू राम निषाद मंगलवार को मुरादाबाद के सरस्वती विद्या मंदिर ठाकुरद्वारा में दोपहर एक बजे पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

## दरोगा को सड़क पर गिराकर युवकों ने लात-घूसों से पीटा

वाराणसी, एजेंसीः

- चेकिंग के लिए बाइक रोकी तो नाराज हुए युवक

वाराणसी के गोदौलिया चौराहे पर बिना नंबर प्लेट की एक बाइक के बारे में पूछने पर गले में भगवा गमछा डाले अराजकतत्वों ने दशाश्वमेध थाने के एक दरोगा के साथ गालीगलौज और मारपीट की। साथ ही उनका बैच और स्टार नोच कर सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही दरोगा को बाद में देख लेने की धमकी दी।

फतेहपुर के बावन, गाजीपुर के मूल निवासी दरोगा आनंद प्रकाश की तहरीर पर सोमवार को दशाश्वमेध थाने में नितिश सिंह, नितेश नरसिंघानी, राहुल सिंह, सन्नी गुप्ता, गप्पू सिंह और 15 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसी कैमरों की फुटेज और घटना के दौरान के वीडियो की मदद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं दरोगा आनंद प्रकाश ने बताया कि रविवार रात गोदौलिया चौराहे पर चेकिंग के दौरान बाइक के पेपर मांगने पर नाराज युवकों ने अभद्रता की। साथ ही उन्होंने मुझे सड़क पर गिराकर मारपीट की।

## मेदांता में भर्ती सपा प्रत्याशी कॉजल निषाद की हालत खतरे से बाहर

**लखनऊ, अमृत विचारः** मेदांता अस्पताल के क्रिटिकल केयर मेडिसिन आईसीयू में भर्ती सपा की लोकसभा प्रत्याशी काजल निषाद की हालत खतरे से बाहर है। उन्हें सीने में दर्द उठने के बाद रविवार देर रात गोरखपुर से एंबुलेंस द्वारा लाया गया था। उक्त जानकारी सोमवार को अस्पताल के निदेशक डॉ.राकेश कपूर ने दी। उन्होंने बताया कि मरीज को सीसीएम के निदेशक डॉ. दिलीप दुबे के अंडर में भर्ती किया गया है, साथ ही कार्डियोलॉजी और न्यूरोलॉजी समेत मल्टी डिसिप्लिनरी आईसीयू टीम लगातार निगरानी कर रही है।

## केशव को अखिलेश ने कहा- गुंडा, तो अफजाल ने माफिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर सपा मुखिया के बाद माफिया मुख्तार अंसारी के सांसद भाई अफजाल अंसारी ने हमला बोला। अखिलेश यादव की माफिया से रिश्तेदारी के बयान पर अफजाल अंसारी ने कहा कि केशव प्रसाद खुद माफिया हैं। उन पर 16 मुकदमें हैं और 302 के भी मुल्जिम हैं।

उपमुख्यमंत्री ने माफिया मुख्तार अंसारी के घर शोक मनाने गए सपा मुखिया पर तंज कसा था कि अखिलेश की माफिया से रिश्तेदारी है, वह रिश्तेदारी निभाएं। हमारी माफिया से दुश्मनी है, हम दुश्मनी निभाएंगे। हम माफिया और अपराधी पर कानून के हिसाब से कार्रवाई करते रहेंगे। इसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जवाबी हमला बोलते हुए कहा कि केशव प्रसाद मौर्य से बड़ा गुंडा कौन हो सकता है, आप अगर गुंडे की तस्वीर देखोगे, तो उनकी भी लगा दो एक तस्वीर। इस वक्त लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। इस देश के लोग सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे। मुख्तार अंसारी को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जो छवि पेश की गई है वो असली नहीं है।

### अखिलेश का वर्तमान और भविष्य अंधकार में : मौर्य



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उन्हें सबसे गुंडा कहने के सपा मुखिया के बयान पर जवाब दिया कि अखिलेश यादव बहुत तनाव में हैं। चुनाव हार रहे हैं, सपा का खाता खुलने वाला नहीं है, उनका वर्तमान और भविष्य दोनों अंधकार में है। तनाव में मेरे खिलाफ बयानबाजी ऐसी करते हैं, उनके गुंडे और बड़े-बड़े अपराधी जेल जा चुके हैं। गुंडों के बल पर बूथ कब्जा नहीं कर सकते, तो सपा जीत नहीं सकती। सपा, बसपा और कांग्रेस का सफाया हो रहा है।

## सरकार के खजाने में राज्य कर का योगदान एक लाख 10 हजार करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व में सबसे बड़ा योगदान राज्य कर विभाग का है। वित्तीय वर्ष के समापन के यह आकड़ा सामने आया। कुल 1,10,345.96 करोड़ की राजस्व प्राप्ति अकेले राज्य कर विभाग से हुई है। राजस्व की इस राशि में जीएसटी से 75,157.85 करोड़, जीएसटी प्रतिपूर्ति से 4070.32 करोड़ वैट से 31,113.97 करोड़ की प्राप्त राशि निहित है।

राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती एस ने बताया कि गत वर्ष जीएसटी प्रतिपूर्ति के मद में उत्तर प्रदेश राज्य को 11,290.98 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी। वर्ष 2023-24 में इस मद में पूर्व की अवशेष देयता के रूप में 4070.32 करोड़ की ही राशि प्राप्त हुई है, इस प्रकार राज्य पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 7220.66 करोड़ की राशि कम प्राप्त हुई थी। इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा अनसेटल्ड आईजीएसटी का राज्यों के मध्य वितरण एक पूर्व निश्चित अनुपात में किया जाता रहा है।

## विद्यालय संचालक से 50 लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

रामनगर, बाराबंकी

- पैरा मेडिकल कोर्स कराने का झांसा देकर आगरा की संस्था ने ली थी रकम

**अमृत विचार :** पैरामेडिकल कोर्स कराने का झांसा देकर एक विद्यालय संचालक से रजिस्ट्रेशन व छात्रों की फीस के करीब 50 लाख रुपए ठग लिए गए। कस्बा निवासी विद्यालय संचालक ने ठगी करने वाले संस्था के सचिव सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। न्यायालय के आदेश पर रामनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

यहां के निवासी प्रमोद उपाध्याय सरस्वती शिक्षा मंदिर विद्यालय के संचालक/प्रबंधक हैं। उनका आरोप है कि पंकज पोरवाल सचिव अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन एवं इंद्र पोरवाल प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन निवासी 15 गणेश नगर सुचेता शाहगंज आगरा एवं दो अज्ञात व्यक्ति सहित कुल चार लोग उनके विद्यालय में आए। उन लोगों ने कहा कि वे लोग संस्था चलाते हैं। आयुष पैरामेडिकल काउंसिलिंग ऑफ इंडिया से रजिस्ट्रेशन करवाया है। प्रदेश में हमारी कई संस्था संचालित हैं। उनमें करीब पांच हजार से अधिक छात्र हैं। आप फ्रेंचाइजी ले लीजिए और पैरामेडिकल से संबंधित कोर्स चलाइए। 10 लाख रुपए सिक्योरिटी के रूप में देना होगा। उन्होंने 15 अक्टूबर 2020 को 10 लाख रुपए देकर संस्था में रजिस्ट्रेशन करवा लिया। उन लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी जारी किया गया। इसके बाद उन्होंने अपने विद्यालय में पैरामेडिकल कोर्स हेतु प्रवेश शुरू कर दिया।

## अयोध्या व गंगासागर की यात्रा 25 से

**लखनऊ, अमृत विचार :** आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा 25 अप्रैल से कराएगा। इसमें बैद्यनाथ, गया, पुरी, कोणार्क, गंगासागर, कोलकाता, वाराणसी और अयोध्या की यात्रा शामिल है। यात्रा पैकेज में विष्णुपद मंदिर, स्थानिय मंदिर गया, जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क मंदिर, गंगा सागर, काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी, रामजन्मभूमि और अयोध्या के विभिन्न मंदिरों की यात्रा कराएगा।

## चुनाव जीतने के लिए राहुल ने ली पीएफआई की मदद : स्मृति ईरानी

सलोन, रायबरेली

- सांसद बोलीं-रंग बदलते देखा है लेकिन परिवार बदलते पहली बार देख रही हूं



एक महिला से बातचीत करतीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद स्मृति ईरानी ने सोमवार को पूर्व सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। स्मृति ईरानी ने कहा कि वायनाड में राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए पीएफआई का समर्थन लिया है। जो हिंदुओं को मारने के लिए लिस्ट बनाता है। ऐसे संगठन की मदद से राहुल गांधी चुनाव क्यों लड़ना चाहते हैं। स्मृति ईरानी सलोन विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं संग बैठक करने पहुंची थीं।

स्मृति बोलीं कि चुनाव हारे और डरकर भागने वाले का नाम राहुल गांधी है। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी यहां से चुनाव लड़ेंगे तो जनता को क्या जवाब देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजा है। गांधी परिवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ है तो जो ये 19 लाख नागरिकों को मुफ्त राशन मिल रहा है। कांग्रेस अमेठी को अपना परिवार कहती थी। अगर परिवार था तो परिवार कौन बदलता है, परिवार छोड़कर कौन भागता है। इस मौके पर विधायक अशोक कोरी, मंडल अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-34

**बाएं से दाएं**

2. 1. प्रज्ञा, अक्ल, बुद्धि, समझ 2. इच्छा, कामना 3. अभिप्राय 4. याद, स्मृति।
3. 1. पैर रखने की छोटी चौकी 2. तकिया।
5. पीने वाले जल को ठंडा रखने के लिए मिट्टी का बनाया हुआ संकरी एवं लंबी गरदन वाला घड़ा।
6. 1. गड़गड़ाहट 2. गर्जना 3. धुंधलापन 4. अंधेरा।
9. 1. गोंद 2. लसदार या चिपकने वाला पदार्थ 3. लोपन 4. किसी को फंसाने का साधन।
11. अन्न पीसने वाली स्त्री, जीविकोपार्जन हेतु अन्न पीसने का पेशा करने वाली स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बिना रोक-टोक के, बेहिसाब, विवेकहीन होकर 2. लगातार, बेतहाशा
4. 1. प्रवाही, बहने वाला 2. वहन करने वाला, ढोने वाला।
5. 1. (पुराण) एक राक्षसी जो सांपों की माता मानी गई है 2. महाशतावरी नामक औषधि 3. सौंफ 4. (संगीत) एक रागिनी 5. एक नदी।
7. काला होने का भाव।
8. एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जिसका गूदा बहुत मुलायम और मीठा होता है
10. सिलवट; सिकुड़न।




### वर्ग पहेली -33 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 झी | ■ | 2 दे | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 3 ख | ट | ख | टि | या | ■ |
| ■ | ना | ■ | ना | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 4 आ | प | चा | री | ■ |
| ■ | 5 खो | ड़ | र | ■ | ■ | 6 मौ |
| ■ | कं | ■ | ख | ■ | ■ | स |
| 7 ह | द | ■ | 8 ना | म | था | म |

## सुडोकू -113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | |
| | | | | 4 | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |

### सुडोकू -112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- प्रतिपदा 20 .30 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष:** आज कानूनी विवादों से छुटकारा मिलने की प्रबल संभावना है। आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे। नए प्रेम संबंधों को लेकर उत्साहित रहेंगे। यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण लोगों से आपका परिचय हो सकता है। गुरु तुल्य व्यक्ति से आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**वृष:** आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। मीडिया से जुड़े लोगों के ऊपर कठिन कार्यों का दायित्व आ सकता है। क्रोधी स्वभाव के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। ईर्ष्यावश किसी की भी आलोचना न करें।

**मिथुन:** आज कोई बड़ा व्यापारिक अनुबंध होने की संभावना बन रही है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े करियर में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। ऑफिस का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप व्यस्त रहेंगे।

**कर्क:** आज सिर में भारीपन महसूस हो तो चिकित्सक से परामर्श लेने में संकोच न करें। लोगों को खुश करने के प्रयास में अपनी खुशियों को दांव पर न लगाएं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह:** आज आपके मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। व्यापार में धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। घर में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा। पैतृक संपदा से जुड़े विवादों का आपके पक्ष में निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या:** आज सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। उच्च अधिकारी आपको काफी सम्मान देंगे। भूमि और सम्पत्ति में आप निवेश कर सकते हैं। व्यापार में कई परेशानियां सामने आ सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

**तुला:** आज परिवार में सुख-शान्ति और स्थिरता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं। किसी मित्र से आपको उत्तम सलाह मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है। कारोबार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका अनादर करेंगे। व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से बचें। पैरों में चोट या दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवहार में संयम और सावधानी रखें। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं।


**धनु:** आज घर में स्वादिष्ट भोजन बन सकता है। व्यापार को लेकर बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। आपकी इच्छा शक्ति और आत्मबल में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। जमीन से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मकर:** आज परिवार के लोगों से आपको सराहना मिलेगी। घर में मांगलिक उत्सव को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। शरीर में गर्मी के कारण एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। कुछ नया करने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ:** आज धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसन्द करेंगे। नए व्यवसाय को शुरू करने की योजना बना सकते हैं। मित्रों के माध्यम से शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। गुरुतुल्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

**मीन:** आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। पिता का सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त होगा। घर में आपका मन नहीं लगेगा। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। आज किसी से धन उधार न लें। खानपान में शुद्धि का ध्यान रखें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवमी 07 .32 तक तत्पश्चात अश्विनी 10 अप्रैल 05 .06 तक।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मैं तेरा दुश्मन — सुबह : 10 .44
प्रेम दीवाने — शाम : 05 .41

**&pictures**
सूर्या एस 3 — सुबह : 10 .56
रुस्तम — रात : 08 .00

**Sony Pix**
द मास्क — सुबह : 11 .45
रश आर 3 — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
प्यासा सावन — सुबह : 11 .40
हीरोपंती 2 — रात : 09 .05

**StarGold Select**
लाल रंग — सुबह : 09 .30
बधाई हो — रात : 09 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 09 .05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पति- सुनो मुझे अलादीन का चिराग मिला है।
पत्नी- वाह आपने उससे क्या मांगा?
पति- मैंने कहा कि वह तुम्हारे दिमाग को 10 गुना और बढ़ा दे।
पत्नी- तो क्या उसने ऐसा कर दिया?
पति- वह हंसने लगा और बोला शून्य को किसी से भी गुणा कर दो वह शून्य ही रहता है।
अलादीन और पति दोनों गायब हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,742.50 | 22,666.30 |
| चढ़ा | 494.28 | 152.60 |
| प्रतिशत में | 0.67% | 0.68% |

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये लमलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये। (दाम प्रति किग्रा . में)

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक– 1000, फ्लैग– 1110, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 900, रामपुर : शिवालिक–1000, फ्लैग– 1110, डीएमओ–890, बोल्ड–1170

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 83800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 54300–54500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 71,650 |
| सोना रवा | 71,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 80,300 |
| चांदी (999) | 80,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70500 |
| सिल्वर (पक्की) | 800 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,350 |
| चांदी आभूषण | 80,000 |

## तिमाही में बीएमडब्ल्यू की बिक्री 51 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने मार्च में 3,680 वाहन बेचे हैं। यह किसी साल की पहली तिमाही का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पिछले साल की जनवरी–मार्च तिमाही में कंपनी ने 2,440 इकाइयां बेची थीं। इस तरह तिमाही के दौरान कंपनी की बिक्री में 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# 350 रुपये की उछाल के साथ रिकॉर्ड स्तर पर चमका सोना

### 2024 में अबतक सोने की कीमत 71 हजार के पार हुई, 7,700 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बहुमूल्य धातुओं की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग बढ़ने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, 2024 में अबतक सोने की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये की बढ़त है।

### चांदी की कीमत में भी 800 रुपये की उछाल



सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी ऊंचाई पर बंद हुई।

## बीएसई, एनएसई 20 मई को रहेंगे बंद

**नई दिल्ली।** प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुंबई में 20 मई को होने वाले आम चुनाव के दिन कोई कारोबार नहीं होगा।

दोनों प्रमुख शेयर बाजारों ने उस दिन कारोबारी अवकाश की घोषणा की है। बीएसई और एनएसई ने सोमवार को कहा कि इक्विटी, शेयर वायदा एवं विकल्प तथा एसएलबी यानी प्रतिभूति उधार देने या लेने वाले खंड में कारोबार नहीं होगा। दोनों शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्र में कहा कि मुंबई में 20 मई सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीएसई और एनएसई 20 मई को बंद रहेंगे। इसके अलावा, शेयर बाजार ईद-उल-फितर (ईद) और राम नवमी के अवसर पर क्रमशः 11 अप्रैल और 17 अप्रैल को बंद रहेंगे। इसके साथ एक मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर कारोबारी अवकाश रहेगा।

# वित्तीय वर्ष में मोटर वाहन की बिक्री में 10 % की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत में यात्री वाहन, तिपहिया वाहन और ट्रैक्टर की रिकॉर्ड बिक्री के दम पर मोटर वाहन खुदरा बिक्री में वित्त वर्ष 2023-24 में दोहरे अंक की वृद्धि देखी गई। डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,45,30,334 इकाई हो गई, जबकि 2022-23 में यह 2,22,41,361 इकाई थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र ने दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन (पीवी), ट्रैक्टर तथा वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के दम पर विभिन्न खंड में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि खासकर यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों की पिछले वर्ष रिकॉर्ड बिक्री हुई। वहीं मार्च में कुल पंजीकरण सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,27,177 इकाई रहा। मार्च 2023 में 3.43 लाख इकाइयों की तुलना में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री छह प्रतिशत घटकर 3,22,345 रही। हालांकि, पिछले महीने दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 15,29,875 इकाई हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 14,50,913 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1,05,222 इकाई हो गई।

# इस हफ्ते महंगाई, कंपनियों की आय पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, एजेंसी**



शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी जारी रहने के आसार हैं। जनवरी-मार्च तिमाही के लिए देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के नतीजे, अमेरिका और भारत में रिटेल महंगाई के आंकड़े और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पिछली बैठक का ब्योरा बाजार की दिशा तय करेंगे।

अप्रैल के पहले हफ्ते घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सेंसेक्स निफ्टी अंततः बढ़त पर बंद होने में कामयाब रहे। बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 ने 22,619 का ऑलटाइम हाई बनाया और सप्ताह के आखिर में करीब एक फीसदी तेजी के साथ 22,500 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स भी 597 अंक चढ़कर 74,248 के स्तर पर पहुंच गया।

## ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स का चौथी तिमाही में चार गुना मुनाफा

**नई दिल्ली।** ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 41.62 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 9.60 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।


ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय पिछले साल की समान तिमाही के 439.50 करोड़ रुपये से बढ़कर 514 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 का मुनाफा 47.01 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 42.35 करोड़ रुपये था। कुल आय 1,404.66 करोड़ रुपये से घटकर 1,300.50 करोड़ रुपये हो गई। इस बीच, ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आठ अप्रैल, 2024 को हुई बैठक में सभी मौजूदा शेयरधारकों को प्रति इक्विटी शेयर 20 पैसे का लाभांश देने की सिफारिश की है।

# अपनी ईवी में भारतीय बैटरी का उपयोग करेंगी हुंडई और किआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से हुआ समझौता

दक्षिण कोरियाई मोटर वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी और किआ कॉर्पोरेशन ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के स्थानीयकरण के लिए घरेलू बैटरी निर्माता एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। हुंडई मोटर समूह ने कहा, हुंडई मोटर कंपनी और समूह की कंपनी किआ कॉर्पोरेशन ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विस्तार योजनाओं के तहत प्रमुख भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हुंडई मोटर और किआ के अध्यक्ष एवं प्रमुख ह्युई वोन यांग ने कहा कि सरकार के कार्बन तटस्थता लक्ष्यों के कारण भारत वाहन विद्युतीकरण के लिए एक प्रमुख बाजार है, जो स्थानीयकृत बैटरी उत्पादन के जरिए लागत प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल करना महत्वपूर्ण बनाता है। बता दें, हुंडई मोटर इंडिया अपना हाई-वॉल्यूम ईवी मॉडल पेश की घोषणा पहले ही हो चुकी है।






## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान भागे आठ अपराधी भगोड़ा घोषित

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर में बारामूला जिले की एक अदालत ने कथित तौर पर पाकिस्तान भागे आठ अपराधियों को भगोड़ा घोषित किया है। पुलिस ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बारामूला की अदालत ने गत 01 अप्रैल को आठ लोगों को भगोड़ा घोषित किया। बारामूला के थाना पट्टन की पुलिस ने इन लोगों के मामला दर्ज किया है। इनमें खोरे शेरबाद पट्टन के निवासी हिलाल अहमद गनी, मुदासिर शफी गिलानी, मोहम्मद मकबूल पंडित, गूम अहमदपोरा पट्टन के हबीबुल्लाह शेख, पार मोहल्ला पट्टन के शब्बीर अहमद नजर, वटवान के मोहम्मद अशरफ डार, नजर मोहल्ला पट्टन के पट्टन गुलाम नबी नजर और मुख्य मोहल्ला पट्टन के फैयाज अहमद मीर शामिल हैं।

### केंद्रीय मंत्री की कार के दरवाजे से टकराया बाइक सवार, मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केआर पुरम में सोमवार को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे की कार के खुले दरवाजे से बाइक सवार भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रकाश के रूप में हुई है। करंदलाजे बेंगलुरु–उत्तर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। प्रकाश चुनाव प्रचार के दौरान करंदलाजे के काफिले के पीछे चल रहे थे। सूत्रों ने बताया कि मंत्री कार के अंदर थीं और वह चुनाव प्रचार के लिए जा रही थीं। मंत्री की कार का दरवाजा खुला, प्रकाश उससे टकराकर गिर गया और पीछे से आ रहा एक वाहन उनके ऊपर चढ़ गया। मंत्री ने कहा कि पीछे से आ रही एक बस ने प्रकाश को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मोदी के राजनीतिक पूर्वज थे मुस्लिम लीग समर्थक, भ्रांतियां फैला रही भाजपा : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले पर पलटवार किया है। खरगे ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री के



वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में कांग्रेस के घोषणापत्र पर अरोप लगाते हुए टिप्पणी की थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी सभा में तीखा हमला करते हुए कहा था, कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है और नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता व सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है। वहीं खरगे ने पलटवार करते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतियों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया था। आज भी वो आम भारतीय नागरिकों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस के 'न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया, मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, महात्मा गांधी के आह्वान व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने 1940 के दशक में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और उत्तर पश्चिम सीमांत प्रांत में अपनी सरकार बनाई। खरगे ने सवाल किया कि क्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन अंग्रेज गवर्नर को ये नहीं लिखा था कि 1942 के कांग्रेस के 'भारत छोड़ो आंदोलन' को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वह अंग्रजों का साथ देने के लिए तैयार है? उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी-शाह व उनके द्वारा नामित अध्यक्ष (जेपी नड्डा) आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहे हैं। खरगे ने दावा किया, ''मोदी जी की भाषणों में केवल आरएसएस की बू आती है, दिन पर दिन भाजपा की चुनावी हालत इतनी खस्ता होती जा रही है कि आरएसएस को अपने पुराने मित्र - मुस्लिम लीग - की याद सताने लगी है।'' उन्होंने कहा, 'सच केवल एक है - कांग्रेस के न्याय पत्र में हिंदुस्तान के 140 करोड़ लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं की छाप है।

### देश की जनता ने कांग्रेस को बार-बार नकारा : नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का एजेंडा करार दिया है। उन्होंने, सोमवार को कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस जिस तरह से बहुसंख्यकों के खिलाफ साजिश और राजनीति कर रही है, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को बार–बार नकारा है, इसके बावजूद पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करने पर आमादा है और बाज नहीं आ रही है। आगे बोले– मैंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र है या मुस्लिम लीग का है? देश को बांटने और सत्ता हथियाने के लिए कहां तक कांग्रेस पार्टी जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस मुस्लिम लीग ने 1929 में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही थी, आज कांग्रेस पार्टी उसी बात को दोहरा रही है। यानी, सत्ता की लोलुपता में, सत्ता के लालच में, कांग्रेस पार्टी देश को कहां तक पहुंचाएगी, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि आज अल्पसंख्यकों के लिए जिस तरीके से धर्म के नाम पर आरक्षण की बात हो रही है, जो 50 प्रतिशत आरक्षण को आगे बढ़ाने की बात की जा रही है।


## आंध्र प्रदेश में पुलिस की तलाशी में हाथ लगा 16 किग्रा सोना

**कालापरु (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने सोमवार को एलुरु जिले के कालापरु 'टोल गेट' पर वाहनों की तलाशी के दौरान 16 किलोग्राम सोना और 31 किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन व्यक्ति सोने और चांदी के आभूषणों की इस खेप को विजयवाड़ा से कोनसीमा जिले के अमलापुरम ले जा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया, अधिकारियों ने सोने-चांदी से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया, जो संतोषजनक नहीं पाया गया। उन्होंने खेप ले जा रहे व्यक्तियों से आगे के सत्यापन के लिए और दस्तावेज पेश करने को कहा। इस बीच, अधिकारियों ने आगे की पूछताछ और प्रक्रियाओं के लिए आभूषणों को एलुरु समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) में स्थानीय खजाना कार्यालय में भेज दिया। गहनों के अलावा, पुलिस ने हनुमान जंक्शन से एलुरु जा रहे एक अलग दल से 15 लाख रुपये नकद भी जब्त किए। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 13 मई को होने हैं जबकि मतगणना चार जून को होगी।

# टिकाऊ नहीं इंडी गठबंधन आपस में लड़ रहे : राजनाथ

**तिरुवरुर/नामक्कल, एजेंसी**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' में कोई स्थायित्व नहीं है और घटक दल पहले ही एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी और द्रमुक की महिला-विरोधी मानसिकता के लिए उन पर हमला बोला।

उन्होंने द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की कथित सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों को लेकर तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल पर और राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी पर विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन भाजपा की आलोचना करने के लिए हिंदू आस्था और महिलाओं को निशाना बना रहा है। बोले- कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश विपक्षी दल की पिछली कई गलतियों की भारी कीमत चुका रहा है। वरिष्ठ नेता ने 19 अप्रैल के लोकसभा चुनाव के लिए राजग उम्मीदवारों के समर्थन में तमिलनाडु के नामक्कल और तेनकासी में रोड शो में भाग लिया और तिरुवरुर में एक जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। नामक्कल में रोड के बाद सिंह ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के लागू होने से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं जाएगी, भले ही वह किसी भी धर्म से संबंध रखता हो। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर इस मुद्दे को लेकर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने नामक्कल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पी रामलिंगम के समर्थन में यहां रोड शो करने के बाद कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना, धारा 370 को निरस्त करना एवं सीएए ऐसे ही वादे थे।

### जश्न का जुलूस



**नागपुर :** महाराष्ट्र में लोग गुड़ी पड़वा को बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं, जिसे संवत्सर पड़वो से जाना जाता है, पर्व की पूर्व संध्या पर पारंपरिक पोशाक पहनकर जुलूस में भाग लेतीं मराठी महिलाएं। ● एजेंसी

## हर यूट्यूबर को जेल में नहीं रख सकते शीर्ष कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक यूट्यूबर की जमानत बहाल करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को जेल में नहीं डाला जा सकता है। यूट्यूबर पर 2021 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोग जेल में होंगे? पीठ ने आरोपी ए. दुरइमुरुगन सत्तई की जमानत रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया।

**सुनवाई** कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सूखा प्रबंधन को लेकर दायर की है याचिका

# जल संकट पर शीर्ष कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के अनुरोध वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- केंद्र और प्रदेश के बीच कोई टकराव नहीं होना चाहिए।

केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वे इस मामले में निर्देश प्राप्त करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना होता है। कोर्ट ने केंद्र को कर्नाटक की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए कहा। सॉलिसिटर जनरल ने अदालत से मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद करने का आग्रह करते हुए कहा कि वे इस मामले में निर्देश लेंगे।

पीठ ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच टकराव नहीं होना चाहिए। मेहता ने कहा कि शीर्ष अदालत में याचिका दायर करने के बजाय, अगर किसी ने इस मुद्दे पर प्राधिकारियों से बात की होती, तो समस्या का समाधान हो सकता था। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना पड़ा है। मेहता ने कहा, मैं यह नहीं कहना चाहता कि क्यों, लेकिन यह बढ़ती प्रवृत्ति है...।

जब पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वह केंद्र को नोटिस जारी करेगी, तो सॉलिसिटर जनरल ने कहा, "आपसे नोटिस जारी नहीं करने का अनुरोध है। यह भी खबर बन जाती है। हम यहां हैं। पीठ ने कहा कि अग्रिम नोटिस पर पेश हुए शीर्ष कानून अधिकारियों ने कहा है कि वे निर्देश लेंगे और अगली तारीख पर अदालत के समक्ष एक बयान देंगे। शीर्ष अदालत मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद करेगी।

### शराब घोटाला: आईएएस अधिकारी और बेटे के खिलाफ ईडी का मामला रद



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया। कोर्ट ने कहा–अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पिता–पुत्र के खिलाफ शिकायत रद करते हुए कहा–दोनों पर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन में कोई मामला बनता है। पीठ ने कहा, यदि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है, तो अपराध का मामला नहीं बनता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से न्यायालय में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने संकेत दिया कि जांच एजेंसी अपनी पड़ताल के दौरान अतिरिक्त सामग्री बरामद होने के मद्देनजर आरोपियों के खिलाफ एक नई शिकायत दर्ज कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही, जिसके शुरू होने की संभावना है।



## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

# पंजाब किंग्स और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी।

सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है। शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है। पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है। पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है। लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# जडेजा-देशपांडे और मुस्तफिजुर के दम पर चेन्नई ने केकेआर को 7 विकेट से हराया

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 34, सुनील नरेन ने 27 और अंगकृष रघुवंशी ने 24 रन बनाए

## सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 67 रनों की बेहतरीन पारी खेली




रवींद्र जडेजा

**चेन्नई, एजेंसी**

रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 67 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 14 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है।

चेन्नई ने 138 रनों के छोटे लक्ष्य को धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी के जरिए चेज करने का प्रयास किया, लेकिन चौथे ओवर में वैभव ने चक्रवर्ती के हाथों रचिन रविंद्र 15 रन पर कैच आउट कर चेन्नई को पहला झटका दिया। इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और डेरिल मिचेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़ते हुए टीम को जीत की दहलीज की ओर धकेला। इसी दौरान 13वें ओवर में डेरिल मिचेल 25 रन बनाकर आउट हो गये। उन्हें सुनील नरेन ने बोल्ड किया। गायकवाड़ ने 58 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 67 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने आखिरी ओवरों में 18 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए 28 रन बनाये। चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 141 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। गायकवाड़ ने चौका मार कर टीम को जीत दिलाई। चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है। वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिये और सुनील नारायण ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कोलकाता ने कप्तान श्रेयस अय्यर और 34 रन, सुनील नारायण 27 रन और अंगकृष रघुवंशी 24 रनों की पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य दिया था। सोमवार को एमए चिदम्बरम स्टेडियम, चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।



तुषार देशपांडे

### कोलकाता 137/9 (20 ओवर, अतिरिक्त : 13)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे | 00 | 01 | 0/0 |
| सुनील नरेन का तीक्षणा बो जडेजा | 27 | 20 | 3/2 |
| अंगकृष रघुवंशी पगबाधा जडेजा | 24 | 18 | 3/1 |
| श्रेयस अय्यर का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 34 | 32 | 3/0 |
| वेंकटेश अय्यर का मिचेल बो जडेजा | 03 | 08 | 0/0 |
| रमनदीप सिंह बो तीक्षणा | 13 | 12 | 0/1 |
| रिंकू सिंह बो देशपांडे | 09 | 14 | 0/0 |
| आंद्रे रसेल का मिचेल बो देशपांडे | 10 | 10 | 2/0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 | 03 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर | 00 | 03 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्षणा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन रविंद्र 1-0-4-0

### चेन्नई 141/3 (17.4 ओवर, अतिरिक्त : 05)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का चक्रवर्ती बो अरोड़ा | 15 | 08 | 3/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 67 | 58 | 9/0 |
| डेरिल मिचेल बो नारायण | 25 | 19 | 1/1 |
| शिवम दुबे बो अरोड़ा | 28 | 18 | 1/3 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 | 03 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-29-0, अरोड़ा 4-0-28-2, अनुकूल 1.4-0-18-0, नारायण 4-0-30-1, चक्रवर्ती 4-0-26-0, रसेल 1-0-8-0

## खेल डायरी

### भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब

**सेन एंटोनियो (अमेरिका)।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे थे।

### गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा।

### अमेरिका ने पहले टी-20 में कनाडा को हराया

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए। अमेरिका ने 133 रनों के लक्ष्य को 17.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अमेरिका के स्टीवन टेलर ने 22 रन बनाये। कप्तान मोनांक पटेल ने 34 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा एंड्रीस गौस ने भी 35 गेंद पर पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाये। एरोन जोन्स तीन रन बनाकर आउट हुये।

### भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच का निधन

**लंदन।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच एवं इंग्लैंड के टॉटनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन हो गया है। आयरलैंड के किन्नेयर भारत, नेपाल, विंबलडन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों के कोच रहे थे। किन्नेयर के परिजनों ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया, "हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि किन्नेयर का आज दोपहर परिवार के बीच निधन हो गया।" वह डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने आयरलैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। टॉटनहम फुटबॉल क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पूर्व खिलाड़ी जो किन्नेयर के निधन का सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है।

### सुमित ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी।

# किक बॉक्सिंग एसोसिएशन को मिली मान्यता

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** पंच और किक के समन्वय के साथ फुल कांटैक्ट फाइट के तौर पर प्रसिद्ध मार्शल आर्ट किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की लखनऊ में हुई वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मौजूद उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का मान्यता पत्र प्रदान किया।



किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मान्यता के प्रपत्र सौंपते उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव।

इस बैठक में अरविंद शेरवालिया को महासचिव और सुशील कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों में उपाध्यक्ष पद पर डा. संदीप चौधरी, मुख्य सलाहकार सतीश कुमार, सहसचिव अभिषेक मौर्या व निलेश यादव चुने गए। इसके अलावा एडमिन सेक्रेटरी आदित्य मकोरवाल व तातामी हेड सोनू सैनी बनाए गए। लखनऊ से आकाश मौर्य, बनारस से संतोष राइ, कानपुर से शहबे आलम, गाजीपुर से अब्दुल सलाम, रामपुर से प्रेम सिंह, अलीगढ़ से कुलदीप कुमार सहित अन्य जिलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय बताया कि किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश वर्तमान में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त संघ है, जिसे भारत सरकार के खेल मंत्रालय से इस खेल के शासी निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। इसके साथ ही वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन को वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन (वाको) से भी मान्यता प्राप्त है और वाको अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से भी मान्यता मिली है।

# दिल्ली की टीम में हैरी ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड विलियम्स

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अपनी दादी के निधन के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है।



विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज विलियम्स ने 83 टी-20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी-20 मैच खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम हिस्सा थे और उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी खेला था। उन्होंने एसए20 में जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए 15 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

## बॉलीवुड हलचल

# अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन पर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का टीजर जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ''पुष्पा 2 : द रूल'' फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन के अवसर पर बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीजर जारी किया। 'पुष्पा 2 : द रूल' का निर्देशन सुकुमार ने किया है। यह 'पुष्पा 1 : द राइज' का सीक्वल है जिसमें अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था और मलयालम स्टार फहद फासिल एक पुलिस निरीक्षक भंवर सिंह शेखावत की भूमिका में थे। प्रोडक्शन बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज पर टीज़र साझा किया। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आएंगी। एक्स पर पोस्ट में कहा गया है, ''इसके आगमन का जश्न मनाएं। पुष्पा : 2 का टीजर रिलीज है। अभिनेता अल्लू अर्जुन को 42वें जन्मदिन की शुभकामनाएं।' अल्लू अर्जुन ने आधी रात को उनके हैदराबाद में स्थित घर के बाहर आए प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पुष्पा : 2 के टीजर की तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'मैं जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। मेरा हृदय आभार से भरा है। कृपया मेरे धन्यवाद को इस टीजर के साथ स्वीकार करें।'



# 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' में दिखेंगे अनन्या- आदित्य

**मुंबई, एजेंसी।** अमेजन फैशन के नए कैम्पेन ''फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल'' में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर दिखायी देंगे। अमेजन फैशन ने अपने नए कैम्पेन, "फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल" को लांच करने की घोषणा की है। अमेजन के इस नए कैम्पेन में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ दिखाई देंगे। प्रज्ञा शर्मा, डायरेक्टर-कंज्यूमर मार्केटिंग, अमेजन इंडिया ने कहा, हम अपना नया कैम्पेन, ''फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल'' पेश करते हुए बहुत ही उत्साहित हैं। इस कैम्पेन का उद्देश्य अमेजन फैशन को फैशन के शौकीनों के लिए वन-स्टॉप ऑनलाइन डेस्टिनेशन बनाना है। कपड़ों, जूतों, घड़ियों, एक्सेसरीज़ आदि के विशाल संग्रह के साथ, अमेजन ग्राहकों को टॉप ब्रांडों के सुझावों जैसे ''वियर इट विथ'' जैसे फीचर्स के साथ अपने लुक को आसानी से संवारने में मदद करता है। आसान रिटर्न, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज डिलीवरी जैसे खास फीचर्स के साथ, हम फैशन शॉपिंग के अनुभव को लगातार बेहतरीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।'' आदित्य रॉय कपूर ने कहा, मैं जुनून की हद तक फैशन का शौकीन हूं, ऐसे में मैं हमेशा सुकून भरी स्टाइल की तलाश में रहा हूं। मैं अमेजन फैशन के नए कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेजन फैशन पर शॉपिंग करना बेहद आसान और सुविधाजनक है। यहां सन ग्लासेस, वॉचेज़, शूज़ के विशाल संग्रह के साथ हमेशा समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलती है। जिसके कारण शॉपिंग करते वक्त आपको अंदाजा नहीं लगाना पड़ता है। अमेजन की यह सुविधा मुझे अपनी वार्डरोब और भी स्टाइलिश बनाने में मदद करती है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे ऐसी स्टाइलिंग पसंद है, जिससे मुझे सुकून मिले, और साथ ही मैं आत्मविश्वास भी महसूस हो।



# हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं रणबीर कपूर

**मुंबई, एजेंसी।** रॉकस्टार, एनिमल जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले कपूर खानदान के चश्मोचिराग बॉलीवुड के स्टार रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। वह बॉलीवुड की फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहते हैं। रणबीर का कहना है कि बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्में करने के बजाये भारतीय सिनेमा में योगदान देना चाहते हैं। रणबीर कपूर ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं बॉलीवुड में अपना नाम बनाने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यदि आप सच में दुनिया भर में नाम कमाना चाहते हैं, तो आपको इसे अपने कल्चर और कैरेक्टर के साथ करना चाहिए।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# दक्षिण कोरिया ने दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह किया प्रक्षेपित



**सोल।** दक्षिण कोरिया ने अपना दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह स्पेसएक्स फॉल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्पेसएक्स के एक लाइव फुटेज में दिखाया गया है कि दक्षिण कोरिया के स्वदेशी सैन्य जासूसी उपग्रह सहित 11 उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8:16 बजे रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रक्षेपण के लगभग 45 मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया। दक्षिण कोरिया ने 2025 तक पांच सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है, जिसमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर से लैस दूसरा उपग्रह भी शामिल है। इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर से लैस पहला उपग्रह पिछले साल दिसंबर में प्रक्षेपित किया गया था।

**45** मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में कर दिया गया स्थापित

**11** उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 8:16 बजे हुआ रवाना

## सेना को 'संयुक्त संस्कृति' विकसित करने की जरूरत : सीडीएस जनरल

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को सशस्त्र बलों द्वारा एक 'संयुक्त कार्य संस्कृति' विकसित करने का आह्वान किया ताकि देश की समग्र युद्ध क्षमता को बढ़ाने वाली संरचनाएं बनाकर प्रत्येक सेना की क्षमताओं को एकीकृत किया जा सके।

जनरल चौहान तीनों सेनाओं के सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन' को संबोधित कर रहे थे। इसमें तीनों सेनाओं- थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच 'संयुक्तता और एकीकरण' को आगे बढ़ाने के लिए नए विचारों, पहल और सुधारों पर मंथन किया गया। सीडीएस जनरल चौहान ने भारत की सेनाओं को भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार करने के मद्देनजर पारंपरिक सैन्य अवधारणाओं को नया दृष्टिकोण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। अपनी तरह के इस पहले सम्मेलन में मुख्य रूप से थिएटर कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव करना है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने प्रत्येक सेना की विशिष्टता का सम्मान करते हुए सशस्त्र बलों के लिए एक संयुक्त संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और 'चिंतन' की शुरुआत की।

### नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए भारत निभाएगा सलाहकार की भूमिका

## मौसम की बेहतर समझ को दूसरों की मदद करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें।

आईएमडी के महानिदेशक महापात्र ने कहा कि भारत मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के प्रभाव से बचाव के प्रयासों में नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए बड़ा भाई और एक सलाहकार की भूमिका निभाएगा। भारत के प्रयास संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में घोषित 'सभी के लिए समय-पूर्व चेतावनी' का हिस्सा हैं जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2027 के अंत तक पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया सके। महापात्र ने कहा कि भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की पहल के प्रथम चरण के तहत दुनिया भर में चिह्नित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद कर रहा है। आपदाओं के कारण लोगों की मौत हो रही है और संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत है।

### जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्थाओं को हो रहा है नुकसान

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आईएमडी पूर्वानुमान और चेतावनी से जुड़ी जानकारी मुहैया करेगा और संबंधित देशों के संचार मंत्रालयों को डेटा आदान प्रदान और चेतावनी की सूचना देने के लिए एक प्रणाली विकसित करने में मदद के वास्ते इसमें शामिल किया गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की दिसंबर में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, 101 देशों (52 प्रतिशत) के पास अब पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। डब्ल्यूएमओ के आंकड़ों से पता चलता है कि 1970 से 2019 के बीच मौसम और जलवायु से संबंधित आपदाओं की संख्या पांच गुना तक बढ़ गई है। पानी से संबंधित आपदाएं विश्व स्तर पर सबसे आम हो गई हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों ने लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया।

## एक नजर

### पाकिस्तान की सीनेट के सभापति का चुनाव आज, 85 सीनेटर लेंगे शपथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने सीनेट के सभापति और उपसभापति के चुनाव के लिए नौ अप्रैल को संसद के उच्च सदन का सत्र बुलाया है। सीनेट के शीर्ष पदों का चुनाव जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध के बावजूद कराया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन की ओर से रविवार रात की गई घोषणा के मुताबिक, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सीनेट की बैठक मंगलवार को सुबह नौ बजे बुलाई है। सीनेट की रिक्त सीट पर उपचुनाव में जीते सदस्य शपथ लेंगे। पाकिस्तान की 96 सदस्य सीनेट के 85 सीनेटर शपथ लेंगे, क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा की 11 सीट के लिए चुनाव को टाल दिया है।

### पाकिस्तानः बलूचिस्तान प्रांत के बाजार में धमाका, दो लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में रविवार रात हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना रात करीब 9:40 बजे की है जब प्रांत के खुजदार जिले में एक मोटरसाइकिल में लगाए गए तात्कालिक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट हो गया। सूत्रों ने कहा, जिले में नियमित गश्त पर निकला एक पुलिस वाहन स्पष्ट रूप से निशाने पर था, जो कुछ सेकंड से चूक गया और विस्फोट होने पर वह उस क्षेत्र को पार कर पाया था। हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना स्थल के पास ईद-उल-फितर के त्योहार के लिए खरीदारी कर रहे नागरिक हमले में मारे गए और घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सीरिया में उपद्रवियों के बीच संघर्ष, 20 की मौत, एक दिन पहले हुआ था धमाका

**दमिश्क।** सीरिया के दारा प्रांत में स्थानीय उपद्रवियों के बीच रविवार को हुए हिंसक संघर्ष में 20 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया और एफएम रेडियो ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि दारा प्रांत के सनमायन शहर में एक दिन पहले हुए घातक विस्फोट में करीब सात बच्चे मारे गए थे। माना जा रहा है कि कल के हिंसक संघर्ष को इसी घटना को लेकर बदले की कार्रवाई है। गौरतलब है कि सीरियाई सेना ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में विद्रोही बलों को भगाने के बाद 2018 में दारा पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। इस क्षेत्र में छिटपुट सुरक्षा घटनाएं और हमले जारी हैं।

### रूस में 10,400 से अधिक घरों में भरा बाढ़ का पानी, 6,100 से अधिक लोग बेघर

**मास्को।** रूस के पश्चिमी साइबेरिया के वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक में बाढ़ में 10,400 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। रूसी मंत्रालय के आपातकालीन स्थिति विभाग ने सोमवार को बताया कि ऑरेनबर्ग क्षेत्र के 6,100 से अधिक लोग बेघर हो गये हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा, 33 हजार लोगों के लिए कुल 33 अस्थायी आवास केंद्र तैनात किए गए हैं। ऑरेनबर्ग क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि 10 अप्रैल तक बाढ़ का स्तर बढ़ सकता है और यह स्तर 25 अप्रैल से पहले सामान्य होने की उम्मीद है।

### गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया इनकार

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गर्भपात के मुद्दे पर उनके रुख को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बीच सोमवार को जारी एक वीडियो में गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से इनकार करते हुए कहा कि इसका निर्णय राज्यों पर छोड़ा जाना चाहिए। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' वेबसाइट पर पोस्ट वीडियो में कहा कि हर कोई कानूनी दृष्टिकोण से गर्भपात चाहता है, राज्य वोट या कानून या संभवत: दोनों के जरिए इसका पता लगाएंगे। वीडियो में यह नहीं बताया कि वह कितने सप्ताह की गर्भावस्था में गर्भपात पर रोक लगाने के पक्ष में हैं। उन्होंने गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से इनकार किया।

# अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने निकाली रैलियां

## ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसए ने 'मोदी का परिवार मार्च' किया आयोजित

वाशिंगटन, एजेंसी


अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को मोदी का परिवार मार्च रैलियों का आयोजन किया गया था। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे। सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 शहरों में मार्च आयोजित किए गए। सैन फ्रांसिस्को से सचिन्द्र नाथ ने कहा कि मार्च ने मोदी के नेतृत्व के प्रति गहरे सम्मान और एकजुटता और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अबकी बार 400 पार की सामूहिक आकांक्षा को प्रदर्शित किया। कहा गया है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी मोदी और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए।



अमेरिका में व्हाइट हाउस के सामने भारत में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में रैली निकालते ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी के सदस्य और समर्थक। ● एजेंसी




# पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने वाले को 80 कोड़े की सजा

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में कराची की एक अदालत ने एक शख्स को अपनी पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने और अपने बच्चों को अस्वीकार करने के मामले में 80 कोड़े मारे जाने की दुर्लभ सजा सुनाई है। पाकिस्तान में आम तौर पर इस तरह की सजा नहीं दी जाती है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मालिर शेहनाज बोह्यो ने आरोपी फरीद कादिर को कम से कम 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई।

विवादास्पद निर्णय कज्फ अपराध (हद का प्रवर्तन) अध्यादेश, 1979 की धारा 7(1) के तहत लिया गया है, जिसमें जो कोई भी कज्फ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। न्यायाधीश ने अपने फैसले में लिखा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि आरोपी झूठा है और उसने शिकायतकर्ता पर उसकी बेटी के नाजायज होने के संबंध में कज्फ का आरोप लगाया था। इस कारण उसे दोषी ठहराया जाता है और कज्फ अध्यादेश 1979 की धारा 7 (01) के तहत 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई जाती है। न्यायाधीश के फैसले में यह भी कहा गया कि आरोपी को केवल कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है, वह जमानत पर इस शर्त पर रहेगा कि वह कोड़े मारने की सजा दिए जाने के संबंध में इस अदालत द्वारा निर्दिष्ट समय और स्थान पर उपस्थित होने तथा एक लाख रुपये की जमानती बौंड जमा कराने के लिए सहमत हो।

**70** के दशक में जिया उल हक के समय मिलती थी ऐसी सजा

### क्या था पूरा मामला

फरीद कादिर (दोषी) की पूर्व पत्नी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी शादी फरवरी 2015 में हुई थी और वह कम से कम एक महीने तक फरीद के साथ रही थी। दिसंबर 2015 में फरीद की पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया। फरीद की पूर्व पत्नी ने कहा, मेरे पति गुजारा देने या यहां तक कि मुझे और हमारी नवजात बेटी को अपने घर वापस ले जाने तक नहीं आए। मैंने पारिवारिक अदालत में मामला दायर किया और आदेश मेरे पक्ष में आया। अदालत ने फरीद को बेटी और मेरे भरण-पोषण का इंतजाम करने का निर्देश दिया लेकिन मेरे पति ने अदालती कार्यवाही के दौरान अदालत में दो आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें बच्ची के लिए डीएनए परीक्षण और अपनी बेटी को अस्वीकार करने की मांग की गई। बाद में इन आवेदनों को फरीद ने वापस ले लिया। दूसरी ओर, आरोपी फरीद ने अपनी पूर्व पत्नी की ओर से लगाए गए आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने उसके साथ केवल छह घंटे बिताए थे। फरीद ने कहा कि मैं और मेरी पत्नी केवल छह घंटे साथ रहे। फिर वह घर चली गई और फिर कभी नहीं लौटी।

## सेना को हमेशा ही रहना होगा तैयार : जनरल मनोज पांडे



वेलिंगटन डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में भारतीय सशस्त्र बलों और अन्य देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित करते थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सशस्त्र बल से 'ब्लैक स्वान' घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहने का सोमवार को आह्वान किया और असमान्य घटना से आश्चर्यचकित नहीं होने को कहा। 'ब्लैक स्वान' घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करने वाली ऐसी घटनाएं हैं, जिनके बारे में सामान्य परिस्थितियों में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है।

जनरल पांडे ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित किया। वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन में, जनरल पांडे ने प्रौद्योगिकी के शस्त्रीकरण, विशेष रूप से सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखला तक विभिन्न क्षेत्रों में इसके विस्तार को रेखांकित किया। जनरल पांडे ने खतरों का प्रभावी ढंग से आकलन करने, रणनीतियों को स्पष्ट करने, क्षमताओं की पहचान करने, नीतियां बनाने, तैयारी करने के लिए सेना के तीनों अंगों के बीच आपसी तालमेल के महत्व पर जोर दिया।

## ब्राजील के न्यायाधीश ने एलन मस्क के खिलाफ शुरू की जांच

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के शीर्ष न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क के खिलाफ कुछ खातों को ब्लॉक करने के अदालत के आदेश को चुनौती देने तथा न्याय में बाधा डालने और कई पूर्व खातों पर असंवैधानिक प्रतिबंध हटाने की घोषणा के बाद जांच शुरू कर दी है। अदालती दस्तावेज के हवाले से कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ब्राजीलियाई शीर्ष न्यायालय के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने रविवार को अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स से जुड़े न्याय में बाधा डालने के लिए मस्क के खिलाफ जांच शुरू की। मस्क ने पिछले साल आठ जनवरी के दंगों के अपराधियों से संबंधित कुछ खातों को ब्लॉक करने के न्यायाधीश मोरेस के फैसले को चुनौती दी। इन दंगों में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के दूर-दक्षिणपंथी हजारों समर्थकों ने देश की कांग्रेस, शीर्ष न्यायालय और राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया था। इससे पहले रविवार को मस्क ने पोस्ट किया था कि एक्स प्रतिबंध हटा देगा, क्योंकि वे असंवैधानिक थे।



## परमाणु संयंत्र पर ड्रोन हमला, टला खतरा



रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया के परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर ड्रोन से किया गया हमला। ● एजेंसी

कीव, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी ने रविवार को कहा कि रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के छह परमाणु रिएक्टर में से एक पर किए गए ड्रोन हमले के कारण बड़ी परमाणु दुर्घटना होने का खतरा काफी बढ़ गया है।

ग्रोसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बात की पुष्टि की कि जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की मुख्य रिएक्टर नियंत्रण संरचनाओं पर कम से कम तीन प्रत्यक्ष हमले हुए। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (एआईईए) ने एक अलग बयान जारी कर एक रिएक्टर समेत संयंत्र पर ड्रोन हमलों का असर होने की पुष्टि की। एआईईए ने कहा कि इकाई छह में हुई क्षति के कारण परमाणु सुरक्षा को खतरा पैदा नहीं हुआ, लेकिन यह एक गंभीर घटना है जिससे रिएक्टर की रोकथाम प्रणाली के कमजोर होने की आशंका है।

### यूक्रेन ने रूस के दावे को नकारा

**कीव।** यूक्रेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रूस के उन आरोपों का खंडन किया है जिसमें यह कहा गया है कि उनके देश की सेना ने यूरोप के इस सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर विस्फोटक ड्रोन से हमला किया है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इस हमले के तुरंत बाद रूस ने दक्षिण यूक्रेन में स्थित इस परमाणु संयंत्र पर कब्जा कर लिया था और उसका संचालन अपने हाथ में ले लिया था। रूस ने रविवार को दावा किया था कि दक्षिण यूक्रेन में स्थित एवं दो साल से उसके नियंत्रण में संचालित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर यूक्रेन की सेना ने ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन की सेना की खुफिया एजेंसी के प्रवक्ता एंद्री युसोव ने दावा किया कि हमले के कोई संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस की सेना नियमित आधार पर जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमले की फर्जी खबर प्रसारित करती रहती है।

# पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने उमड़ी भीड़

मेस्क्वाइट (अमेरिका), एजेंसी

मेक्सिको से अमेरिका और कनाडा तक फैले एक संकरे गलियारे में लाखों दर्शक सोमवार को होने वाली खगोलीय घटना -पूर्ण सूर्य ग्रहण- का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, जबकि पूर्वानुमानकर्ताओं ने बादल छाए रहने की आशंका जाहिर की है।

वर्मोंट और मेन के साथ-साथ न्यू ब्रंसविक और न्यूफाउंडलैंड में ग्रहण के अंत में सबसे अच्छे मौसम की उम्मीद है। ऐसे में उत्तरी अमेरिका में, ग्रहण देखने वालों की अब तक की बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है। घनी आबादी वाले रास्ते, टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक अंधेरा छाए रहने की उम्मीद आकर्षण का बड़ा कारण है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी एलेक्सा मेन्स ने रविवार को क्लीवलैंड के ग्रेट लेक्स साइंस सेंटर में बताया, बादल छाए रहना पूर्वानुमान लगाने में सबसे कठिन चीजों में से एक है। कम से कम, बर्फबारी नहीं होगी।

डलास के बाहर एक ट्रेलर रिसॉर्ट में रह रहे गोथम (इंग्लैंड) के क्रिस लोमास ने कहा, यह सिर्फ अन्य लोगों के साथ अनुभव साझा करने के बारे में है।" बदली छाई रहेगी या धूप खिलेगी इस अनिश्चितता ने रोमांच को और बढ़ा दिया है। पूर्ण सूर्य ग्रहण करीब चार मिनट 28 सेकंड तक रहेगा। सात साल पहले अमेरिका के तटीय क्षेत्र में दिखे सूर्य ग्रहण के नजारे से इस बार यह लगभग दोगुना ज्यादा समय तक दिखेगा। अमेरिका में इस तरह का अगला सूर्यग्रहण इसके बाद करीब 21 साल बाद नजर आएगा।



मैक्सिको में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने के लिए दूरबीन लगाकर तैयारियां करते लोग।

## कर्नाटक-आंध्र सीमा पर भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

**कोलार (कर्नाटक)।** आठ अप्रैल (भाषा) कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर स्थित एक चौकी पर एक निजी कार से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को कोलार जिले में मुलबागल तालुक के नांगली थानाक्षेत्र में नांगली चौकी पर उसने जिलेटिन की 1200 छड़ें, सात बक्से डिटोनेटर तार एवं छह डिटोनेटर जब्त किए जिन्हें एक निजी कार में ले जाया जा रहा था। उसके अनुसार एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके फरार साथी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पता करने के लिए सभी कोणों की जांच की जा रही है कि कहीं यह सामान अवैध उत्खनन के लिए तो नहीं ले जाया जा रहा था।

### बदलता युग | वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा की जारी, पांच साल से चल रहा था काम

# 'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप

**25** मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा पर्याप्त संशोधन के बाद किया गया अनुमोदित



वैटिकन सिटी, एजेंसी

वैटिकन ने सोमवार को लिंग परिवर्तन सर्जरी और किराए की कोख (सरोगेसी) को मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन करने वाले गर्भपात एवं इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं।

सिद्धांत कार्यालय, वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा जारी की जिस पर पांच साल से काम चल रहा है। हाल के महीनों में पर्याप्त संशोधन के बाद, इसे 25 मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित किया गया, जिन्होंने इसके प्रकाशन का आदेश दिया। वैटिकन ने इसमें लिंग सिद्धांत या इस विचार को अस्वीकार किया कि किसी व्यक्ति का लिंग बदला जा सकता है। घोषणा में कहा गया है कि ईश्वर ने पुरुष और स्त्री को जैविक रूप से अलग-अलग प्राणियों के रूप में बनाया है तथा भगवान की इस योजना के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए या खुद को भगवान बनाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि लिंग परिवर्तन सर्जरी और सरोगेसी मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा हैं तथा ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन रकने वाले गर्भपात और इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं। यह दस्तावेज अमेरिका सहित कुछ देशों में ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ हो रही कुछ प्रतिक्रियाओं के समय आया है। अमेरिका में रिपब्लिकन नीत राज्य विधानसभाएं ट्रांसजेंडर युवाओं और कुछ मामलों में वयस्कों के लिए चिकित्सा देखभाल को प्रतिबंधित करने वाले विधेयकों पर विचार कर रही हैं।

### क्या होती है सरोगेसी

सरोगेसी में एक व्यक्ति किसी और के लिए बच्चे को पालने और जन्म देने के लिए सहमत होता है। बच्चे के जन्म के बाद, जन्म देने वाले माता-पिता इच्छित माता-पिता या माता-पिता को हिरासत और संरक्षकता देते हैं। सरोगेसी में जटिल कानूनी और चिकित्सीय चरण होते हैं जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। प्रक्रिया से अवगत होना, पेशेवर सलाह लेना और सहायक नेटवर्क बनाना महत्वपूर्ण है।